gradeup

मासिक जी.के. डाइजेस्ट

जुलाई 2020

www.gradeup.co

मंथली डाइजेस्ट
जुलाई-2020

प्रिय पाठकों,
यह मंथली डाइजेस्ट अपडेट "**जुलाई-2020**" में हुई महत्वपूर्ण समाचार और घटनाओं का एक संग्रह है। इस डाइजेस्ट आगामी **बैंकिंग, एसएससी, रेलवे परीक्षा** और **साक्षात्कार** के लिए महत्वपूर्ण है।

बैंकिंग एवं वित्तीय जागरुकता

1. फूडटेक कंपनी, स्विगी ने **ICICI बैंक** के साथ साझेदारी में अपना डिजिटल वॉलेट 'स्विगी मनी' लॉन्च किया।
   नोट: 'स्विगी मनी' नामक डिजिटल वॉलेट उपयोगकर्ताओं को सिंगल-क्लिक चेकआउट अनुभव प्रदान करेगा। इस साझेदारी के माध्यम से, स्विगी के ग्राहकों को इस प्लेटफॉर्म पर ऑर्डर के लिए धन संचय करके उपयोग करने की सुविधा मिलती है।
2. **विश्व बैंक** ने COVID-19 संकट के कारण भारत में गंभीर रूप से प्रभावित MSME को 750 मिलियन अमेरिकी डॉलर के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (MSME) आपातकालीन प्रतिक्रिया कार्यक्रम की मंजूरी दी।
   नोट: अंतर्राष्ट्रीय पुनर्निर्माण एवं विकास बैंक (IBRD) ऋण प्रदान करेगा। विश्व बैंक के MSME आपातकालीन प्रतिक्रिया कार्यक्रम से लगभग 1.5 मिलियन प्रयोज्य MSME की तात्कालिक चलनिधि और ऋण आवश्यकताओं को पूरा किया जाएगा।
3. **HDFC बैंक** ने भारत में किसानों के लिए 'ई-किसान धन' ऐप लॉन्च किया।
   नोट: इस एप्लिकेशन के साथ, किसान अपने मोबाइल फोन के माध्यम से अनेक बैंकिंग और कृषि सेवाओं तक पहुंच प्राप्त कर सकते हैं। यह उपयोगकर्ताओं को नई सरकारी योजनाओं और उन तक पहुंच के तरीकों के संबंध में जानकारी प्रदान करेगा।
4. फिच रेटिंग्स इंक ने अपने 'ग्लोबल इकोनॉमिक आउटलुक (GEO)' में वित्त वर्ष 2021-22 के लिए भारत के विकास पूर्वानुमान घटाकर **8 प्रतिशत** कर दिया है।
   नोट: हालांकि, फिच ने चालू वित्त वर्ष (वित्त वर्ष 2020-21) के दौरान अर्थव्यवस्था में 5% की कमी के अपने पिछले अनुमान में कोई बदलाव नहीं किया है। फिच ने वर्ष 2021 में वैश्विक अर्थव्यवस्था में 4.9% की वृद्धि की भविष्यवाणी की है और वर्ष 2022 में यह 3.4% होने का अनुमान है।
5. भारतीय टेलीकॉम कंपनी **जियो** ने जूम, गूगल मीट और माइक्रोसॉफ्ट टीम्स से मुकाबले के लिए नि:शुल्क असीमित कॉल के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग प्लेटफॉर्म लॉन्च किया है।
   नोट: इसके अतिरिक्त, जियोमीट कॉल अवधि पर छोटी समय सीमा नहीं लगाता है, फ्री कॉल "24 घंटे तक" निर्बाध चल सकती है। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग प्लेटफॉर्म को एंड्रॉइड और iOS फोन के अलावा डेस्कटॉप पर काम करने वाले उपयोगकर्ताओं के लिए गूगल क्रोम और मोज़िला फायरफॉक्स द्वारा भी प्रयोग किया जा सकता है। यह बिल्कुल मुफ्त है।
6. **SBICAP** ने विशेष चलनिधि योजना (SLS) ट्रस्ट के रूप में एक विशेष प्रयोजनीय साधन (SPV) स्थापित करेगी जिसके माध्यम से NBFC और HFC के लिए विशेष चलनिधि योजना संचालित की जाएगी।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

नोट: SPV पात्र NBFC/HFC से अल्पकालिक प्रपत्र खरीदेगा, जो इस योजना के तहत आमदनी का उपयोग केवल मौजूदा देनदारियों के शमन के उद्देश्य से करेगा। अधिकतम तीन महीने की अवशिष्ट परिपक्वता अवधि के साथ प्रपत्र CP और NCD होंगे और निवेश स्तर के रूप में मूल्यांकन किया जाएगा।

7. **ICICI बैंक** ने कंप्यूटर एज मैनेजमेंट सर्विसेज (CAMS) के साथ साझेदारी में एक सुविधा 'इंस्टा लोन अगेन्स्ट म्यूचुअल फंड्स' लॉन्च की है।
नोट: यह सुविधा खुदरा ग्राहकों को ऋण और इक्विटी म्यूचुअल फंड (MF) दोनों में अपनी हिस्सेदारी गिरवी रखकर 1 करोड़ रुपये तक का ऋण लेने में सक्षम बनाती है। यह पूर्ण रूप से डिजिटल और कागज रहित सुविधा है। यह ग्राहकों को बिना शाखा जाए और भौतिक रूप से दस्तावेजों को प्रस्तुत किए कुछ ही मिनटों में ओवरड्राफ्ट (OD) के रूप में यह ऋण प्राप्त करने में सक्षम बनाती है।
8. अमेरिकी बहुराष्ट्रीय निजी इक्विटी कंपनी कार्लाइल ग्रुप ने भारतीय दूरसंचार कंपनी **एयरटेल** में लगभग 25% हिस्सेदारी हासिल करने का फैसला किया है।
नोट: एयरटेल कारोबार में शेष 75% हिस्सेदारी अपने पास रखेगी। Nxtra देश भर में अपने बुनियादी ढांचे को बढ़ाने के लिए हिस्सेदारी बिक्री से प्राप्त आमदनी का उपयोग करेगा। यह सौदा कंपनी के पोस्ट-मनी एंटरप्राइज वैल्यूएशन को 1.2 बिलियन डॉलर पर लाएगा, जो 9,084 करोड़ रुपये से अधिक है।
9. संयुक्त राज्य स्थित इंटेल कॉर्पोरेशन की निवेश शाखा इंटेल कैपिटल भारतीय दूरसंचार कंपनी **जियो** में 1,894.50 करोड़ रुपये का निवेश करेगी।
नोट: 1894.50 करोड़ रुपये का निवेश जियो प्लेटफॉर्म में इंटेल कैपिटल हेतु इक्विटी हिस्सेदारी का 0.39 प्रतिशत होगा। 22 अप्रैल 2020 के बाद से 11 सप्ताह में, यह जियो प्लेटफार्मों में 12वां विदेशी निवेश था। जियो प्लेटफार्मों में 12 निवेश की कुल धनराशि 1,17,588.45 करोड़ रुपये है। इस निवेश से विदेशी निवेशकों की जियो प्लेटफार्मों में कुल हिस्सेदारी 25.09 प्रतिशत हो गई है।
10. **HDFC बैंक** ने 1,000 शहरों में "ज़िपड्राइव" नामक पहल के माध्यम से मौजूदा ग्राहकों को तत्काल कार ऋण सुविधा पेश की है।
नोट: यह समाधान ग्राहक को नेट बैंकिंग के माध्यम से या बैंक की फोन बैंकिंग टीम की सहायता के माध्यम से ऑटो ऋण लेने के लिए पूर्व-स्वीकृत ऋण की पेशकश करता है। यह एक प्रौद्योगिकी-सक्षम ऋण उत्पाद है जहां क्रेडिट मूल्यांकन बैंकिंग सॉफ्टवेयर द्वारा किया जाता है।
11. केयर रेटिंग्स ने वित्त वर्ष 2020-21 में भारतीय अर्थव्यवस्था के **6.4 प्रतिशत** संकुचित होने का अनुमान लगाया है।
नोट: COVID-19 महामारी के चलते लॉकडाउन के कारण आर्थिक गतिविधियों में जारी प्रतिबंधों का हवाला देते हुए भारतीय अर्थव्यवस्था की GDP विकास दर कम कर दी गई है। यह भी उम्मीद जताई गई है कि धनात्मक वृद्धि केवल कृषि और सरकारी क्षेत्र से आएगी।
12. **SBM बैंक** ने अपने ग्राहकों को रियल-टाइम घरेलू और सीमा-पार भुगतान (बिजनेस टू कंज्यूमर- B2C) सक्षम बनाने और 'मास्टरकार्ड सेंड' के माध्यम से जल्दी और कुशलतापूर्वक धनराशि भेजने के लिए मास्टरकार्ड के साथ साझेदारी की है।
नोट: यह साझेदारी बैंक के ग्राहकों को त्वरित, सुविधाजनक और सुरक्षित भुगतान अनुभव की सुविधा प्रदान करती है। 'मास्टरकार्ड सेंड' एक सुरक्षित और उन्नत समाधान है। इसने ग्राहकों के लिए मास्टरकार्ड भुगतान प्रवाह और भुगतान अनुभव में विविधता लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।
13. **यस बैंक** ने खुदरा ऋणों की तत्काल अदायगी के लिए एक डिजिटल समाधान, 'लोन इन सेकंड्स' शुरू किया।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

नोट: एल्गोरिथ्म वास्तविक समय में ऋण आवेदन का मूल्यांकन करता है और दस्तावेजों की आवश्यकता को समाप्त करता है। इस समाधान का उद्देश्य ग्राहकों को उनकी तत्काल वित्तीय जरूरतें पूरी करने में मदद करने के लिए परेशानी मुक्त ऋण प्रदान करना है।

14. **SAP इंडिया** ने भारतीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (MSME) को डिजिटल प्रौद्योगिकियों से लैस करके विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए ग्लोबल भारत कार्यक्रम शुरू किया है।

    नोट: NASSCOM फाउंडेशन के साथ साझेदारी में जर्मनी स्थित एंटरप्राइज टेक्नोलॉजी कंपनी की एक सहायक कंपनी ने यूनाइटेड नेशंस डेवलपमेंट प्रोग्राम (UNDP) और प्रथम इन्फोटेक फाउंडेशन के साथ मिलकर ग्लोबल भारत कार्यक्रम शुरू किया है। यह सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (MSME) को वैश्विक बाजार, श्रमिकों के लिए डिजिटल कौशल और बदलती व्यावसायिक प्रक्रियाओं तक पहुच प्रदान करेगा।

15. **एशियाई विकास बैंक** ने पेरिस स्थित नेटवर्क फॉर ग्रीनिंग द फाइनेंशियल सिस्टम (NGFS) में एक पर्यवेक्षक के रूप में शामिल हुआ है।

    नोट: NGFS एक वैश्विक मंच है जो जलवायु परिवर्तन से जुड़े वित्तीय जोखिमों और अवसरों को समझने और उनके प्रबंधन के लिए प्रतिबद्ध केंद्रीय बैंकों और पर्यवेक्षकों को एक साथ लाता है। ADB अब NGFS पर्यवेक्षकों के रूप में विश्व बैंक (WB), अंतर्राष्ट्रीय वित्त निगम (IFC), अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF), और आर्थिक सहयोग और विकास संगठन (OECD) की श्रेणी में शामिल हो गया है।

16. **कोटक महिंद्रा बैंक** ने इनोविटी प्वाइंट ऑफ सेल (POS) टर्मिनलों पर स्वाइप किए गए बैंक के डेबिट कार्ड्स पर EMI बिलिंग विकल्प प्रदान करने के लिए इनोविटी पेमेंट सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड के साथ करार किया है।

    नोट: भारत में 2 मिलियन से कम आबादी वाले 350 छोटे शहरों और कस्बों में आधे से अधिक इनोविटी POS टर्मिनल स्थापित किए गए हैं। इससे उपभोक्ताओं को विशेष रूप से टियर 2 और 3 शहरों में अपने कोटक डेबिट कार्ड के माध्यम से आसानी से ऋण प्राप्त करने में मदद मिलेगी।

17. वित्त वर्ष 2020 में RBI के आंकड़ों के अनुसार भारत का बाह्य ऋण **2.8%** बढ़ गया।

    नोट: मार्च 2020 में भारत का बाह्य ऋण 558.5 बिलियन डॉलर था, जो मार्च 2019 की तुलना में 15.4 बिलियन डॉलर या 2.8% अधिक था। बाहरी ऋण का सबसे बड़ा घटक 39.4% की हिस्सेदारी के साथ वाणिज्यिक उधार है, इसके बाद प्रवासी जमा 23.4% और अल्पकालिक व्यापार ऋण 18.2% है।

18. **फिनो पेमेंट बैंक** ने 10-18 वर्ष के अवस्यकों के लिए 'भविष्य' बचत खाता की शुरुआत की है।

    नोट: भविष्य बचत खाता केवल इलेक्ट्रॉनिक-नो योर कस्टमर (e-KYC) मोड के माध्यम से खोला जा सकता है। खाता खोलने पर मुफ्त प्लेटिनम रुपे डेबिट कार्ड मिलता है और खाते में किसी प्रकार की न्यूनतम मासिक औसत शेष राशि बनाए रखने की आवश्यकता नहीं है। खाते के लिए वार्षिक सदस्यता शुल्क 49 रुपये है।

19. **करूर वैश्या बैंक** ने एश्योरेंस के लिए स्टार हेल्थ एंड एलाइड इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के साथ करार किया है।

    नोट: संधि के अनुसार, KVB अपनी 780 शाखाओं के माध्यम से स्टार हेल्थ की व्यापक स्वास्थ्य बीमा उत्पादों का विपणन करेगा। इसके अलावा, सभी बैंक ग्राहक स्टार वेलनेस जैसी मूल्यवर्धित सेवाएं प्राप्त करेंगे और टॉल्क टू स्टार का उपयोग करके टेलीहेल्थ परामर्श प्राप्त करने में सक्षम होंगे।

20. **ड्यूश बैंक** ने गूगल क्लाउड के साथ रणनीतिक बहु-वर्षीय साझेदारी की है।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

नोट: साझेदारी इस बात को पुनर्परिभाषित करने पर केंद्रित है कि कैसे बैंक विकास करते हैं और अपनी वित्तीय सेवाएं प्रदान करते हैं। साझेदारी ग्राहकों के लिए अगली पीढ़ी के प्रौद्योगिकी-आधारित वित्तीय उत्पादों का उत्पादन करने के लिए दोनों कंपनियों के बीच सह-नवाचार को सक्षम करती है और ड्यूश बैंक को अत्याधुनिक क्लाउड सेवाएं प्रदान करती है।

21. **लिबर्टी जनरल इंश्योरेंस** का नाम बताइए जिसने ऐसी सेवा शुरू की है जिसमें ऑटो बीमा ग्राहकों को प्रत्येक क्लेम के लिए 'अनिवार्य कटौती' मूल्य का भुगतान करने की आवश्यकता नहीं होती है।

नोट: यह सेवा भारतीय बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण (IRDAI) से प्राप्त रेगुलेटरी सैंडबॉक्स अनुमोदन के तहत अपनी मौजूदा प्राइवेट कार पैकेज पॉलिसी का एक हिस्सा है। लिबर्टी एश्योर का एक अतिरिक्त लाभ होगा जिसमें ग्राहकों के लिए 'सेवा वारंटी' शामिल है, जो दुर्घटनाग्रस्त वाहन की मरम्मत से उत्पन्न सभी दोषों को कवर करती है।

22. ओला ने अपने ग्राहकों के लिए डिजिटल भुगतान अनुभव को बेहतर करने हेतु भारतीय ई-कॉमर्स भुगतान प्रणाली **फोनपे** के साथ रणनीतिक साझेदारी की है।

नोट: यह साझेदारी ओला उपयोगकर्ताओं को भविष्य में यात्रा हेतु भुगतान करने के लिए अपने मौजूदा फोनपे खाते को अपने ओला खाते से लिंक करने में मदद करेगी। यह साझेदारी फोनपे को ओला प्लेटफॉर्म पर लाखों ग्राहकों को अपनी सेवाएं प्रदान करने में सक्षम बनाएगी।

23. **एशियाई अवसंरचना निवेश बैंक** ने भारत में नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं को निधि प्रदान करने के लिए एलएंडटी इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस लिमिटेड (LTIF) को पहली सहायता किश्त के रूप में 50 मिलियन अमेरिकी डॉलर प्रदान किए हैं।

नोट: प्रदान की गई राशि स्वीकृत 100 मिलियन अमेरिकी डॉलर बाह्य वाणिज्यिक उधार (ECB) ऋण का हिस्सा है। यह AIIB की ओर से भारत में किसी गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (NBFC) को पहला ऋण है। परियोजना का उद्देश्य निजी पूंजी को जुटाकर भारत में नवीकरणीय ऊर्जा की आपूर्ति को बढ़ाना है।

24. करूर वैश्या बैंक (KVB) ने बैंक एश्योरेंस के लिए **बजाज आलियांज लाइफ इंश्योरेंस** के साथ समझौता किया है।

नोट: समझौते के अनुसार, KVB अपनी 780 शाखाओं के माध्यम से बचत, सेवानिवृत्ति, निवेश, संरक्षण और गंभीर बीमारी जीवन बीमा उत्पादों सहित बजाज आलियांज के सभी खुदरा और समूह उत्पादों का विपणन करेगा। इस साझेदारी के माध्यम से, बजाज आलियांज KVB ग्राहकों के लिए तकनीकी सक्षम शोधन समाधान और व्यापक जीवन बीमा उत्पादों का लाभ उठाते हुए, दक्षिणी भारत में अपनी पैठ मजबूत करेगा।

25. भारतीय रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, भारतीय राज्य **तमिलनाडु** वित्त वर्ष 2020-21 (वित्तीय वर्ष 21) में बाजार उधार में शीर्ष पर है।

नोट: तमिलनाडु, जिसने बॉन्ड (राज्य विकास ऋण के रूप में जाना जाता है) के माध्यम से 17% उधार का लेखा प्रस्तुत किया है, के बाद महाराष्ट्र 25,500 करोड़ रुपये (14%), आंध्र प्रदेश 17,000 करोड़ रुपये (9%), राजस्थान 17,000 करोड़ रुपये (9%) है।

26. **एशियाई विकास बैंक** ने विकासशील सदस्य देशों में अग्रिम स्वच्छ ऊर्जा विकास को बढ़ावा देने के लिए पेरिस स्थित अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (IEA) के साथ वर्ष 2017 में हस्ताक्षरित तीन वर्षीय समझौता ज्ञापन को नवीकृत किया है।

नोट: ADB के तहत विकासशील सदस्य देशों में अग्रिम स्वच्छ ऊर्जा विकास को बढ़ावा देने के लिए ADB ने मार्च 2017 में अंतर्राष्ट्रीय संगठन- IEA के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। समझौता ज्ञापन का उद्देश्य ADB के तहत विकासशील अर्थव्यवस्थाओं में ऊर्जा के स्थायी रूपों के विकास को

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

अवरुद्ध करने वाले समीक्षात्मक अनुभव और ज्ञान अंतर पर विजय पाना था।

27. भारतीय बीमा विनियामक एवं विकास प्राधिकरण (IRDAI) के संशोधित मानदंडों के अनुसार आरोग्य संजीवनी पॉलिसी पर अधिकतम बीमा राशि **नहीं है।**

नोट: यह फैसला कोविड -19 महामारी के बीच देश में स्वास्थ्य सेवा की बढ़ती लागत को देखते हुए लिया गया है। आरोग्य संजीवनी, एक ऐसा उत्पाद है जिसके लिए सभी बीमाकर्ताओं को बीमा राशि पर 5 लाख रुपये की अधिकतम सीमा देना अनिवार्य है और इसके लिए न्यूनतम कवर 1 लाख रुपये का है।

28. 730 करोड़ रुपये के निवेश के साथ पिछले तीन महीनों में जियो प्लेटफार्मों में 12वां विदेशी निवेशक -- **क्वालकॉम वेंचर्स।**

नोट: 730 करोड़ रुपये का निवेश जियो प्लेटफार्मों में क्वालकॉम के लिए इक्विटी हिस्सेदारी का 0.15 प्रतिशत होगा। 22 अप्रैल 2020 के बाद से 12 सप्ताह में, यह 13वां विदेशी निवेश था, और 12वां विदेशी निवेशक था। 13 विदेशी निवेशों का कुल योग 1,18,318.45 करोड़ रुपये है जो कि जियो प्लेटफार्मों में किए गए हैं।

29. केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, **अमेरिका** देश वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान भारत के शीर्ष व्यापारिक भागीदार के रूप में बना हुआ है।

नोट: यह लगातार दूसरा वित्तीय वर्ष है कि संयुक्त राज्य अमेरिका भारत का शीर्ष व्यापारिक भागीदार बना हुआ है (वित्तीय वर्ष 2018-19 में संयुक्त राज्य अमेरिका पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना से आगे निकलकर भारत का शीर्ष व्यापार भागीदार बना), जो दोनों देशों के बीच लगातार बढ़ते आर्थिक संबंध को दर्शाता है।

30. उद्योग संस्था फिक्की के अनुसार वित्त वर्ष 2020-21 के लिए देश की वार्षिक औसत GDP वृद्धि **-4.5 प्रतिशत** होगी।

नोट: उद्योग संस्था फिक्की ने रविवार को कहा कि उसके आर्थिक आउटलुक सर्वेक्षण ने 2020-21 के लिए देश की वार्षिक औसत GDP वृद्धि (-) 4.5 प्रतिशत होने का अनुमान लगाया है। COVID-19 महामारी के तेजी से फैलने के साथ वैश्विक स्तर पर आर्थिक और स्वास्थ्य संबंधी संकट सामने आया, नवीनतम पूर्वानुमान ने जनवरी 2020 के सर्वेक्षण में रिपोर्ट किए गए 5.5 प्रतिशत के विकास पूर्वानुमान से तेजी से गिरावट के संकेत दिए हैं।

31. भुगतान प्रौद्योगिकी कंपनी वीज़ा ने बैंक के कार्डधारकों के लिए वीजा सिक्योर प्रारंभ करने हेतु **फेडरल बैंक** के साथ समझौता की है।

नोट: वीज़ा सिक्योर एक वैश्विक प्रमाणीकरण कार्यक्रम है जो EMV 3DS (3D सिक्योर) प्रोटोकॉल के नवीनतम मानकों का उपयोग करता है। ऑनलाइन धोखाधड़ी से निपटने के लिए जारीकर्ता और व्यापारियों को अतिरिक्त प्रमाणीकरण चरण प्रदान करने के अलावा, उन्नत तकनीक उपभोक्ताओं को त्वरित और प्रतिरोधहीन निकासी अनुभव प्रदान करती है। EMVCo 3DS 2.0 प्रोटोकॉल पर निर्मित वीज़ा सिक्योर ऑनलाइन खरीदारों की बढ़ती संख्या के लिए ग्राहक के प्रतिरोध को कम करते हुए ई-कॉमर्स को अधिक सुरक्षित बनाता है।

32. शीर्ष प्रौद्योगिकी कंपनी गूगल ने अर्थव्यवस्था को डिजिटल बनाने और इंडिया-फर्स्ट उत्पादों और सेवाओं के निर्माण पर ध्यान देने के साथ अगले पांच से सात वर्षों में भारत में **75,000 करोड़ रुपये** राशि का निवेश करने की घोषणा की है।

नोट: सबसे पहले, 75,000 करोड़ रुपये का निवेश भाषा के निरपेक्ष हर भारतीय के लिए सस्ती पहुंच और सूचना को सक्षम करने में मदद पर केंद्रित होगा।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

दूसरा, उत्पादों और सेवाओं द्वारा भारत की विशिष्ट आवश्यकताओं को पूर्ति होगी। भारी निवेश से स्थानीय व्यवसायों को डिजिटल परिवर्तन की ओर बढ़ने में मदद मिलेगी। इसके अलावा, यह स्वास्थ्य, शिक्षा आदि जैसे क्षेत्रों में आर्टिफिशियल इंटेग्लिसिन (AI) का उपयोग करने की दिशा में काम करेगा।

33. वित्तीय संस्थान **नाबार्ड** ने अपने 39वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में पहली 'डिजिटल चौपाल' का आयोजन किया।

नोट: "डिजिटल चौपाल" एक वीडियो कॉन्फ्रेंस शैली में आयोजित की गई जिसमें नाबार्ड द्वारा शुरू की गई विभिन्न परियोजनाओं के प्रतिभागियों ने भाग लिया और अपनी-अपनी परियोजनाओं के बारे में अनुभव साझा किए।

34. कोविड -19 हेतु अल्पकालिक मानक हेल्थ पॉलिसी अर्थात कोरोना कवच और कोरोना रक्षक के लिए अधिकतम प्रवेश आयु **65 वर्ष** होगी जिन्हें IRDAI द्वारा लॉन्च करना अनिवार्य बनाया गया था।

नोट: विशेष रूप से, दोनों उत्पादों के तहत प्रीमियम अखिल-भारतीय आधार होगा और भौगोलिक स्थान या क्षेत्र-आधारित मूल्य निर्धारण की कोई अनुमति नहीं होगी। दोनों पॉलिसी के लिए न्यूनतम प्रवेश आयु 18 वर्ष और अधिकतम आयु 65 वर्ष होगी।

35. नाबार्ड ने **कर्नाटक** राज्य में प्रोत्साहन, कौशल विकास और अभिलेखों के डिजिटलीकरण के लिए स्व-सहायता समूहों (SHG) को 2.51 करोड़ रुपये की अनुदान सहायता प्रदान की है।

नोट: यह वित्तपोषण नाबार्ड के माइक्रो क्रेडिट एंड इनोवेशन डिपार्टमेंट (mCID) की पहल ईशक्ति या SHG का डिजिटलीकरण का एक भाग है। यह परियोजना देश भर के 250 जिलों में लागू की जा रही है।

36. अल्फाबेट इंक की गूगल 33,737 करोड़ रुपए में रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (RIL) के जियो प्लेटफॉर्म में **7.73 प्रतिशत** हिस्सेदारी खरीदेगी।

नोट: इसके साथ, जियो प्लेटफॉर्म ने कुल 1,52,055.45 करोड़ रुपये जुटाए हैं। यह निवेश जियो प्लेटफ़ॉर्म के इक्विटी मूल्य को 4.36 लाख करोड़ रुपये करता है। इस सौदे के साथ, जियो प्लेटफार्मों में RIL की 67.03% हिस्सेदारी है, जबकि अन्य निवेशकों के पास 32.97% हिस्सेदारी है।

37. **इंडसइंड बैंक** ने ग्राहकों की अधिक सहभागिता के लिए एक एजाइल टेक्नोलॉजी प्लेटफॉर्म 'CRMNEXT' को अपनाया है।

नोट: CRMNEXT प्लेटफॉर्म इंडसइंड बैंक को एक बुद्धि-संचालित ग्राहक कार्यवाही केंद्र से सशक्त करेगा जो कई स्रोतों से प्राप्त ग्राहकों की पूरी जानकारी प्रदान करेगा, और इसे एकल स्क्रीन पर उपलब्ध कराएगा। यह प्लेटफॉर्म इंडसइंड बैंक के लगभग 2,000 शाखाओं, कॉल सेंटरों और बिक्री और सेवा संचालन के लिए प्रसंस्करण इकाइयों के विस्तृत नेटवर्क पर लागू किया जाएगा।

38. **अंडमान और निकोबार द्वीप समूह** में नाबार्ड ने ग्रामीण उद्यमिता के माध्यम से आत्मनिर्भर भारत को मजबूत करने हेतु 44 लाख रुपये की विकास परियोजनाएं शुरू की हैं।

नोट: विकास परियोजनाओं में स्व-सहायता समूहों (SHG) का गठन और विकास शामिल है। विकास परियोजना सूक्ष्म स्तर पर ग्रामीण उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए SHG सदस्यों के कौशल विकास में मदद करेगी। नाबार्ड 385 ग्राम स्तरीय कार्यक्रम आयोजित करेगा। यह 10 लाख रुपये से अधिक की धनराशि के साथ नवगठित SHG के अग्रणियों को प्रशिक्षण भी प्रदान करेगा।

39. घरेलू रेटिंग एजेंसी ICRA ने चालू वित्त वर्ष में देश के सकल घरेलू उत्पाद में कमी के अपने पहले के 5

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

प्रतिशत पूर्वानुमान को संशोधित कर **9.5 प्रतिशत** किया है।

नोट: अधिकांश विश्लेषकों ने देश की GDP को इस वित्त वर्ष में 5-6.5 प्रतिशत की सीमा में पूर्वानुमानित किया है। यह कहा गया है कि देश की अर्थव्यवस्था वित्त वर्ष 2021 की पहली तिमाही में 25 प्रतिशत संकुचित हो सकती है, और वित्त वर्ष 2021 की दूसरी तिमाही में 12.4 प्रतिशत और तीसरी तिमाही में 2.3 प्रतिशत और चौथी तिमाही में 1.3 प्रतिशत की वृद्धि के साथ अनुवर्ती तिमाहियों में बहाली की उम्मीद है।

40. यस बैंक ने फॉलो-ऑन पब्लिक ऑफर पेश किया है।

नोट: नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (NSE) के आंकड़ों से पता चलता है कि फॉलो-ऑन ऑफर ने कुल 909.98 करोड़ शेयरों के लिए 847.82 करोड़ बोलियां प्राप्त कीं, जिससे इनका कुल अंशदान 93.17 प्रतिशत हो गया। यस बैंक अगले दो वर्षों में अपनी पूंजी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए इस लाभ से प्राप्त आय का उपयोग करने की योजना बना रहा है।

41. फेडरल बैंक लिमिटेड का प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी **श्याम श्रीनिवासन को** नियुक्त किया गया है।

नोट: भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने श्याम श्रीनिवासन को फेडरल बैंक लिमिटेड के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी के रुप में पुन: नियुक्त करने की मंजूरी दे दी, यह नियुक्ति 23 सितंबर, 2020 से प्रभावी है। जून 2020 में, RBI ने प्रमोटर और नॉन-प्रमोटर समूहों से CEO और पूर्णकालिक निदेशकों (WTD) के कार्यकाल को क्रमशः 10 वर्ष और 15 वर्ष तक सीमित करने का प्रस्ताव रखा। RBI ने बैंकों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों और WTD की उच्च आयु सीमा को 70 वर्ष तक सीमित करने का भी प्रस्ताव रखा है।

42. आय स्तर 2020-21 द्वारा विश्व बैंक के नए देश वर्गीकरण में, भारत **निम्न मध्यम-आय अर्थव्यवस्था** वर्ग में बना हुआ है।

नोट: आय स्तर 2020-2021 द्वारा विश्व बैंक के नए देश वर्गीकरण के अनुसार, भारत निम्न-मध्यम-आय अर्थव्यवस्था के वर्ग में बना हुआ है। इस वर्गीकरण में कुल 218 देशों को शामिल किया गया है। विश्व बैंक देशों को चार आय समूहों में वर्गीकृत करता है: निम्न आय, निम्न-मध्यम आय, उच्च-मध्यम आय और उच्च-आय अर्थव्यवस्था।

43. भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने हवाई अड्डे के कारोबार में उभरते वैश्विक अवसरों का सहयोग और समर्थन करने के लिए **भारत इलेक्ट्रॉनिक लिमिटेड (BEL)** ने एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।

नोट: समझौता ज्ञापन से नागरिक उड्डयन उद्योग को बढ़ावा मिलने की संभावना है। यह समझौता ज्ञापन दोनों संगठनों की अपने विशेष क्षेत्र में क्षमताओं के तालमेल को बढ़ाएगा।

44. नाबार्ड ने ग्रामीण अवसंरचना विकास निधि (RIDF) के तहत चक्रवात अम्फान (मई) द्वारा क्षतिग्रस्त किए गए बुनियादी ढांचे के पुनर्निर्माण हेतु पश्चिम बंगाल को **795 करोड़ रुपये** की मंजूरी दी है।

नोट: राज्य सरकार ने ग्रामीण अवसंरचना विकास निधि (RIDF) के तहत नुकसान की मरम्मत के लिए नाबार्ड से 1,028 करोड़ रुपये की अपील की थी। अपील के बाद 795 करोड़ रुपये मंजूर किए गए। नाबार्ड COVID-19 महामारी को देखते हुए ग्रामीण बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए विशेष चलनिधि सहायता के रूप में राज्य को RIDF के तहत 145 करोड़ रुपये पहले ही प्रदान कर चुका है।

45. इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च (Ind-Ra) की शोध रिपोर्ट के अनुसार, केंद्र का राजकोषीय घाटा **7.6%** बढ़ने का अनुमान है ।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

नोट: वित्त वर्ष 2021 में केंद्र और राज्य का कुल राजकोषीय घाटा 12.1% है, जिसमें राज्यों का योगदान 4.5% है। असम, गोवा, गुजरात और सिक्किम जैसे राज्यों की GDP में दोहरे अंक के संकुचन की संभावना है।

46. भुगतान कंपनी **फैमपे (FamPay)** ने किशोरों के लिए भारत का पहला नंबरलेस कार्ड जारी किया।

नोट: किशोर अब माता-पिता से रुपये अथवा उनका डेबिट/क्रेडिट कार्ड लिए बिना स्वतंत्र रूप से भुगतान करने के लिए डेबिट कार्ड की तरह फैमकार्ड का उपयोग कर सकते हैं।फैमकार्ड एक नंबरलेस कार्ड है, कार्ड संबंधित सभी जानकारी फैमपे ऐप पर सुरक्षित रहती है और ऑनलाइन लेनदेन के दौरान विवरण भरने के लिए किसी भौतिक कार्ड की आवश्यकता नहीं होती है।

47. **यूनियन बैंक ऑफ इंडिया** ने पॉलिसी वितरण के लिए LIC इंडिया के साथ कॉर्पोरेट एजेंसी समझौते की घोषणा की।

नोट: समझौते के अनुसार, UBI अपने खाताधारकों को सावधि बीमा, पेंशन, प्लान, चिल्ड्रन प्लान, ULIP और एन्डाउमेंट स्कीम के LIC उत्पाद पेश करके एक वित्तीय सुपरमार्केट के रूप में कार्य कर सकता है, जिसके तहत वे अपनी पसंद के उत्पादों का चयन कर सकते हैं।

48. एशियाई अवसंरचना निवेश बैंक (AIIB) COVID-19 महामारी के प्रभावों से निपटने के लिए **पाकिस्तान** देश को सहायता हेतु 250 मिलियन डॉलर का उधार देगा।

नोट: यह परियोजना विश्व बैंक द्वारा सह-वित्तपोषित होगी और स्वास्थ्य अवसंरचना, सामाजिक सुरक्षा नेटवर्क, मानव पूंजी में निवेश और आर्थिक विकास को मजबूत करने के लिए पाकिस्तान सरकार के कार्यक्रम को बढ़ावा देगी।COVID-19 के प्रति पाकिस्तान की प्रतिक्रिया के लिए AIIB ने पहले 500 मिलियन डॉलर का ऋण स्वीकृत किया था। दोनों ऋण सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों के प्रकोप से लड़ने में मदद करने के लिए AIIB के 10 बिलियन डॉलर वित्तपोषण सुविधा का हिस्सा हैं।

49. यूरोपीय संघ (EU) ने COVID-19 द्वारा नष्ट किए गए अर्थव्यवस्था गुटों के पुनर्निर्माण के लिए **750 बिलियन यूरो** राहत पैकेज की घोषणा की है।

नोट: यूरोपीय आयोग ने प्रणाली में और धन डालने के बजाय वित्तीय बाजारों में धन जुटाने की योजना बनाई है। अपेक्षित लगभग आधी धनराशि (390 बिलियन यूरो) यूरोपीय संघ के सर्वाधिक प्रभावित राष्ट्रों को दी जाएगी, जबकि शेष धनराशि ऋण के रूप में प्रदान की जाएगी, जो 2058 तक चुकाए जाएंगे।

50. **पंजाब नेशनल बैंक** ने COVID-19 के प्रसार को रोकने हेतु फेस मास्क और सैनिटाइजर वितरित करने के लिए एक राष्ट्रव्यापी अभियान शुरू किया है।

नोट: PNB का अभियान केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. हर्षवर्धन द्वारा शुरू किया गया था। यह अभियान PNB द्वारा कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सबिलिटी (CSR) के तहत शुरू किया गया है।

51. **एयरटेल पेमेंट बैंक** ने वित्तीय सेवाओं पर ग्रामीण क्षेत्रों में युवा लोगों को प्रशिक्षित करने और कौशल प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (NSDC) के साथ भागीदारी की।

नोट: सहयोग का उद्देश्य ग्रामीण युवाओं पर केंद्रित कौशल विकास कार्यक्रम तैयर करना और उन्हें संचालित करना और उन्हें ऑनलाइन बैंकिंग और डिजिटल वित्तीय सेवाएं बढ़ाने के लिए उपकरणों को अपनाने में सक्षम बनाना है। कौशल विकास कार्यक्रमों के पूरा होने के बाद, दोनों संगठन प्रशिक्षुओं को नौकरी खोजने में सहायता हेतु अपने उद्योग संपर्क का लाभ उठाएंगे।

52. **बैंक ऑफ बड़ौदा** ने 100 प्रतिशत पेपरलेस डिजिटल सेल्फ-असिस्टेड ऑनलाइन बचत खाता 'इंस्टा क्लिक बचत खाता' लॉन्च किया है।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

नोट: इंस्टा क्लिक बचत खाता ग्राहक के डिजिटल KYC (नो-योर-कस्टमर) के नए रूप और आधार-आधारित OTP (वनटाइम पासवर्ड) प्रमाणीकरण का उपयोग करता है, जिसे मोबाइल फोन, आईपैड, लैपटॉप और पीसी के माध्यम से बैंक की वेबसाइट से संचालित किया जा सकता है।

53. भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जुलाई 2020 में जारी वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट के अनुसार मार्च 2021 तक सभी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (SCB) का सकल अनर्जक संपत्ति (GNPA) अनुपात **12.5 प्रतिशत** होगा।

नोट: केंद्रीय बैंक ने चेतावनी दी कि सभी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (SCB) का सकल अनर्जक संपत्ति (GNPA) अनुपात मार्च 2020 में 8.5 प्रतिशत से बढ़कर मार्च 2021 तक 12.5 प्रतिशत हो सकता है। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि यदि वृहत आर्थिक माहौल और बिगड़ता है, तो बहुत गंभीर संकट में GNPA अनुपात 14.7 प्रतिशत तक बढ़ सकता है।

54. डिजिटल भुगतान मंच फोनपे ने ग्रुप सेफगार्ड इंश्योरेंस के तहत 'हॉस्पिटल डेली कैश लाभ' शुरू करने के लिए **ICICI लोम्बार्ड** के साथ भागीदारी की।

नोट: यह एक कस्टमाइज्ड हॉस्पिटलाइजेशन पॉलिसी है जो फोनपे के उपयोगकर्ताओं को कोविड -19 सहित आकस्मिक दुर्घटना या बीमारियों के कारण अस्पताल में भर्ती होने पर एक निश्चित राशि प्राप्त करने की सुविधा देती है। 18-65 आयु वर्ग के फोनपे उपयोगकर्ता बिना पूर्व चिकित्सा परीक्षण के यह पॉलिसी ले सकते हैं। फोनपे उपयोगकर्ता एप्लिकेशन के माध्यम से "माई मनी" सेक्शन से बीमा खरीद सकते हैं।

55. फिनटेक कन्वर्जेंस काउंसिल (FCC) और पेमेंट्स काउंसिल ऑफ इंडिया ने **भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (NPCI)** के साथ मिलकर एक वैश्विक फिनटेक कार्यक्रम ग्लोबल फिनटेक फेस्ट 2020 आयोजित किया।

नोट: FCC इंटरनेट एंड मोबाइल एसोसिएशन ऑफ इंडिया की फिनटेक समिति है। यह कार्यक्रम दुनिया भर से फिनटेक और BFSI पारिस्थितिकी तंत्रों को एक साथ एक मंच पर लाएगा। दो दिवसीय कार्यक्रम का विषय 'फिनटेक: विद एंड बियॉन्ड कोविड' है।

56. **एशियाई विकास बैंक** ने COVID-19 महामारी के कठोर आर्थिक प्रभाव का सामना कर रहे सदस्यों के लिए 'ग्रीन रिकवरी' के प्रति ग्रीन क्लाइमेट फंड (GCF) के साथ साझेदारी करने पर सहमति व्यक्त की।

नोट: यह सहयोग एशिया-प्रशांत में कार्बन-उत्सर्जन को कम करने और जलवायु-लचीले विकास के लिए कदम बढ़ाने पर केंद्रित है। ABD ने COVID-19 के लिए 20 बिलियन अमेरिकी डॉलर के सहायता पैकेज की पेशकश की है।रणनीति 2030 के तहत, ABD यह सुनिश्चित करेगा कि उसकी 75% प्रतिबद्ध परियोजनाएं 2030 तक जलवायु परिवर्तन शमन और अनुकूलन का समर्थन करेंगी।

57. इन्सॉल्वेंसी एंड बैंकरप्सी बोर्ड ऑफ इंडिया ने **MSME** के लिए एक विशेष रिज़ॉल्यूशन फ्रेमवर्क की घोषणा की।

नोट: भारत सरकार ने COVID-19 संकट से निपटने के लिए इन्सॉल्वेंसी एंड बैंकरप्सी कोड (IBC) के कई उपबंधों को पहले ही निलंबित कर दिया है। इसमें COVID-19 संबंधित ऋणों में छूट शामिल है। भारत सरकार ने कंपनियों को दिवालिया होने से बचाने के लिए IBC (संशोधन) अध्यादेश, 2020 भी पारित किया। IBC के खंड 7, 9 और 10 को निलंबित कर दिया गया है।

58. भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने नवंबर 2020 तक **श्रीलंका** देश को 400 मिलियन डॉलर की मुद्रा विनिमय सुविधा प्रदान करने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।

नोट: इस मुद्रा विनिमय का उपयोग विदेशी भंडार को बढ़ावा देने और COVID-19 महामारी से बुरी तरह प्रभावित देश की वित्तीय स्थिरता सुनिश्चित करने के

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

लिए किया गया है। मुद्रा विनिमय व्यवस्था नवंबर 2022 तक उपलब्ध रहेगी।

59. **बैंक ऑफ महाराष्ट्र** ने ओमनी-चैनल सुरक्षा हेतु REL-ID तकनीक का उपयोग करके अपने इंटरनेट बैंकिंग चैनलों को सुरक्षित करने के लिए 'यूनिकेन' के साथ समझौता किया।

नोट: यूनिकेन द्वारा REL-ID तकनीक को गहन-रक्षा कार्यों के लिए तैयार किया गया है, जो बैंक के मोबाइल ऐप को फ़िशिंग, फार्मिंग और मालवेयर हमलों से सुरक्षित रखने में मदद करेगा। REL-ID द्वारा सुरक्षित महासिक्योर, सभी ऑनलाइन बैंकिंग जरूरतों के लिए एक अगली पीढ़ी का सुरक्षित डिजिटल बैंकिंग ऐप है।

60. केंद्र सरकार द्वारा रक्षा क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) का **74 प्रतिशत** निर्धारित किया गया है।

नोट: रक्षा खरीद प्रक्रिया (DPP) 2020 का दूसरा मसौदा, जिसे अब रक्षा अधिग्रहण प्रक्रिया (DAP) 2020 नाम दिया गया, हितधारकों और जनता की टिप्पणियों के लिए सार्वजनिक क्षेत्र में रखा गया था।

61. केंद्र सरकार ने **विश्व बैंक** के साथ मिलकर मध्य प्रदेश के ग्वालियर-चंबल बेल्ट के क्षेत्र में तंग घाटी क्षेत्र को खेती योग्य भूमि में परिवर्तित करने का निर्णय लिया है।

नोट: इस क्षेत्र की लगभग 3 लाख हेक्टेयर भूमि गैर-कृषि योग्य है, यह रूपांतरण ग्वालियर-चंबल क्षेत्र में बीहड़ क्षेत्र का सुधार करेगा और एकीकृत विकास में सहायता करेगा। कृषि एवं पर्यावरण विकास के अलावा यह परियोजना रोजगार के अवसर भी पैदा करेगी और इस क्षेत्र के महत्वपूर्ण विकास का समर्थन करेगी।

62. **एशियाई विकास बैंक** ने COVID-19 के खिलाफ भारत की लड़ाई में सहायता के लिए एशिया पैसिफिक डिजास्टर रिस्पांस फंड से भारत को 3 मिलियन अमेरिकी डॉलर (22 करोड़ रुपये) की मंजूरी दी है।

नोट: अनुदान को जापान सरकार द्वारा वित्तपोषित किया जाता है। इसका उपयोग थर्मल स्कैनर, रोग निरीक्षण और शीघ्र पहचान में तेजी, संपर्क निगरानी और उपचार के लिए किया जाएगा। COVID-19 महामारी प्रतिक्रिया विकल्प (CPRO) की स्थापना सदस्य देशों की महामारी प्रतिक्रिया में सहायता प्रदान करने के लिए की गई थी।

63. **भारती एक्सा जनरल इंश्योरेंस** ने किसानों को उनकी उपज और वित्तीय सुरक्षा के बारे में प्रोत्साहित करने के लिए "बहुत जरूरी है" फसल बीमा अभियान शुरू किया है।

नोट: अभियान □'बहुत जरूरी है' का उद्देश्य कृषक समुदायों को फसल बीमा की प्रासंगिकता और महत्व के बारे में जागरूक करना है जो कि बेमौसम बारिश, मानसून की विफलता, तूफान, बाढ़, कीट और रोग जैसे कारकों के कारण फसल नुकसान से होने वाले ग्रामीण संकट को कम करता है।

श्रद्धांजलियां

1. प्रसिद्ध **अभिनेता** कार्ल रेनर का हाल ही में निधन हो गया।

नोट: महान कॉमेडियन, कार्ल रेइनर का निधन हो गया। वह एक सफल लेखक, हास्य अभिनेता, निर्देशक और अभिनेता थे। उन्होंने "ओह, गॉड!" (1977) और "द जर्क" (1979) जैसी फिल्मों के फिल्म निर्देशक के रूप में प्रसिद्धि हासिल की। उन्होंने लेखन और निर्माता श्रेणी में कई एमी पुरस्कार जीते।

2. प्रख्यात **कोरियोग्राफर** सरोज खान का हाल ही में निधन हो गया, वह एक अनुभवी थीं।

नोट: चार दशकों से अधिक के करियर में, खान को 2,000 से अधिक गीतों को कोरियोग्राफ करने का श्रेय दिया जाता है, जिसमें संजय लीला भंसाली की देवदास

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

से 'डोला रे डोला', माधुरी दीक्षित अभिनीत तेजाब से 'एक दो तीन' और वर्ष 2007 में जब वी मेट से 'ये इश्क हाय' शामिल हैं।

3. प्रसिद्ध **क्रिकेट** खिलाड़ी एवर्टन वीक का हाल ही में निधन हो गया।

   नोट: एवर्टन ने 19 वर्ष की आयु में प्रथम श्रेणी और 1948 में 22 की आयु में टेस्ट करियर की शुरुआत की। उनका टेस्ट करियर 1948 से 1958 के बीच रहा, जिसमें उन्होंने 48 टेस्ट खेले और **58.62** की औसत से 4455 रन बनाए।

4. हॉलीवुड के स्क्रीन लेखक, फिल्म निर्माता, अभिनेता और आवाज कलाकार **कार्ल रेनर** का हाल ही में निधन हो गया।

   नोट: एक रचनाकार और कई स्टीव मार्टिन फिल्मों के निर्माता और निर्देशक एक अनुभवी हॉलीवुड व्यक्तित्व कार्ल रेइनर का उनके बेवर्ली हिल्स आवास पर प्राकृतिक कारणों से 98 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उन्होंने कई एमी पुरस्कार जीते हैं, जिनमें से 5 पुरस्कार 1960 के दशक में "द डिक वैन डाइक शो" के लिए थे।

5. **अभिनेता** सैयद इश्तियाक अहमद जाफरी जिन्हें जगदीप के नाम से जाना जाता है, का हाल ही में निधन हो गया।

   नोट: जगदीप ने लगभग 400 फिल्मों में अभिनय किया लेकिन 1975 में आई फिल्म "शोले" में उनका किरदार शूरमा भोपाली प्रसिद्ध था।मंच नाम जगदीप से प्रसिद्ध, अभिनेता ने नायक के रूप में उनके चरित्र के साथ फिल्म "शूरमा भोपाली" का निर्देशन भी किया।

6. प्रसिद्ध **संगीतकार** चार्ली डेनियल का हाल ही में निधन हो गया।

   नोट:वह कंट्री म्यूजिक और दक्षिणी रॉक आइकन थे जिन्होंने दशकों तक "लॉन्ग हेयर्ड कंट्री बॉय," "इन अमेरिका" जैसे गीतों के साथ प्रशंसकों का मनोरंजन किया, और उनकी सिग्नेचर वायलिन ट्यून "द डेविल वेन्ट डाउन टू जॉर्जिया" ने 1979 में उन्हें एकमात्र ग्रैमी पुरस्कार दिलाया। उन्हें 2016 में कंट्री म्यूजिक हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया था।

7. प्रसिद्ध **पत्रकार** नगिंदास सांघवी का हाल ही में निधन हो गया।

   नोट: वह 100 वर्ष के थे और गंभीर अस्थमा से पीड़ित थे। श्री सांघवी को वर्ष 2019 में पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। वे 1951 से 1980 तक भवन कॉलेज अंधेरी में शिक्षक थे। बाद में वे राजनीति विज्ञान पढ़ाने के लिए रूपारेल कॉलेज, माहिम और मीठीबाई कॉलेज, विले पार्ले चले गए।

8. हाल ही में **नीदरलैंड्स** देश के प्रसिद्ध फुटबॉलर विम सुरबियर का निधन हो गया।

   नोट: सुरबियर, जिसने समान दशक के एजैक्स की ओर से तीन यूरोपीय चैंपियनशिप जीती, अप्रैल में एक मस्तिष्क संबंधी रक्तस्राव से पीड़ित होने के बाद से अस्पताल में थे।सुरबियर एक अटैकिंग फुल-बैक थे जिसकी भूमिका को उनके समय के दौरान एजैक्स और डच इंटरनेशनल द्वारा "टोटल फुटबॉल" शैली का प्रतीक दिया।

9. इंग्लिश **फुटबॉल** स्पोर्ट्स पर्सन जैक चार्लटन का हाल ही में निधन हो गया।

   नोट: इंग्लैंड 1966 विश्व कप विजेता टीम के सदस्य, जैक चार्लटन का निधन हो गया। वह 1969 के लीग खिताब और 1972 के FA कप जीतने वाले महान डॉन रेवी के नेतृत्व वाली लीड्स यूनाइटेड का एक अभिन्न हिस्सा भी थे।

10. जाने-माने **कार्टूनिस्ट** अवैद बिन हसन जामी का हाल ही में निधन हो गया।

    नोट: उनके कार्टून गुजराती पत्रिका "अभियान" में पिछले दो दशकों से प्रकाशित हुए थे। उन्होंने गुजराती अख़बार फूलछाब में एक कार्टूनिस्ट के रूप में भी काम किया था। वह केन्द्रीय विद्यालय, जामनगर में एक

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

कला शिक्षक थे और सेवानिवृत्ति के बाद पूर्णकालिक कार्टूनिस्ट बन गए।

11. अमैदोउ गोन कूलिबली जिनका हाल ही में निधन हो गया, वे **आइवरी कोस्ट** देश के प्रधानमंत्री थे।

नोट: वह हाल ही में चिकित्सा उपचार के बाद फ्रांस से लौटे थे। अक्टूबर के राष्ट्रपति चुनाव के लिए उन्हें सत्तारूढ़ रैली ऑफ होउफोउटिस्ट्स डेमोक्रेसी एंड पीस (RHDP) पार्टी के उम्मीदवार के रूप में भी चुना गया था।

12. महाराष्ट्र की पहली महिला चुनाव आयुक्त **नीला सत्यनारायण का** हाल ही में निधन हो गया।

नोट:1972 बैच की अधिकारी को COVID-19 का पता चलने के बाद मुंबई के सेवन हिल्स अस्पताल में भर्ती कराया गया था। नीला सत्यनारायण 2014 में सेवानिवृत्त हुईं थीं। उन्होंने 150 से अधिक गीत लिखे हैं। इसके अलावा, उन्होंने कई मराठी फिल्मों के लिए संगीत तैयार किया।

13. प्रसिद्ध व्यक्ति जॉन लूईस का हाल ही में निधन हो गया, वह एक **अमेरिका के नागरिक अधिकार कार्यकर्ता** थे।

नोट: वह मार्टिन लूथर किंग जूनियर के नेतृत्व में एक समूह बिग सिक्स नागरिक अधिकार कार्यकर्ताओं के सबसे युवा और अंतिम उत्तरजीवी भी थे, जिनका आंदोलन पर सबसे अधिक प्रभाव था। वह अलबामा के सेल्मा में एडमंड पेट्टस ब्रिज पर ब्लडी संडे मार्च में लगभग 600 प्रदर्शनकारियों का नेतृत्व करने के लिए प्रसिद्ध थे।

14. प्रसिद्ध व्यक्ति प्रोफेसर सी.एस. शेषाद्री का हाल ही में निधन हो गया, वह एक अनुभवी **गणितज्ञ** थे।

नोट: बीजगणित ज्यामिति के क्षेत्र में एक अग्रणी ने कई महत्वपूर्ण खोज कीं, जो इस विषय की कई शाखाओं पर आधारित हैं। शेषाद्री ने अपने करियर की शुरुआत टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ फंडामेंटल रिसर्च में स्नातक छात्रों के पहले बैच से की। वह 1984 में इंस्टीट्यूट ऑफ मैथेमैटिकल साइंस, चेन्नई चले गए। 1989 में, उन्हें SPIC साइंस फाउंडेशन के भाग के रूप में स्कूल ऑफ मैथेमैटिक्स शुरू करने का मौका मिला, जो चेन्नई मैथेमैटिकल इंस्टीट्यूट (CMI) में विकसित हुआ।

15. प्रसिद्ध व्यक्ति लालजी टंडन का हाल ही में निधन हो गया, वे भारत के **मध्य प्रदेश** राज्य के राज्यपाल थे।

नोट: लाल जी टंडन अगस्त 2018 और जुलाई 2019 के बीच बिहार के राज्यपाल थे जब उन्होंने मध्य प्रदेश के राज्यपाल का पद संभाला था। 2009 में, वरिष्ठ भाजपा नेता और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के आश्रयी ने लखनऊ सांसद के रूप में उनकी जगह ली। उन्होंने 1970 के दशक में अपने गृहनगर लखनऊ से अपने करियर की शुरूआत की और 1991 से 2003 के बीच कई बार उत्तर प्रदेश में राज्य मंत्री भी रहे।

16. प्रसिद्ध **अभिनेता** बिजय मोहंती का हाल ही में निधन हो गया।

नोट: उनकी पहली फिल्म, चिलिका टायर में उनके प्रदर्शन ने उन्हें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार सहित कई पुरस्कार दिलाए। वह समय बड़ा बलबान, नागा फसा, सहरी बाघा, दंडा बालुंगा और चाका भौनरी फिल्मों में नकारात्मक भूमिकाओं के लिए सर्वाधिक प्रसिद्ध हैं।

17. **फिल्म निर्माता** रजत मुखर्जी का हाल ही में निधन हो गया।

नोट: रजत मुखर्जी ने 2001 में उर्मिला मातोंडकर, फरदीन खान, सोनाली कुलकर्णी और राजपाल यादव अभिनीत फिल्म 'प्यार तूने क्या किया' निर्देशित की। उन्होंने 2004 की फिल्म लव इन नेपाल का भी निर्देशन किया, जिसमें गायक सोनू निगम, राजपाल यादव और फ्लोरा सैनी ने अभिनय किया।

18. प्रसिद्ध **उपन्यासकार** जुआन मार्से का निधन हो गया।

नोट: स्पेनिश उपन्यासकार, जुआन मार्से का निधन हो गया। वे पिछले कुछ दशकों में स्पेन के सबसे सम्मानित उपन्यासकारों में से एक और स्पेनिश भाषी

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

विश्व के शीर्ष साहित्यिक पुरस्कार सर्वेनटेज़ प्राइज 2008 के विजेता थे। उनका सबसे महत्वपूर्ण उपन्यास 1965 में प्रकाशित "अल्टिमस ट्रेड्स कॉन टेरेसा" ("टेरेसा के साथ अंतिम दोपहर") था।

19. प्रसिद्ध **अभिनेता** जॉन सैक्सॉन का हाल ही में निधन हो गया।

नोट: उनका जन्म 5 अगस्त 1936 को ब्रुकलिन, न्यू यॉर्क, अमेरिका में कारमाइन ऑरिको के रूप में हुआ था।उन्होंने 1954 में पदार्पण किया गया और उन्होंने "ए नाइटमेरे ऑन एल्म स्ट्रीट" जैसे जासूसी और हॉरर शो में अभिनय किया।

20. COVID-19 के कारण **बाल अधिकार कार्यकर्ता** पी. अच्युत राव का निधन हो गया।

नोट: वह बाल विवाह, बाल यौन शोषण और बाल श्रम की घटनाओं को रोकने में सहायता हेतु जाने जाते थे। राव ने हाल ही में तेलंगाना उच्च न्यायालय में एक याचिका दायर की थी जिसमें मांग की गई कि सरकारी स्कूलों के छात्रों को तब तक मध्यान्ह भोजन दिया जाए जब तक वे महामारी के कारण लॉकडाउन के चलते इसे प्राप्त नहीं कर सकते।

21. प्रख्यात व्यक्ति सोनम शेरिंग लेपचा का हाल ही में निधन हो गया था, वह अनुभवी **लोक संगीतकार** थे।

नोट: लेपचा का जन्म 1928 में कालिमपोंग में हुआ था और उन्होंने एक सैनिक के रूप में अपना करियर शुरू किया था। उन्होंने सिक्किम के विभिन्न भागों की यात्रा की और भारतीय लोक और पारंपरिक लेपचा गीतों की एक विस्तृत श्रृंखला की रचना की और 1960 में आकाशवाणी पर लोक संगीत बजाया।

22. प्रख्यात **राजनीतिज्ञ** सोमेंद्रनाथ मित्रा का हाल ही में निधन हो गया।

नोट: एक अनुभवी कांग्रेस नेता, सोमेन मित्रा, जिस नाम से उन्हें अक्सर बुलाया जाता था, ने 2018 में पश्चिम बंगाल कांग्रेस की कमान संभाली। उन्होंने 2019 के लोकसभा चुनावों में वाम दलों और कांग्रेस की चुनावी समझ विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

23. प्रसिद्ध **अभिनेत्री** कुमकुम का हाल ही में निधन हो गया।

नोट: उसका वास्तविक नाम ज़िबुन्निसा था। उन्होंने मदर इंडिया, कोहिनूर, एक सपेरा एक लूटेरा, नया दौर, उजाला, राजा और रंक, ललकार, आंखें, गीत जैसी 100 से अधिक हिंदी फिल्मों में अभिनय किया।

24. प्रख्यात **एक्शन निर्देशक** परवेज खान का हाल ही में निधन हो गया।

नोट: वह 1986 से फिल्म उद्योग में काम कर रहे थे। उनकी कुछ प्रसिद्ध फिल्मों में अंधाधुन, बदलापुर, बुलेट राजा, फुकरे, रा-वन, जॉनी गद्दार, विश्वरूपम, विश्वरूपम 2, देव डी, गैंगस्टर, सहर, अब तक छप्पन, द लीजेंड ऑफ भगत सिंह, सोल्जर, और मिस्टर एंड मिसेज खिलाड़ी शामिल हैं।

25. प्रसिद्ध **हॉलीवुड अभिनेत्री** ओलिविया डी हैविलैंड का निधन, वह एक अनुभवी थीं।

नोट: उनका जन्म 1 जुलाई 1916 को टोक्यो, जापान में हुआ था। अभिनेत्री ने कैप्टन ब्लड (1935), द एडवेंचर्स ऑफ रॉबिन हूड (1938), गॉन विद द विंड (1939), द स्नेकपिट, द हेयरेस जैसी फिल्मों में अभिनय किया। उन्होंने हॉलीवुड की अनुबंध प्रणाली को बंधनमुक्त कर दिया जिसे बाद में "डी हैविलैंड लॉ" कहा गया।

26. प्रख्यात **कोरियोग्राफर और बैले डांसर** अमला शंकर का निधन हो गया।

नोट: कला में उनके योगदान के लिए उन्हें 2011 में पश्चिम बंगाल सरकार के बंग विभूषण पुरस्कार से सम्मानित किया गया।अमाला शंकर का पहला कार्यक्रम कालिया दमन में था, जिसका मंचन 1931 में बेल्जियम में किया गया था। उन्होंने 1948 में प्रदर्शित फिल्म "कल्पना" में भी काम किया था।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

27. प्रसिद्ध **जैज गायिका** महिला एनी रॉस का निधन हो गया।

नोट: उनका जन्म 25 जुलाई, 1930 को इंग्लैंड के सुरे में ऐनाबेले मैककुले एलन शॉर्ट के रूप में हुआ था। वह एक सफल फिल्म कैरियर से गुजरने से पहले 1950 के दशक में एक लोकप्रिय जैज गायिका थीं।

महत्वपूर्ण दिवस

1. राष्ट्रीय डाक कर्मचारी दिवस हर वर्ष **1 जुलाई को** मनाया जाता है।

नोट: राष्ट्रीय डाक कर्मचारी दिवस पोस्टमैन और सभी डिलीवरी कर्मचारियों को 'धन्यवाद' कहने का एक अनूठा तरीका है, क्योंकि ऑनलाइन शॉपिंग हममें से कई लोगों के लिए जीवन रेखा बन गई है। भारत में, COVID-19 महामारी के बीच, डाक सेवाओं में विशिष्ट विविधता आई है। डाक विभाग में काम करने वाले कर्मचारी नए 'कोरोना योद्धा 'बन गए हैं, जो COVID-19 के खिलाफ भारत की लड़ाई में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

2. राष्ट्रीय चार्टेड एकाउंटेंट दिवस हर वर्ष **1 जुलाई** को मनाया जाता है।

नोट: यह दिवस 1949 में भारत की संसद द्वारा इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (ICAI) की स्थापना के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। हर वर्ष ICAI की स्थापना के दिन, चार्टर्ड एकाउंटेंट को सम्मानित करने के लिए CA दिवस मनाया जाता है।

3. देश में हर वर्ष 1 जुलाई को मनाए जाने वाले राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस का विषय **Lessen the mortality of COVID 19** है।

नोट: राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस 2020 का विषय "Lessen the mortality of COVID 19" है और इसमें लक्षणहीन हाइपोक्सिया और प्रारंभिक तीव्र चिकित्सा के बारे में जागरूकता शामिल है। राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस डॉ. बिधान चंद्र रॉय की जयंती और पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में भी मनाया जाता है। वह भारत के सबसे प्रसिद्ध चिकित्सकों में से एक थे।

4. विश्व खेल पत्रकार दिवस हर वर्ष विश्व स्तर पर **2 जुलाई को** मनाया जाता है।

नोट: दिवस का उद्देश्य खेल पत्रकारों के कार्यों के प्रति आभार प्रकट करना और उन्हें अपने काम में बेहतर करने के लिए प्रोत्साहित करना है। इंटरनेशनल स्पोर्ट्स प्रेस एसोसिएशन (AIPS) की 70वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में वर्ष 1994 में दिवस की स्थापना की गई थी। इस वर्ष 2020 में AIPS की 96वीं वर्षगांठ है।

5. संयुक्त राष्ट्र हर वर्ष अंतर्राष्ट्रीय सहकारी दिवस **जुलाई का पहला शनिवार को** मनाता है।

नोट: वर्ष 2020 में, 4 जुलाई को जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए सहकारी समितियों के योगदान पर ध्यान आकर्षित करने के साथ अंतर्राष्ट्रीय सहकारी दिवस मनाया जाएगा।UN ने अंतर्राष्ट्रीय सहकारी दिवस 2020 मनाने के लिए शब्द: "#Coops4ClimateAction" को फैलाने की अपील भी की है।

6. अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध परिसंघ (IBC) ने धर्म चक्र दिवस **4 जुलाई को** मनाया जाता है।

नोट: यह दिवस बुद्ध द्वारा उनके प्रथम पांच तपस्वी शिष्यों को दीर पार्क, रसिपताना में दिए गए प्रथम उपदेश का स्मरण करता है जो वर्तमान समय में वाराणसी, उत्तर प्रदेश के निकट सारनाथ में है।यह बौद्ध धर्म के साथ-साथ हिंदुओं द्वारा गुरु पूर्णिमा के

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

रूप में मनाया जाता है, जो अपने गुरुओं के प्रति श्रद्धा का प्रतीक है।

7. विश्व चॉकलेट दिवस या अंतर्राष्ट्रीय चॉकलेट दिवस हर वर्ष **7 जुलाई को** मनाया जाता है।

नोट: यह दिवस हमारे जीवन में चॉकलेट के अस्तित्व की प्रशंसा करता है। यह चॉकलेट खाने और प्रिय लोगों के साथ साझा करने का प्रतीक है। पहला अंतर्राष्ट्रीय चॉकलेट दिवस वर्ष 2009 में मनाया गया था। यह दिवस 7 जुलाई को मनाया जाता है क्योंकि वर्ष 1550 में इसी तारीख को चॉकलेट पहली बार यूरोप में आया था।

8. विश्व जनसंख्या दिवस विश्व स्तर पर हर वर्ष **11 जुलाई को** मनाया जाता है।

नोट: यह दिवस बढ़ती जनसंख्या और लिंग समानता, परिवार नियोजन के महत्व, गरीबी, मातृ स्वास्थ्य, मानवाधिकार, आदि जैसे मुद्दों के बारे में लोगों में जागरूकता फैलाने के लिए मनाया जाता है।विश्व जनसंख्या दिवस 2020 का इस वर्ष का विषय: Putting the brakes on COVID-19: Safeguarding the health and rights of women and girls है।

9. संयुक्त राष्ट्र हर वर्ष युवा कार्यकर्ता, मलाला यूसुफजई को सम्मानित करने के लिए विश्व मलाला दिवस **12 जुलाई को** मनाता जाता है।

नोट: मलाला दिवस को दुनिया भर में महिलाओं और बच्चों के अधिकारों का सम्मान करने के लिए मलाला यूसुफजई के जन्मदिवस के रूप में मनाया जाता है। 9 अक्टूबर 2012 को, मलाला को सार्वजनिक रूप से लड़कियों की शिक्षा का समर्थन करने पर तालिबान बंदूकधारियों द्वारा सिर में गोली मार दी गई थी। हमले के बावजूद, मलाला पहले की तुलना में अपने विचारों में प्रखरता के साथ जल्द ही लोगों के सामने आईं और लैंगिक अधिकारों पर अपना समर्थन जारी रखा।

10. विश्व युवा कौशल दिवस हर वर्ष **15 जुलाई को** मनाया जाता है।

नोट: इसे 2014 में महासभा द्वारा निर्दिष्ट किया गया था। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्व युवा कौशल दिवस (WYSD) के अवसर पर एक डिजिटल सम्मेलन को संबोधित किया।

11. विश्व अंतर्राष्ट्रीय न्याय दिवस हर वर्ष **17 जुलाई को** मनाया जाता है।

नोट: हर वर्ष 17 जुलाई अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायालय (ICC) का महत्व दर्शाने और लोगों को दुनिया भर में हो रहे गंभीर अपराधों पर ध्यान देने का संदेश देता है। 17 जुलाई अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्याय का दिवस है। यह 17 जुलाई 1998 को ICC की संस्थापक संधि, रोम स्टैचूट को अपनाने की वर्षगांठ का प्रतीक है, जो लोगों को नरसंहार, मानवता के खिलाफ अपराध, युद्ध अपराधों और आक्रामकता के अपराध से बचाने की कोशिश करता है।

12. संयुक्त राष्ट्र हर वर्ष विश्व शतरंज दिवस **20 जुलाईको को** मनाता है।

नोट: यह दिवस वर्ष 1924 में पेरिस में अंतर्राष्ट्रीय शतरंज महासंघ (FIDE) की स्थापना की तारीख को दर्शाता है। अंतर्राष्ट्रीय शतरंज दिवस 2020 मनाने के लिए शीर्ष शतरंज खिलाड़ी एक उच्च स्तरीय वर्चुअल कार्यक्रम "शतरंज फॉर रिकवर बेटर" में भाग लेंगे।

13. चंद्रमा पर मनुष्य की पहली ऐतिहासिक लैंडिंग की वर्षगांठ के उपलक्ष्य में हर वर्ष अंतरिक्ष अन्वेषण दिवस **20 जुलाई को** मनाया जाता है।

नोट: 20 जुलाई, 1969 को नील आर्मस्ट्रांग और एडविन बज़ चंद्रमा की सतह पर उतरने वाले पहले इंसान बने। आर्मस्ट्रांग-एल्ड्रिन की जोड़ी ने चंद्रमा की सतह पर 21.5 घंटे बिताए। इसके अलावा, उन्होंने अपने कैप्सूल के बाहर 2.5 घंटे बिताए। यह दिवस मुख्य रूप से संयुक्त राज्य अमेरिका में मनाया जाता है।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

14. नेल्सन मंडेला अंतर्राष्ट्रीय दिवस संयुक्त राष्ट्र द्वारा हर वर्ष **18 जुलाई को** को मनाया जाता है।

नोट: यह दिवस अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर लोकतंत्र के लिए संघर्ष और दुनिया भर में शांति की संस्कृति को बढ़ावा देने में नेल्सन मंडेला के योगदान को स्वीकार करता है। नेल्सन मंडेला दिवस सभी को कार्य करने और परिवर्तन को प्रेरित करने का एक अवसर है।

15. राष्ट्रीय प्रसारण दिवस पूरे भारत में प्रतिवर्ष **23 जुलाई को** मनाया जाता है।

नोट: 1927 में इसी दिन, भारतीय प्रसारण कंपनी के तहत बॉम्बे स्टेशन से देश में पहली बार रेडियो प्रसारण हुआ। पहला रेडियो प्रसारण 23 जुलाई, 1927 को बॉम्बे स्टेशन से किया गया था। उस समय स्टेशन का स्वामित्व एक निजी कंपनी इंडियन ब्रॉडकास्टिंग कंपनी के पास था।

16. कारगिल विजय दिवस प्रतिवर्ष **26 जुलाई को** मनाया जाता है।

नोट: इस दिन, देश 1999 के कारगिल युद्ध के दौरान भारतीय सैनिकों की वीरता, बलिदान और अनुकरणीय साहस को याद करता है। इस वर्ष राष्ट्र कारगिल युद्ध में जीत के 21 वर्ष का जश्न मना रहा है।

17. हर वर्ष 28 जुलाई को मनाए जाने वाले 2020 विश्व हेपेटाइटिस दिवस (WHD) का विषय **हेपेटाइटिस फ्री फ्यूचर** है।

नोट: हर वर्ष विश्व स्वास्थ्य संगठन और दुनिया भर के विभिन्न अन्य संगठनों द्वारा विश्व हेपेटाइटिस दिवस मनाया जाता है। यह दिवस हेपेटाइटिस नियंत्रण में अधिक प्रतिक्रिया के लिए कार्यों, भागीदारों और जनता को प्रोत्साहित करने हेतु मनाया जाता है।

18. संरक्षण को बढ़ावा देने, जागरूकता बढ़ाने और स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए, प्रत्येक वर्ष विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस **28 जुलाई को** मनाया जाता है।

नोट: यह दिवस प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा के लिए सर्वोत्तम कार्यप्रणाली के बारे में जागरूकता फैलाने हेतु वैश्विक स्तर पर मनाया जाता है क्योंकि हमारी पृथ्वी में सीमित संसाधन हैं जिन्हें संतुलन बनाए रखने के लिए कुशलता से उपयोग करने की आवश्यकता है। प्रकृति और इसके संसाधनों को संरक्षित करने में अपना योगदान देने के लिए लोग अपने विचार साझा करते हैं और कुछ गतिविधियां करते हैं। हालांकि, इस वर्ष महामारी के कारण वैश्विक विषय निर्धारित नहीं किया गया है।

19. बाघ संरक्षण के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए प्रतिवर्ष अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस दुनिया भर में **29 जुलाई को** मनाया जाता है।

नोट: केंद्रीय पर्यावरण मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने अखिल भारतीय बाघ गणना रिपोर्ट-2018 जारी की। उन्होंने भारत के बाघों पर एक पोस्टर भी जारी किया। भारत वैश्विक बाघ आबादी के लगभग 70 प्रतिशत का आवास है और यह जंगली प्रजातियों के प्रभावी संरक्षण को दर्शाने में दुनिया का नेतृत्व करता है।

20. संयुक्त राष्ट्र हर वर्ष 30 जुलाई को **विश्व मानव तस्करी निषेध दिवस** के रूप में मनाता है।

नोट: विश्व मानव तस्करी निषेध दिवस 2020 का विषय: "Committed to the Cause - Working on the Frontline to End Human Trafficking" है। विषय मानव तस्करी के लिए पहले उत्तरदाताओं पर ध्यान केंद्रित करेगा। ये वे लोग हैं जो विभिन्न क्षेत्रों में काम करते हैं - तस्करी के पीड़ितों की पहचान करना, सहायता करना, परामर्श देना और उनके लिए न्याय की मांग करना और तस्करों को माफी को चुनौती देना।

21. प्रतिवर्ष अंतर्राष्ट्रीय मित्रता दिवस **30 जुलाई को** मनाया जाता है।

नोट:अंतर्राष्ट्रीय मित्रता दिवस के उपलक्ष्य में, संयुक्त राष्ट्र सरकारों, संगठनों, और सामुदायिक समूहों को एकजुटता, आपसी समझ और सामंजस्य को बढ़ावा देने वाली घटनाओं, गतिविधियों और पहलों को आयोजित करने के लिए प्रोत्साहित करता है।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

22. अंतर्राष्ट्रीय मैंग्रोव पारिस्थितिकी तंत्र संरक्षण दिवस प्रतिवर्ष **26 जुलाई को** मनाया जाता है।
नोट: यह प्रतिवर्ष 26 जुलाई को मनाया जाता है और इसका उद्देश्य "अद्वितीय, विशेष और अतिसंवेदनशील पारिस्थितिकी तंत्र" के रूप में मैंग्रोव के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाना है। इसका उद्देश्य उनके स्थायी प्रबंधन, संरक्षण और उपयोग के लिए समाधानों को बढ़ावा देना भी है।

नई नियुक्ति

1. गुडनी जोहानसन को पुन: **आयरलैंड** देश का राष्ट्रपति चुना गया।
नोट: वर्ष 2016 में, गुडनी 1944 में आजादी के बाद आइसलैंड के सबसे युवा राष्ट्रपति बने। उन्होंने अपने पहले कार्यकाल में 76 से 86 प्रतिशत तक भारी समर्थन प्राप्त हुआ। कोविड 19 महामारी के दौरान चुनाव कराने वाला आइसलैंड दूसरा यूरोपीय देश है।
2. संयुक्त राष्ट्र और जिनेवा, स्विटजरलैंड में अन्य अंतर्राष्ट्रीय संगठनों में भारत के अगले राजदूत और स्थायी प्रतिनिधि के रूप में **इंद्र मणि पांडे को** नियुक्त किया गया है।
नोट: वह जिनेवा में संयुक्त राष्ट्र के 25 से अधिक महत्वपूर्ण संगठन में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे जिसमें विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) और संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद (UNHRC) शामिल है।विश्व स्वास्थ्य सभा में भारत को 2020 में WHO की कार्यकारी समिति के अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया था।
3. **रविंदर भाकर को** केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (CBFC) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) के रूप में नियुक्त किया गया है।
नोट: वह इंडियन रेलवे स्टोर्स सर्विस (IRSS) के 1999 बैच के अधिकारी हैं। वह अनुराग श्रीवास्तव की जगह लेंगे। इससे पहले, भाकर पश्चिम रेलवे के सचिव और मुख्य जनसंपर्क अधिकारी के रूप में तैनात थे। उन्होंने भारतीय इंजीनियरिंग सेवा अधिकारी के रूप में भी काम किया है।
4. भारतीय जनसंचार संस्थान (IIMC) के महानिदेशक के रूप में **संजय द्विवेदी को** नियुक्त किया गया है।
नोट: वह वर्तमान में माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता और संचार विश्वविद्यालय, भोपाल के रजिस्ट्रार के रूप में कार्यरत हैं। प्रेस सूचना ब्यूरो में प्रधान महानिदेशक के.एस. धतवालिया वर्तमान में भारतीय जनसंचार संस्थान (IIMC) के महानिदेशक के पद का अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे हैं।
5. इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (IOC) के नए अध्यक्ष के रूप में **श्रीकांत माधव वैद्य को** नियुक्त किया गया है।
नोट: वैद्य IOC की एक स्टैंड-अलोन रिफाइनिंग सहायक कंपनी चेन्नई पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड के अध्यक्ष और टर्मनलिंग सेवाएं प्रदान करने वाले एक संयुक्त उपक्रम इंडियन ऑयलटैंकिंग लिमिटेड के अध्यक्ष भी होंगे। वह रत्नागिरी रिफाइनरी एंड पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड के प्रमुख के रूप में भी कार्यभार संभालेंगे और पेट्रोनेट एलएनजी लिमिटेड के बोर्ड में निदेशक भी होंगे। उनका भारत के सबसे बड़े क्रैकर प्लांट- पानीपत नेफ्था क्रैकर कॉम्प्लेक्स के साथ दशक पुराना संबंध है।
6. रूस में जनमत संग्रह के दौरान मतों के अनुसार राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन **वर्ष 2036** तक रूस का नेतृत्व कर सकते हैं।
नोट: जनमत के दौरान वोटों के अनुसार, 77.95 प्रतिशत रूसी नागरिकों ने रूस के 1993 के संविधान में संशोधन के समर्थन में मतदान किया है। केवल

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

21.23 प्रतिशत रूसी नागरिकों ने संशोधन के खिलाफ मतदान किया।

7. **वी सूर्यनारायणन को** चोलामंडलम एमएस जनरल इंश्योरेंस कंपनी के नए प्रबंध निदेशक (MD) के रूप में नियुक्त किया गया।

नोट: सूर्यनारायणन एक चार्टर्ड एकाउंटेंट और कंपनी सचिव थे, जो मुरुगप्पा समूह के वित्तीय सेवा क्षेत्र में पिछले 24 वर्षों से सेवा कर रहे थे। सूर्यनारायणन ने चोलामंडलम इनवेस्टमेंट एंड फाइनेंस में 10 वर्षों तक सेवा की और वर्ष 2006 में चोला एमएस में CFO के पद पर नियुक्त हुए और अप्रैल 2019 में अध्यक्ष और COO बने।

8. जीन कैस्टेक्स को **फ्रांस** देश का प्रधानमंत्री नियुक्त किया गया है।

नोट: उन्हें फ्रांसीसी मीडिया में देश में लॉकडाउन हटाने की रणनीति तैयार करने में उनकी भूमिका के लिए जाना जाता है। उन्हें फ्रांसीसी मीडिया के मिस्टर डिकॉन्फाइन्मेंट के रूप में जाना जाता है।

9. तीन वर्श की अवधि के लिए अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण (IFSCA) के प्रथम अध्यक्ष के रूप में **इंजेती श्रीनिवास** को नियुक्त किया गया है।

नोट: अध्यक्ष के अलावा, IFSCA में RBI, IRDAI, SEBI और PFRDA प्रत्येक से नामित सदस्य है। प्राधिकरण में केंद्र सरकार के दो सदस्य और पूर्णकालिक या अंशकालिक सदस्य भी हैं। IFSCA को हाल ही में वित्त मंत्रालय द्वारा 27 अप्रैल को देश में अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्रों (IFSC) में सभी वित्तीय सेवाओं को विनियमित करने के लिए एकीकृत प्राधिकरण के रूप में स्थापित किया गया था।

10. IRDAI द्वारा संविदाकारों के लिए निश्चित बांड की पेशकश करने वाले बीमाकर्ताओं की उपयुक्तता का अध्ययन करने हेतु IRDAI द्वारा स्थापित नौ सदस्य कार्य समूह (WG) के अध्यक्ष के रूप में **जी. श्रीनिवासन** को नियुक्त किया गया है।

11. तीन वर्षीय कार्यकाल के लिए अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण (IFSCA) के पहले अध्यक्ष के रूप में **इंजेती श्रीनिवास को** नियुक्त किया गया है।

नोट: IFSCA गांधीनगर में अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र (IFSC) में सभी वित्तीय सेवाओं को नियंत्रित करता है। अध्यक्ष के अलावा, IFSCA के अन्य सदस्य हैं जिन्हें RBI, SEBI, IRDAI, PFRDA से नामित किया गया है और इसमें केंद्र सरकार के दो सदस्य भी हैं। इंजेती श्रीनिवास ओडिशा कैडर से 1983 बैच के IAS अधिकारी हैं।

12. **जयंत कृष्णा को** UKIBC के पहले भारत स्थित मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) के रूप में नियुक्त किया गया है।

नोट: वह 3 अगस्त 2020 से वर्तमान CEO रिचर्ड हील्ड की जगह पदभार ग्रहण करेंगे। रिचर्ड हील्ड 1 सितंबर 2020 से ग्रुप के अध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभालेंगे, जो एबेरशॉच के वर्तमान चेयरमैन लॉर्ड डेविस की जगह लेंगे। एबेरशॉच के लॉर्ड डेविस UKIBC की नई सीनियर लीडरशिप काउंसिल के अध्यक्ष का पद ग्रहण करेंगे।

13. मल्टी-ब्रांड लक्जरी कार शोरूम लग्जरी राइड के ब्रांड एंबेसडर के रूप में **सुखबीर सिंह** को नियुक्त किया।

नोट: वह जल्द ही अपने आगामी ब्रांड और उत्पाद संचार पहलों में लाभ उठाने के अलावा एक पूर्ण विपणन अभियान में दिखाई देंगे। लग्जरी राइड पुरानी, मल्टी-ब्रांड लक्जरी कार शोरूम की एक श्रृंखला है। इसके पूर्व स्वामित्व वाली लक्जरी कार पोर्टफोलियो में ऑडी, बीएमडब्ल्यू, मर्सिडीज, पोर्शे, वोल्वो, जगुआर, लैंड रोवर, मिनी कूपर और अन्य शामिल हैं।

14. **यूनियन बैंक ऑफ इंडिया** के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) के रूप में राजकिरण राय का कार्यकाल दो वर्ष बढ़ाया गया है।

नोट: राय को 1 जुलाई, 2017 को 30 जून, 2020 तक 3 वर्ष की अवधि के लिए यूनियन बैंक के प्रबंध

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया था। राय के कार्यकाल का विस्तार विलय को सरल करने के लिए है। विलय की इकाई अब भारत का पांचवा सबसे बड़ा सार्वजनिक क्षेत्र का बैंक है।

15. टोरंटो IFF का एंबेसडर **प्रियंका चोपड़ा को** किसे नियुक्त किया गया है।

नोट: वह 50 प्रतिष्ठित फिल्म निर्माताओं और अभिनेताओं की सूची में शामिल हुई हैं, जिन्हें TIFF के एंबेसडर के रूप में आमंत्रित किया गया है। प्रतिष्ठित फिल्म समारोह द्वारा कोरोना वायरस महामारी के मद्देनजर डिजिटल स्क्रीनिंग और वर्चुअल रेड कार्पेट का चयन किया जाएगा। यह महोत्सव 10 सितंबर से शुरू होकर 19 सितंबर, 2020 को समाप्त होगा।

16. 2020 के राष्ट्रपति चुनाव में **पोलैंड** देश के राष्ट्रपति आंद्रेजेज डूडा ने जीत हासिल की है।

नोट: आंद्रेजेज डूडा ने चुनाव के दूसरे दौर में कुल वैध मतों के 51.21 प्रतिशत के साथ बहुमत का आंकड़ा पार करते हुए 1,04,13,094 (1 करोड़ 4 लाख 13 हजार 94 मत) मत हासिल किए हैं। डूडा के प्रतिद्वंद्वी रफेल तिरज़ाकोव्स्की ने कुल वैध मतों में से 48.79 प्रतिशत मत 99,21,219 (99 लाख 21 हजार 219 वोट) हासिल किए और वह दूसरे स्थान पर रहे। आंद्रेजेज डूडा का वर्तमान कार्यकाल 6 अगस्त 2020 को समाप्त होगा, इस जीत के साथ, वह पोलैंड के राष्ट्रपति के रूप में एक और पांच वर्षीय कार्यकाल जारी रखेंगे।

17. हॉकी इंडिया के नए अध्यक्ष के रूप में **ज्ञानेंद्रो निनगोमबम को** नियुक्त किया गया है।

नोट: वह मोहम्मद मुश्ताक अहमद की जगह लेंगे। यह मोहम्मद मुश्ताक अहमद की व्यक्तिगत और पारिवारिक प्रतिबद्धताओं के कारण 7 जुलाई 2020 को हॉकी इंडिया को प्राप्त उनके त्याग पत्र के बाद हुआ।

18. भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) के अंतरिम मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) के रूप में **हेमांग अमीन** को नियुक्त किया गया है।

नोट: वह राहुल जौहरी की जगह लेंगे जिन्होंने हाल ही में BCCI के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) पद से इस्तीफा दे दिया था और उनका इस्तीफा BCCI के पदाधिकारियों द्वारा स्वीकार कर लिया गया था। हेमांग अमीन इंडियन प्रीमियर लीग के मुख्य परिचालन अधिकारी (COO) हैं। वह जून 2010 में IPL संचालन टीम में शामिल हुए और 2015 में IPL के COO के रूप में नियुक्त हुए।

23. एशियाई विकास बैंक (ADB) का उपाध्यक्ष **अशोक लवासा** को नियुक्त किया गया।

नोट: चुनाव आयुक्त अशोक लवासा को फिलीपींस स्थित एशियाई विकास बैंक (ADB) के उपाध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया है। भारतीय निर्वाचन आयोग में लवासा का दो वर्ष से अधिक का कार्यकाल अभी भी शेष है। वह अक्टूबर 2022 में मुख्य निर्वाचन आयुक्त (CEC) के पद से सेवानिवृत्त होंगे।

24. क्रिकेट, फुटबॉल और कबड्डी के लिए समाचार और सूचना वेबसाइट स्पोर्ट्सअड्डा के ब्रांड एंबेसडर के रूप में **ब्रेट ली को** नियुक्त किया गया।

नोट: स्पोर्ट्सअड्डा के ब्रांड एंबेसडर के रूप में, ली क्विज़, बॉलिंग मास्टरक्लास, Q&A जैसी गतिविधियों का संचालन करते हैं और स्पोर्ट्सअड्डा के ऐप, सोशल मीडिया और वेबसाइट पर मुख्य विज्ञापन वस्तुएं प्रदर्शित करते हैं।

25. सूरीनाम का राष्ट्रपति **चंद्रिकाप्रसाद "चान" संतोखी को** चुना गया।

नोट: संतोखी ने मई में हुए आम चुनावों में नेशनल पार्टी ऑफ सूरीनाम (NPS) के पूर्व सैन्य पेतस देसी बॉउटर्स पर जीत हासिल की। उनका जन्म एक पूर्व डच कॉलोनी सूरीनाम में हुआ था, और उन्होंने पुलिस अकादमी, नीदरलैंड में अध्ययन किया था। वह 1991

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

से सूरीनाम में एक पुलिस इंस्पेक्टर थे और बाद में उन्हें चीफ ऑफ पुलिस नियुक्त किया गया था।

26. रोज क्रिश्चियन ओस्सुका रापोंडा को **गैबोन** देश की पहली महिला प्रधानमंत्री नियुक्त किया गया।

नोट: यह पद ग्रहण करने से पहले, ओस्सुका रापोंडा ने फरवरी 2019 से रक्षा मंत्री के रूप में कार्य किया। उनकी नियुक्ति गैबॉन के राष्ट्रपति, अली बोंगो ओंडीम्बा द्वारा जनवरी 2019 के बाद से चौथा मंत्रीमंडल फेरबदल है।

27. SBI कार्ड के नए प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) के रूप में **अश्विनी कुमार तिवारी को** नियुक्त किया गया।

नोट: नई नियुक्ति दो वर्ष के लिए वैध होगी और उनकी नियुक्ति 1 अगस्त, 2020 से लागू होगी। उन्हें इस पद के लिए भारतीय स्टेट बैंक द्वारा नामित किया गया था। तिवारी की नियुक्ति वर्तमान MD और CEO, हरदयाल प्रसाद के इस्तीफे के बाद हुई है, जिन्होंने भारतीय स्टेट बैंक से अपनी स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति के कारण कंपनी के निदेशक पद से हटने का फैसला किया।

28. 18.92 करोड़ रुपये पारिश्रमिक के साथ वित्त वर्ष 2020 में सबसे अधिक भुगतान प्राप्त करने वाले बैंकर **आदित्य पुरी है।**

नोट: HDFC बैंक के प्रबंध निदेशक आदित्य पुरी वित्त वर्ष 2019-20 के लिए शीर्ष ऋणदाताओं के बीच सर्वाधिक वेतन पाने वाले बैंकर बने हैं, जिनका वेतन और आवश्यक सेवाएं 38 प्रतिशत बढ़कर 18.92 करोड़ रुपये हुआ है।

29. IT कंपनी, HCL टेक्नोलॉजी का नया अध्यक्ष **रोशनी नाडर मल्होत्रा** को नियुक्त किया गया।

नोट: नई भूमिका के लिए गैर-कार्यकारी निदेशक रोशनी नाडर मल्होत्रा की नियुक्ति तत्काल प्रभावी है। वह अपने पिता शिव नाडर की जगह लेंगी। शिव नाडर मुख्य रणनीति अधिकारी के पद पर HCL टेक के प्रबंध निदेशक बने रहेंगे।

30. ब्रिक्स चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (CCI) के लिए संचालन समिति के मानद सलाहकार के रूप में **साहिल सेठ को** नियुक्त किया गया है।

नोट: ब्रिक्स चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री एक मूल संगठन है जो ब्रिक्स देशों में वाणिज्य और उद्योग को बढ़ावा देता है। यह 2012 में स्थापित किया गया था। ब्रिक्स CCI का मुख्य उद्देश्य MSME खंड के लिए समर्थन प्रणाली बनाना है। ब्रिक्स CCI का उद्देश्य मुख्य रूप से युवा उद्यमियों तक पहुंच बनाना है। यह उनके व्यवसाय का समर्थन करने और युवा उद्यमियों की आवाज के रूप में कार्य करने का प्रस्ताव करता है।

31. इंटरनेशनल यूनियन ऑफ रेलवे (UIC) का उपाध्यक्ष **अरुण कुमार को** मनोनीत किया गया है।

नोट: यह निर्णय UIC महासभा में लिया गया। इंटरनेशनल यूनियन ऑफ रेलवे को यूनियन इंटरनेशनेल डेस केमिन्स (UIC) भी कहा जाता है। UIC का मुख्यालय पेरिस में है।

32. गैर-जीवन बीमाकर्ता SBI जनरल इंश्योरेंस के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी के रूप में **प्रकाश चंद्र कांडपाल को** नियुक्त किया गया है।

नोट: वह जून 2019 से SBI जनरल इंश्योरेंस के डिप्टी CEO के रूप में सेवारत हैं। वह पूषण महापात्रा की जगह लेंगे जिन्हें निदेशक नियुक्त किया गया है।

33. राष्ट्रीय खनिज विकास निगम (NMDC) के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक (CMD) के रूप में **सुमित देब को** नियुक्त किया गया है।

नोट: देब वर्तमान में NMDC में निदेशक (कार्मिक) के रूप में कार्यरत हैं। NMDC के CMD के रूप में उनका कार्यकाल 28 फरवरी, 2023 तक रहेगा। वह NMDC के CMD के रूप में एन. बैजेंद्र कुमार की जगह लेंगे जो 31 जुलाई 2020 को CMD के पद से सेवानिवृत्त होंगे।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

34. राष्ट्रीय वित्तीय रिपोर्टिंग प्राधिकरण (NFRA) की तकनीकी सलाहकार समिति (TAC) के अध्यक्ष के रूप में **आर. नारायणस्वामी को** नियुक्त किया गया है

नोट: समिति में अध्यक्ष सहित 7 सदस्य होते हैं। समिति के सदस्य लेखांकन और लेखा परीक्षण मानकों के प्रारूप से संबंधित मुद्दों पर NFRA की कार्यकारी संस्था को सहायता और जानकारी प्रदान करेंगे।

35. करूर वैश्य बैंक (KVB) के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी के रूप में **रमेश बाबू बोड्डू को** नियुक्त किया गया।

नोट: उनकी तीन वर्ष की नियुक्ति भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा अनुमोदित नियमों और शर्तों पर कार्यभार ग्रहण करने की तारीख से प्रभावी है। वह अप्रैल 2020 में भारतीय स्टेट बैंक में उप प्रबंध निदेशक के रूप में सेवानिवृत्त हुए थे।

36. भारतीय उपमहाद्वीप के लिए सिस्टम्स, एप्लीकेशन एंड प्रॉडक्ट्स इन डेटा प्रोसेसिंग (SAP) के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक के रूप में **कुलमीत बाजवा को** नियुक्त किया गया।

नोट: कुलमीत हमारे पारिस्थितिकी तंत्र में कर्मचारियों और ग्राहकों के लिए एक असाधारण SAP अनुभव प्रदान करने के साथ भारत, बांग्लादेश और श्रीलंका में डिजिटल-फर्स्ट मानसिकता को अपनाने के लिए व्यवसायों का मार्गदर्शन करने के लिए उत्तरायी होंगे। कुलमीत सीधे स्कॉट रसेल, SAP एशिया पैसिफिक जापान के अध्यक्ष को रिपोर्ट करेंगे।

37. माइक्रोफाइनेंस इंस्टीट्यूशंस नेटवर्क (MFIN) का निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) **आलोक मिश्रा** नियुक्त किया गया।

नोट: यह नियुक्ति 1 अगस्त 2020 से प्रभावी होगी। डॉ. मिश्रा ने वर्तमान CEO हर्ष श्रीवास्तव का पदभार संभाला, जिन्होंने MFIN में 2 वर्ष से अधिक समय बिताने के बाद अपना इस्तीफा दे दिया। डॉ. आलोक मिश्रा के पास नीति और कार्यान्वयन स्तर पर अंतर्राष्ट्रीय विकास, ग्रामीण वित्त, माइक्रोफाइनेंस, समावेशी वित्त और अनुसंधान में लगभग 28 वर्षों का व्यावसायिक अनुभव है।

38. विदेश मंत्रालय (MEA), भारत सरकार का सचिव **रिवा गांगुली को** नियुक्त किया गया।

नोट: सुश्री दास जो 1986 बैच की भारतीय विदेश सेवा अधिकारी हैं, इस वर्ष 30 सितंबर को सुश्री विजय ठाकुर सिंह के सेवानिवृत्त होने के बाद उनकी जगह लेंगी।

39. इंडियन ओवरसीज बैंक के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी के रूप में **पार्थ प्रतिम सेनगुप्ता** को नियुक्त किया गया।

नोट: उनकी नियुक्ति सेवानिवृत्ति की आयु प्राप्त करने की तारीख 31 दिसंबर 2022 तक या अगले आदेशों तक, जो भी पहले हो, प्रभावी रहेगी। वर्तमान में, वह भारतीय स्टेट बैंक में उप प्रबंध निदेशक और मुख्य क्रेडिट अधिकारी के रूप में सेवारत हैं।

40. जगुआर लैंड रोवर (JLR) के नए मुख्य कार्यकारी अधिकारी के रूप में **थियरी बोलोर** को नियुक्त किया गया।

नोट: वह राल्फ स्पेथ की जगह लेंगे, जो JLR के गैर-कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में कार्य जारी रखेंगे। बोलोर ने ऑटोमोटिव और ऑटो कंपोनेंट कंपनियों जैसे रेनॉल्ट, फौरेसिया और मिशेलिन में काम किया है। वह हाल ही में ग्रुप रेनॉल्ट के CEO थे।

41. ICRA लिमिटेड के नए प्रबंध निदेशक (MD) और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) के रूप में **एन. शिवरामन को** नियुक्त किया गया।

नोट: शिवरामन ने L&T फाइनेंस (लार्सन एंड टर्बो) में अध्यक्ष और पूर्णकालिक निदेशक का पद संभाल चुके हैं। 8 दिसंबर 2018 को, उन्होंने IL&FS में मुख्य परिचालन अधिकारी का पद ग्रहण किया, जो 31 जुलाई, 2020 को समाप्त हो रहा है।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

42. संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने अपने नए युवा नेता सलाहकार समूह में **अर्चना सोरेंग** को शामिल किया है

नोट: अर्चना सोरेंग दुनिया भर के छह अन्य युवा जलवायु नेताओं में शामिल हुई, जिन्हें संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने जलवायु परिवर्तन पर अपने नए युवा सलाहकार समूह का नाम दिया है।

43. सह-अवसान आधार पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निजी सचिव (PS) के रूप में **हार्दिक सतीशचंद्र शाह** को नियुक्त किया गया।

नोट: वह वर्तमान में प्रधान मंत्री कार्यालय (PMO) में उप सचिव के रूप में कार्य कर रहे हैं। पिछले वर्ष PMO जाने से पहले, उन्होंने पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री प्रकाश जावड़ेकर के निजी सचिव के रूप में काम किया था।

महत्वपूर्ण समाचार - भारत

1. दक्षिण दिल्ली नगर निगम (SDMC) ने दो महारत्न PSU **इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड और NTPC लिमिटेड** के साथ अपशिष्ट से ऊर्जा संयंत्र ओखला स्थापित करने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।

नोट: दिल्ली में, नगरपालिका ठोस अपशिष्ट (MSW) प्रबंधन स्थानीय नगर प्राधिकरण के लिए एक प्रमुख मुद्दा रहा है, अपशिष्ट से ऊर्जा इस मुद्दे को हल करने में मदद करेगी और हमें एक अधिक ऊर्जा कुशल और हरित भविष्य की ओर ले जाएगी। दिल्ली में संयंत्र एक प्रदर्शन मॉडल के रूप में काम करेगा, जिसकी सफलता से देश के अन्य शहरों में ऐसे संयंत्र स्थापित करने में मदद मिलेगी।

2. नीति आयोग और **रॉकी माउंटेन इंस्टीट्यूट (RMI)** संस्थान ने साथ मिलकर 'टुवार्ड्स ए क्लीन एनर्जी इकोनॉमी: पोस्ट-कोविड -19 अपार्चुनिटीज़ फॉर इंडियाज एनर्जी एंड मोबिलिटी सेक्टर्स' रिपोर्ट जारी की।

नोट: रिपोर्ट में विशिष्ट कार्यों की सिफारिश की गई है और एक ढांचे के रूप में चार सिद्धांतों को निर्धारित किया गया है, जिसके द्वारा भारत हमारे दो आर्थिक ऊर्जा शक्तियों परिवहन और बिजली क्षेत्रों को COVID-19 के प्रभाव से पुनर्जीवित कर सकता है, जिसने उनकी मांग और आपूर्ति को प्रभावित किया है।

3. भारतीय रेलवे द्वारा संचालित सबसे लंबी 2.8 किमी लंबी मालगाड़ी को **शेषनाग** नाम दिया गया है।

नोट: भारतीय रेलवे ने सबसे लंबी मालगाड़ी परिचालित करके एक नया कीर्तिमान बनाया। भारतीय रेलवे ने इसे 'शेषनाग' नाम दिया। रेल में कुल 251 डिब्बे थे जो नौ इलेक्ट्रिक इंजनों द्वारा खींचे गए थे जिन्हें गाड़ी में बीच में लगाया गया था। भारतीय रेलवे के दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे जोन ने यह उपलब्धि हासिल की। ट्रेन में खाली BOXN रैक थे।

4. केंद्रीय समुद्री मात्स्यिकी अनुसंधान संस्थान (CMFRI) की रिपोर्ट "एनुअल मरीन फिश लैंडिंग्स इन इंडिया फॉर 2019" के अनुसार, **तमिलनाडु** राज्य ने वार्षिक मछली उत्पादन में शीर्ष स्थान हासिल किया है

नोट: रिपोर्ट के अनुसार, तमिलनाडु ने वार्षिक मछली उत्पादन में 7.75 लाख टन उत्पादन के साथ शीर्ष हासिल किया और इसके बाद गुजरात (7.49 लाख टन) का स्थान था, जो पूर्व में पहले स्थान पर था, और केरल (5.44 लाख टन) ने तीसरा स्थान हासिल किया। उल्लेखनीय रूप से, वैश्विक मोर्चे पर, भारत समुद्री मत्सय उत्पादन में चीन और इंडोनेशिया के बाद तीसरे स्थान पर है।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

5. **विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय** के तहत कार्यरत एक सांविधिक संस्था SERB द्वारा "एक्सिलरेट विज्ञान" नामक एक अंतर-मंत्रालयी योजना शुरू की गई।
नोट: इस योजना का प्राथमिक उद्देश्य उच्च स्तरीय वैज्ञानिक अनुसंधान और जनशक्ति को प्रोत्साहित करने पर जोर देना है जो ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देगा। यह योजना अनुसंधान क्षमता, परामर्शदाताओं की पहचान करेगी और राष्ट्रीय स्तर पर प्रायोगिक प्रशिक्षण प्रदान करेगी।
6. गृह मंत्रालय (MHA) द्वारा **रणबीर सिंह** अध्यक्षता में आपराधिक कानून में सुधार के लिए केंद्रीय समिति का गठन किया गया।
नोट: इस समिति का उद्देश्य सरकार को सौंपी जाने वाली अपनी रिपोर्ट के लिए विशेषज्ञों के साथ परामर्श करके उनकी राय और परामर्श सामग्री एकत्र करना है। इस संबंध में, समिति ने ऑनलाइन परामर्श तंत्र के माध्यम से इस कवायद में भाग लेने के लिए आपराधिक कानून क्षेत्र के विशेषज्ञों को आमंत्रित किया है।
7. CBSE ने पहले चरण में अपने संबद्ध स्कूलों के शिक्षकों और छात्रों के लिए एक नि: शुल्क और व्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू करने हेतु सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म **फेसबुक** के साथ भागीदारी की है।
नोट: कार्यक्रम संवर्धित वास्तविकता पर शिक्षक प्रशिक्षण और डिजिटल सुरक्षा एवं ऑनलाइन हित पर छात्र प्रशिक्षण को शामिल करेगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम तीन सप्ताह का होगा जिसमें 10 हजार शिक्षकों को संवर्धित वास्तविकता पर प्रशिक्षित किया जाएगा, जबकि 10 हजार छात्रों को डिजिटल सुरक्षा और हित पर प्रशिक्षित किया जाएगा।
8. 'आत्मनिर्भर भारत ऐप इनोवेशन चैलेंज' की घोषणा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा की गई थी, यह **इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी** मंत्रालय की पहल है।
नोट: ऐप इनोवेशन चैलेंज अटल इनोवेशन मिशन के साथ साझेदारी में MeitY की एक पहल है। ऐप के लिए पुरस्कार राशि विभिन्न श्रेणी के आधार पर 20 लाख रुपये से 2 लाख रुपये के बीच है। ऐप का मूल्यांकन उपयोग में आसानी, दृढ़ता, सुरक्षा सुविधाओं और मापनीयता के आधार पर किया जाएगा।
9. अखिल भारतीय आधार पर 5000 मेगावाट की सौर और ऊष्मीय ऊर्जा संपदाएं विकसित करने हेतु एक संयुक्त उद्यम कंपनी (JVC) के गठन के लिए कोल इंडिया लिमिटेड ने **NLC इंडिया लिमिटेड** के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए।
नोट: कोल इंडिया और NLC के बीच प्रस्तावित JVC में इक्विटी भागीदारी 50:50 के अनुपात में होगी। यह संयुक्त उद्यम कंपनी कोयला मंत्रालय के अंतर्गत दो केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के तालमेल और विशेषज्ञता के साथ ऊर्जा क्षेत्र में एक नए युग का प्रतीक है।
10. **DRDO** ने टाटा संस प्राइवेट लिमिटेड की साझेदारी में नई दिल्ली में 1000 बेड वाला सरदार वल्लभभाई पटेल COVID-19 अस्पताल विकसित किया है।
नोट: यह केंद्र COVID-19 पॉजिटिव रोगियों के लिए उपचार और देखभाल प्रदान करेगा। टाटा संस प्राइवेट लिमिटेड के साथ, सरदार वल्लभभाई पटेल COVID-19 अस्पताल DRDO द्वारा विकसित किया गया है। यह केंद्र भारतीय वायु सेना की भूमि में स्थापित किया गया है।
11. भारतीय रेलवे ने रेलवे की ओवरहेड लाइन को सीधे बिजली देने के लिए 1.7 मेगावाट की सौर ऊर्जा संयंत्र परियोजना की स्थापना **बीना में** की है
नोट: यह परियोजना अद्वितीय है क्योंकि, दुनिया में पहली बार, सौर ऊर्जा संयंत्र द्वारा उत्पादित बिजली को सीधे राष्ट्रीय परिवाहक की ओवरहेड बिजली लाइनों में पहुंचाया जाएगा ताकि ट्रेनों को चलाने के लिए इलेक्ट्रिक इंजनों की संकर्षण प्रणाली को बिजली दी जा

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

सके। भारतीय रेलवे द्वारा भारत हैवी इलेक्ट्रिकल लिमिटेड (BHEL) के साथ मिलकर रेलवे की जमीन पर 1.7 मेगा वाट सौर ऊर्जा संयंत्र की प्रायोगिक परियोजना स्थापित की गई है।

12. रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) देश की भविष्य की रक्षा तकनीकी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए **IIT-हैदराबाद** में एक अनुसंधान प्रकोष्ठ की स्थापना करने जा रहा है।

नोट: 'उत्कृष्टता केंद्र' के रूप में परिकल्पित, इस प्रकोष्ठ को DRDO रिसर्च एंड इनोवेशन सेंटर (RIC), चेन्नई के विस्तार के रूप में स्थापित किया जा रहा है। अनुसंधान प्रकोष्ठ दोनों संगठनों के बीच विभिन्न परियोजनाओं के निर्बाध निष्पादन को सुनिश्चित करेगा क्योंकि IIT-हैदराबाद के पास उन्नत प्रौद्योगिकियों में एक मजबूत अनुसंधान आधार है।

13. हाल ही में कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी प्रेस द्वारा जारी "सतत विकास रिपोर्ट (SDR) 2020" में भारत की रैंक **117वीं** है, जिसमें SDG सूचकांक और डैशबोर्ड शामिल है।

नोट: सूचकांक में स्वीडन सबसे ऊपर रहा है। इस रिपोर्ट में कोविड -19 के बीच 17 SDG संकेतकों, SDG के भविष्य के साथ-साथ 2030 तक प्रक्षेपवक्रों की गणना के समय के साथ परिवर्तन की जानकारी है। 2020 की रिपोर्ट में 193 संयुक्त राष्ट्र सदस्य देशों के प्रदर्शन की समीक्षा की गई, जिसमें से 166 को SDG सूचकांक 2020 के तहत स्थान दिया गया था।

14. अनुसंधान केंद्र INFORM द्वारा जारी "INFORM रिपोर्ट 2020: शेयर्ड एवीडेंस फॉर मैनेजिंग क्राइसेस एंड डिजास्टर" में भारत की रैंक **31वीं** है।

नोट: रिपोर्ट में "INFORM रिस्क इंडेक्स" के आधार पर देशों को स्थान दिया गया है, जिसमें 8.9 के सूचित जोखिम के साथ सोमालिया सबसे ऊपर है। रिपोर्ट में 191 देशों का विश्लेषण किया गया है। विशेष रूप से, यह रिपोर्ट संयुक्त राष्ट्र - मानवीय कार्य समन्वय कार्यालय (UN-OCHA) द्वारा सभी INFORM सहयोगियों की ओर से निर्मित की गई है।

15. **के.एस. रेड्डी की** अध्यक्षता में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (NHRC) ने व्यक्तियों के मानवाधिकारों पर कोविड -19 के प्रभाव का अध्ययन करने के लिए 11 सदस्यीय विशेषज्ञ समिति का गठन किया है।

नोट: विशेषज्ञ समिति का नेतृत्व पब्लिक हेल्थ फाउंडेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष डॉ. के.एस. रेड्डी करेंगे। विशेषज्ञ समिति प्रवासी मजदूर सहित लोगों, विशेष रूप से समाज के सीमांत और कमजोर वर्गों के मानवाधिकारों पर कोविड -19 के प्रभाव का आकलन करेगी।

16. **गृह मंत्रालय** ने राजीव गांधी फाउंडेशन (RGF) समेत नेहरू-गांधी परिवार से जुड़े तीन ट्रस्टों की जांच के लिए एक अंतर-मंत्रालय समिति का गठन किया है।

नोट: समिति का नेतृत्व प्रवर्तन निदेशालय के विशेष निदेशक करेंगे। कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी RGF की अध्यक्ष हैं और इसके बोर्ड में पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह, राहुल गांधी, पी. चिदंबरम और प्रियंका गांधी शामिल हैं।

17. एशिया का सबसे बड़ा और विश्व का दूसरा सबसे बड़ा अपटाइम टियर IV डिजाइन्ड डेटा सेंटर भारत के **नवी मुंबई** शहर में स्थापित किया गया

नोट: डेटा सेंटर का नाम 'Yotta NM1 या NM1' है, जो नवी मुंबई के पनवेल क्षेत्र में 600 एकड़ के हीरानंदानी फॉर्च्यून सिटी के अंदर स्थित है। हीरानंदानी फॉर्च्यून सिटी के अंदर, पनवेल डेटा सेंटर पार्क या इंटीग्रेटेड योटा डेटा सेंटर पार्क नामक एक डेटा सेंटर पार्क विकसित किया गया है, NM1 पनवेल डेटा सेंटर पार्क के अंदर स्थित है।

18. अमेरिका स्थित जोन्स लैंग लासेले इनकॉर्पोरेटेड (JLL) द्वारा जारी ग्लोबल रियल एस्टेट ट्रांसपेरेंसी इंडेक्स (GRETI) 2020 में भारत की रैंक **34वीं** है।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

नोट: सूचकांक को संयुक्त राज्य अमेरिका स्थित संपत्ति और निवेश प्रबंधन सेवा कंपनी- जोन्स लैंग लासेले इनकॉर्पोरेटेड (JLL) द्वारा जारी किया गया था। GRETI पहली बार वर्ष 1999 में जारी किया गया था। इस वर्ष GRETI का 11वां संस्करण है। GRETI के 11वें संस्करण में कुल 163 शहरों और 99 देशों को शामिल किया गया है।

19. केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (CBDT) ने **SEBI के** साथ परस्पर डेटा का आदान-प्रदान करने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।

नोट: समझौता ज्ञापन SEBI और CBDT के बीच डेटा और सूचनाओं को स्वचालित और नियमित आधार पर साझा करने की सुविधा प्रदान करेगा। डेटा के नियमित आदान-प्रदान के अलावा, SEBI और CBDT विभिन्न कानूनों के तहत अपने कार्यों की पूर्ति के उद्देश्य से, अनुरोधों और स्वप्रेरणा के आधार पर अपने संबंधित डेटाबेस में उपलब्ध किसी भी जानकारी को एक दूसरे के साथ साझा भी करेंगे।

20. केंद्रीय क्षेत्र की योजना "कृषि अवसंरचना कोष" का बजट परिव्यय **1 लाख करोड़ रुपये** है जिसे केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मंजूरी दी थी।

नोट: यह योजना ब्याज अनुदान और वित्तीय सहायता के माध्यम से फसल उपरांत प्रबंधन परियोजनाओं और सामुदायिक कृषि संपदा में निवेश के लिए एक मध्यम दीर्घकालिक ऋण वित्तपोषण सुविधा प्रदान करेगी। चालू वर्ष में 10,000 करोड़ रुपये और अगले तीन वित्त वर्ष में से प्रत्येक के लिए 30,000 करोड़ रुपये की मंजूरी की शुरुआत के साथ चार वर्षों में ऋण वितरित किए जाएंगे।

21. राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (NSDC) ने देश के युवाओं के डिजिटल कौशल को बढ़ाने के लिए तकनीक कंपनी **माइक्रोसॉफ्ट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड** के साथ करार किया है।

नोट: NSDC के साथ साझेदारी माइक्रोसॉफ्ट की ग्लोबल स्किलिंग इनिशिएटिव का विस्तार है। इसके तहत, कंपनी दुनिया भर के 25 मिलियन लोगों को नए डिजिटल कौशल सिखा रही है, जिसकी कोरोनावायरस (कोविड -19) अर्थव्यवस्था में जरूरत है। दो कंपनियों के बीच करार से युवाओं को डिजिटल अर्थव्यवस्था के लिए अपने कौशल को पुन: परिभाषित करने का मौका मिलेगा।

22. **सुरेश माथुर** की अध्यक्षता में IRDAI ने 'पैन्डेमिक रिस्क पूल' की स्थापना की संभावना का पता लगाने के लिए 9-सदस्यीय कार्य समूह का गठन किया है।

नोट: IRDAI के कार्यकारी निदेशक सुरेश माथुर सदस्यों के रूप में उद्योग प्रतिनिधियों के साथ 9-सदस्यीय कार्य समूह के अध्यक्ष होंगे। पूल की आवश्यकता का अध्ययन करने के अलावा, समूह संरचना और संचालन मॉडल की भी सिफारिश करेगा।

23. केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा हाल ही में स्वीकृत अफोर्डेबल रेंटल हाउसिंग कॉम्प्लेक्स (ARHCs) योजना **प्रधानमंत्री आवास योजना (PMAY)** तहत एक उप-योजना है।

नोट: इसके अंतर्गत प्रमुख शहरों में मौजूदा सरकारी वित्त पोषित आवास परिसरों को ARHC में परिवर्तित किया जाएगा, और शहरी गरीब तथा प्रवासी श्रमिकों को इकाइयां किराए पर देने के लिए 25 वर्षों की रियायतग्राही की पेशकश की जाएगी।आवास एवं शहरी विकास मंत्रालय द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुसार, राज्य और नागरिक संस्था बोली के माध्यम से रियायतग्राही का चयन करेंगे।

24. **IIT हैदराबाद** ने एक बहुराष्ट्रीय प्रौद्योगिकी कंपनी, NVIDIA के साथ भारत का पहला NVIDIA AI प्रौद्योगिकी केंद्र (NVAITC) स्थापित करने के लिए समझौता किया है।

नोट: भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान हैदराबाद (IITH) ने भारत का पहला NVIDIA AI प्रौद्योगिकी केंद्र (NVAITC) स्थापित करने के लिए एक बहुराष्ट्रीय

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

प्रौद्योगिकी कंपनी, NVIDIA के साथ समझौता किया है।यह केंद्र आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और इसके वाणिज्यिक अभिग्रहण पर शोध को गति देने के लिए स्थापित किया गया है।

25. **संस्कृति मंत्रालय** ने हाल ही में मंगोलियाई कंजूर पांडुलिपि के पहले पांच संस्करणों को जारी किया।

नोट: राष्ट्रीय पांडुलिपि मिशन (NMM) के तहत प्रकाशित मंगोलियाई कंजूर के पांच भागों का पहला सेट हाल ही में मंगोलिया सरकार को प्रस्तुत किया गया था। मंगोलियाई कंजूर, 108 भागों में बौद्ध विहित ग्रंथ मंगोलिया में सबसे महत्वपूर्ण धार्मिक ग्रंथ माना जाता है। मंगोलियाई भाषा में 'कंजूर' का अर्थ है 'संक्षिप्त आदेश' -विशेष रूप से भगवान बुद्ध के शब्द।

26. **टी-हब** कंपनी ने डिजिटल इंडिया और सूचना प्रौद्योगिकी स्टार्ट-अप के स्केल अप कार्यक्रम का नेतृत्व करने के लिए इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY) और डिजिटल इंडिया के साथ साझेदारी की है।

नोट: गतिशीलता, ऊर्जा, कृषि, वांतरिक्ष, विनिर्माण, उपभोक्ता, हेल्थटेक, मेडटेक, स्मार्ट सिटी और लॉजिस्टिक्स और आपूर्ति श्रृंखला क्षेत्र में अग्रणी समाधान के साथ 10-15 स्टार्टअप्स को शॉर्टलिस्ट किया जाएगा। कार्यक्रम के लिए आवेदन की मांग जुलाई 2020 से शुरू होगी। एक व्यापक स्क्रीनिंग प्रक्रिया के बाद सैकड़ों आवेदनों से स्टार्टअप को शॉर्टलिस्ट किया जाएगा।

27. नॉन-पर्सनल डेटा से संबंधित विभिन्न मुद्दों का अध्ययन करने के लिए 9-सदस्यीय समिति के प्रमुख **क्रिस गोपालाकृष्णन** थे, जिन्होंने इस तरह की सूचनाओं को विनियमित करने के लिए एक नए कानून का आह्वान किया।

नोट: समिति दृढ़ता से सिफारिश की है कि प्रस्तावित नॉन-पर्सनल डेटा गवर्नेन्स फ्रेमवर्क नॉन-पर्सनल डेटा को विनियमित करने के लिए एक नए कानून का आधार है। समिति का गठन पिछले वर्ष इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY) द्वारा किया गया था।

28. भारत की दूसरी VNR 2020 रिपोर्ट "डेकेड ऑफ एक्शन: टेकिंग SDGs फ्रॉम ग्लोबल टू लोकल" **नीति आयोग** द्वारा संयुक्त राष्ट्र उच्च-स्तरीय राजनीतिक फोरम को प्रस्तुत किया गया था।

नोट: HLPF 17 सतत विकास लक्ष्यों (SDG) पर प्रगति की निरंतरता और समीक्षा के लिए सबसे महत्वपूर्ण अंतर्राष्ट्रीय मंच है। डॉ. राजीव कुमार, नीति आयोग के उपाध्यक्ष, ने VNR प्रस्तुत किया।

29. BSE ने अपने स्टार्ट-अप प्लेटफॉर्म में स्टार्ट-अप सूचीकरण को प्रोत्साहित करने और उच्च निवेशक गहनता' विकसित करने के लिए **IIT पूर्व छात्र परिषद** के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

नोट: गठबंधन इकाई पारदर्शिता, शासन में सुधार, शेयर कीमत की बाजार खोज, निजी इक्विटी निवेशकों के लिए चलनिधि प्रदान करेगा और खुदरा भागीदारी को सक्षम करेगा। IIT पूर्व छात्र परिषद विश्व भर में 100 से अधिक शहर अध्यायों के साथ सभी 23 IIT में पूर्व छात्रों, छात्रों और संकाय का सबसे बड़ा वैश्विक निकाय है।

30. भारतीय रेल मंत्रालय **2030** तक भारतीय रेलवे को ग्रीन रेलवे में बदलने के लक्ष्य के साथ एक मिशन मोड पर है।

नोट: ब्रॉड गेज (BG) नेटवर्क पर सभी मार्गों का दिसंबर तक विद्युतीकरण करने की योजना बनाई गई है। भारतीय रेलवे ने सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए कई पहल शुरू की हैं। भारतीय रेलवे रूफटॉप सोलर पैनल (डेवलपर मॉडल) के माध्यम से 500 मेगावाट (MW) ऊर्जा क्षमता का उपयोग करने के लिए काम कर रहा है। 245 मेगावाट पहले ही प्रदान कर चुकी है और इन संयंत्रों को पूरा करने का लक्ष्य दिसंबर 2022 है।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

31. भारत का पहला केबल से टिका इंडियन रेलवे ब्रिज "अंजी खाद ब्रिज" **कोंकण रेलवे कॉर्पोरेशन लिमिटेड** द्वारा बनाया गया है जो जम्मू और कश्मीर में कटरा और रियासी को जोड़ेगा।

नोट: कोंकण रेलवे कॉर्पोरेशन लिमिटेड (KRCL) द्वारा विकसित किया जा रहा भारत का पहला केबल से टिका इंडियन रेलवे ब्रिज "अंजी खाद ब्रिज" जम्मू और कश्मीर में कटरा और रियासी को जोड़ेगा। केबल से टिका रेल ब्रिज उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक (USBRL) परियोजना का एक हिस्सा है, जो युवा हिमालय से होकर गुजरता है।

32. भारत के खाद्य एवं कृषि संगठन (FAO) ने **चिली** देश के साथ 2021 अंतर्राष्ट्रीय फल एवं सब्जी वर्ष के आधिकारिक शुरुआत की सह-मेजबानी की।

नोट: इसे 2020 के उच्च-स्तरीय राजनीतिक मंच - "अंतर्राष्ट्रीय फल और सब्जी वर्ष 2021 के मार्ग पर: फल और सब्जियों के दीर्घकालिक उत्पादन और खपत के माध्यम से स्वास्थ्य और पोषण संबंधी लाभों पर प्रकाश डालना" का सह-कार्यक्रम कहा गया था।

33. भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (AAI) ने विमान पत्तन व्यवसाय में उभरते वैश्विक अवसरों का सहयोग और समर्थन करने के लिए **भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड** के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

नोट: जैसा कि AAI विकास भागीदार के रूप में कार्य करेगा, यह BEL को भारत से बाहर MEA परियोजनाओं के कार्यान्वयन में सक्षम बनाने के लिए BEL को अपने विशेषज्ञता क्षेत्र में सहायता प्रदान करेगा। समझौता ज्ञापन से नागरिक उड्डयन उद्योग को बढ़ावा मिलने की संभावना है। संगठन वर्तमान और भविष्य में BEL द्वारा ली गई परियोजनाओं में नागरिक उड्डयन क्षेत्र में एक-दूसरे के साथ सहयोग करेंगे।

34. **GMR अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, हैदराबाद** ने भारत की पहली पूर्णतया संपर्क रहित विमानपत्तन कार पार्किंग पेश की है।

नोट: NETC फास्टैग कार पार्क भारत सरकार के NETC फास्टैग कार्यक्रम "वन नेशन वन टैग" का एक हिस्सा है।GMR हवाई अड्डे ने नवंबर 2019 में भारत में पहली बार राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक टोल संग्रह (NETC) फास्टैग कार पार्क की शुरुआत की थी।

35. भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (CCI) ने **एसेसो कंपनी प्राइवेट लिमिटेड (Aceso)** को हेल्थकेयर ग्लोबल इंटरप्राइजेज लिमिटेड (HCG) के अधिग्रहण को मंजूरी दे दी।

नोट: CCI ने प्रतिस्पर्धा अधिनियम, 2002 की धारा 31 (1) के तहत अधिग्रहण को मंजूरी दी। एसेसो कंपनी प्राइवेट लिमिटेड (Aceso) एक इकाई है जो CVC नेटवर्क का हिस्सा है। CVC नेटवर्क में तीन इकाइयां हैं जो निजी स्वामित्व में हैं और कुछ निवेश निधियों के साथ-साथ प्लेटफार्मों की ओर से निवेश परामर्श देती हैं और / या निवेश प्रबंधन करती हैं।

36. "एयरोस्पेस एंड डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग टेक्नोलॉजीज" सम्मेलन के 5वें संस्करण का उद्घाटन **श्रीपद येसो नाइक** ने किया।

नोट: तमिलनाडु प्रौद्योगिकी विकास एवं संवर्धन केंद्र (TNTDPC) ने सोसाइटी ऑफ इंडियन डिफेंस मैन्युफैक्चरर्स (SIDM) और भारतीय उद्योग परिसंघ (CII) के साथ संयुक्त रूप से सम्मेलन का आयोजन किया।

37. कोंकण रेलवे कॉरपोरेशन द्वारा बनाए जा रहे अंजी खाद पुल की लंबाई **473.25 मीटर** होगी जो जम्मू-कश्मीर में कटरा और रियासी को जोड़ेगा।

नोट: कोंकण रेलवे कॉर्पोरेशन लिमिटेड (KRCL) द्वारा विकसित किया जा रहा भारत का पहला केबल से टिका इंडियन रेलवे ब्रिज "अंजी खाद ब्रिज" जम्मू और कश्मीर में कटरा और रियासी को जोड़ेगा। केबल से

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

टिका रेल ब्रिज उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक (USBRL) परियोजना का एक हिस्सा है, जो युवा हिमालय से होकर गुजरता है।

38. रजिस्ट्रार जनरल कार्यालय के सैंपल रजिस्ट्रेशन सिस्टम (SRS) द्वारा जारी भारत में मातृ मृत्यु दर पर विशेष बुलेटिन 2016-18 के अनुसार, भारत में मातृ मृत्यु दर अनुपात (MMR) कम होकर **113** हो गया है।

नोट: मातृ मृत्यु दर के प्रमुख संकेतकों में से एक MMR है, जिसे 1,00,000 जीवित जन्मों में मातृ मृत्यु की संख्या के रूप में परिभाषित किया गया है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा निर्धारित सतत विकास लक्ष्यों (SDG) के लक्ष्य 3.1 का उद्देश्य वैश्विक मातृ मृत्यु अनुपात को प्रति 100,000 जीवित जन्मों पर 70 से कम करना है।

39. भारत के सबसे बड़े वाणिज्यिक शिपबिल्डर कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड (CSL) ने **नॉर्वे** के लिए पहले पूर्णतया स्वचालित इलेक्ट्रिक जहाज के निर्माण हेतु एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं।

नोट: दो जहाजों का मूल्य 125 करोड़ रुपये है, लागत में दो वैकल्पिक जहाजों का मूल्य शामिल नहीं है। जहाजों को कोन्ग्सबर्ग मैरीटाइम सिस्टम का उपयोग करके नेवल डायनेमिक्स नॉर्वे द्वारा डिजाइन किया गया है, जिसमें इंजीनियरिंग कार्य CSL द्वारा किया जाएगा। वे DNV GL श्रेणी के तहत बनाए जाएंगे और नॉर्वे में लॉन्च किए जाएंगे।

40. भारत के **कोच्चि** बंदरगाह देश का पहला और एशिया का अग्रणी ट्रांस-शिपमेंट पोर्ट वल्लारपदम टर्मिनल विकसित कर रहा है।

नोट: यह केरल के कोच्चि में कोचीन बंदरगाह का एक हिस्सा है। यह वल्लारपदम द्वीप पर स्थित है। कोच्चि इंटरनेशनल कंटेनर ट्रांस-शिपमेंट टर्मिनल (ICTT), को वल्लारपदम के नाम से जाना जाता है।

41. सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ पेट्रोकेमिकल्स इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (CIPET) को PPE किट के परीक्षण और प्रमाणन के लिए NABL द्वारा अधिकृत किया गया है। CIPET **रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय** के तहत काम करता है।

नोट: PPE किट में अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप दस्ताने, कवरल, फेस शील्ड, चश्मे और ट्रिपल लेयर मेडिकल मास्क शामिल हैं। COVID- 19 महामारी के खिलाफ लड़ाई में CIPET की एक अन्य उपलब्धि और आत्मनिर्भर भारत की ओर अगला कदम है।

42. रेल मंत्रालय के अनुसार निजी ट्रेन **2023** से चलाने की योजना है।

नोट: रेल मंत्रालय के अनुमानों के अनुसार, ट्रांसपोर्टर अप्रैल 2021 से उन कंपनियों का चयन करेंगे जो निजी ट्रेनों को चलाएंगी। पहली 12 वर्ष 2023-24 तक चालू होने की उम्मीद है, इसके बाद वित्त वर्ष 2024-25 में 45 और वित्त वर्ष 2025-26 में अगली 50 और अंतम में 2026-27 तक और 44 चालू होंगी।

43. केंद्रीय पर्यावरण और सूचना एवं प्रसारण मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने **भारतीय कछुए** से संबंधित **KURMA मोबाइल एप्लिकेशन** की सराहना की।

नोट:मोबाइल एप्लिकेशन KURMA, इस वर्ष 23 मई को विश्व कछुआ दिवस के अवसर पर लॉन्च किया गया था। नागरिक विज्ञान पहल का उद्देश्य कछुओं का संरक्षण करना है। मोबाइल एप्लिकेशन को टर्टल सर्वाइवल एलायंस-इंडिया और वाइल्डलाइफ कंजर्वेशन सोसाइटी-इंडिया के सहयोग से इंडियन टर्टल कंजर्वेशन एक्शन नेटवर्क (ITCAN) द्वारा विकसित किया गया है।

44. "ऑटोमोबाइल सॉल्यूशंस पोर्टल फॉर इंडस्ट्री, रिसर्च एंड एजुकेशन (ASPIRE)" नामक ई-पोर्टल **इंटरनेशनल सेंटर फॉर ऑटोमोटिव टेक्नोलॉजी (ICAT)** संस्था द्वारा लॉन्च किया गया है।

नोट: पोर्टल की शुरुआत देश के समग्र सामाजिक-आर्थिक विकास सहित ज्ञान और विशेषज्ञता के आदान-प्रदान की मदद से भारतीय मोटर वाहन क्षेत्र की

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

तकनीकी क्षमता में सुधार करने, उन्हें आत्मनिर्भर बनाने और ऑटोमोबाइल क्षेत्र के विकास को सक्षम करने हेतु की गई है।

45. केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (CBSE) द्वारा कक्षा 11 और 12 के लिए जोड़ा गया नया आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) पाठ्यक्रम तकनीकी कंपनी **IBM** के सहयोग से किया गया।

नोट: पाठ्यक्रम IBM (इंटरनेशनल बिजनेस मशीन कॉर्पोरेशन) के सहयोग से विकसित किया गया था।IBM AI पाठ्यक्रम CBSE के सोशल इम्पावरमेंट थ्रू वर्क एजुकेशन एंड एक्शन (SEWA) कार्यक्रम का एक हिस्सा है।

46. वैश्विक विनिर्माण जोखिम सूचकांक 2020 में भारत की रैंक **तीसरी** है।

नोट: वार्षिक वैश्विक विनिर्माण जोखिम सूचकांक (MRI) रिपोर्ट यूरोप, अमेरिका और एशिया-प्रशांत में 48 देशों के बीच वैश्विक विनिर्माण के लिए सबसे उपयुक्त स्थानों को रैंक प्रदान करने हेतु अमेरिका स्थित संपत्ति सलाहकार कंपनी कुशमैन एंड वेकफील्ड द्वारा जारी की गई थी।

47. बायोफार्मास्युटिकल कंपनी **बायोकॉन बायोलॉजिक्स** ने बायोलॉजिक्स थेरेपी पर मधुमेह पीड़ितों के लिए सहायक डिजिटल थेरेप्टिक्स विकसित करने और वितरित करने हेतु वोलुंटिस के साथ एक वैश्विक सहकारिता समझौते की घोषणा की।

नोट: बोस्टन और पेरिस से बाहर स्थित, वोलुंटिस ने डिजिटल थेरेप्टिक्स का निर्माण किया, जो गंभीर परिस्थितियों से पीड़ित लोगों को हर दिन अपने इलाज का प्रबंधन करने की सुविधा देती है। इन्सुलिया स्वचालित इंसुलिन खुराक की सिफारिशें प्रदान करता है जो मधुमेह पीड़ितों को अपनी स्थिति स्वयं प्रबंधित करने और स्वास्थ्य सेवा टीमों को दूर से निगरानी करने में सक्षम बनाता है।

48. नई दिल्ली में भारत के पहले सार्वजनिक इलेक्ट्रिक व्हीकल चार्जिंग प्लाजा का उद्घाटन **आर.के. सिंह** ने किया।

नोट: EV चार्जिंग प्लाजा भारत में ई-मोबिलिटी को देशव्यापी और आसान बनाने हेतु एक नया अभिनव मार्ग है। EESL भारत में EV की खरीद के लिए मांग समूहन और पब्लिक चार्जिंग स्टेशन के कार्यान्वयन हेतु नवीन व्यापार मॉडल की पहचान करने के लिए ईवी पारिस्थितिकी तंत्र के विकास का नेतृत्व कर रही है।

49. केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री, रमेश पोखरियाल ने छात्रों को उनके मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण हेतु मनोवैज्ञानिक सहायता प्रदान करने के लिए **मनोदर्पण** पहल शुरू की है।

नोट: आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत पहल का उद्देश्य छात्रों को उनके मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण के लिए मनोसामाजिक सहायता प्रदान करना है। मनोदर्पण पहल COVID प्रकोप के दौरान और उससे बाद छात्रों को उनके मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण हेतु मनोसामाजिक सहायता प्रदान करने के लिए अनेक गतिविधियों को शामिल कर रही है।

50. रक्षा मंत्रालय की उपार्जन शाख ने टैंक T-90 S / SK के लिए 1,512 खदान हलों की खरीद हेतु **भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड, BEML** के साथ एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं।

नोट: अनुबंध के निर्माण भाग में न्यूनतम 50 प्रतिशत स्वदेशी सामग्री के साथ खरीदे और निर्माण (भारतीय) श्रेणीकरण है।ये खदान हल भारत की आर्मर्ड कॉर्प के T-90 टैंकों पर लगाए जाएंगे जो खदान क्षेत्र कार्यों में टैंकों को स्व-गतिशीलता की सुविधा प्रदान करेंगे।

51. युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय ने आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्यों को हासिल करने हेतु देश में युवा स्वयंसेवकों को मजबूत करने के लिए **UNICEF** संगठन के साथ साझेदारी की है।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

नोट: भारत सरकार ने यूनिसेफ के YuWaah के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। यह यूनिसेफ द्वारा गठित एक बहु-हिस्सेदारी धारक मंच है।यूनीसेफ द्वारा भारत में नवंबर 2019 में YuWaah पहल शुरू की गई थी।यह पहल औपचारिक शिक्षा प्रणाली के अंदर और बाहर युवाओं के लिए मूलभूत और 21वीं सदी के कौशल तक पहुंच को बढ़ावा देती है। इसमें जीवन कौशल, मूलभूत कौशल, लचीली शिक्षा और प्रवर्धन प्रभावशाली वितरण मॉडल शामिल है।

52. भारत ने **चटगांव, बांग्लादेश** के माध्यम से भारत से उत्तर पूर्व में माल परिवहन के लिए अपना ट्रायल ट्रांस-शिपमेंट शुरू किया।

नोट: भारत और बांग्लादेश ने बांग्लादेश के बंदरगाहों के माध्यम से उत्तर पूर्व में माल परिवहन के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। भारतीय ट्रांस-शिपमेंट माल को अंतर्राष्ट्रीय ट्रांसशिपमेंट समझौते के अनुसार बांग्लादेश के बंदरगाहों पर 28-दिवसीय निःशुल्क प्रवास मिलेगा।

53. अमेरिका स्थित जूम वीडियो कम्युनिकेशंस ने भारतीय शहर **बेंगलुरु** में एक नया प्रौद्योगिकी केंद्र खोलने की घोषणा की है।

नोट: ज़ूम वीडियो कम्युनिकेशंस (मुख्यालय- अमेरिका) ने भारत के बेंगलुरु में एक नया प्रौद्योगिकी केंद्र खोलने की घोषणा की।इसने असाधारण इंजीनियरिंग और आईटी प्रतिभा के कारण बैंगलोर को केंद्र के रूप में चुना।

54. काकरापार परमाणु ऊर्जा संयंत्र -3 अपनी क्रांतिकता तक पहुंच गया; यह संयंत्र **गुजरात** राज्य में स्थित है।

नोट:यह स्वदेशी रूप से निर्मित 700 MWe KAPP-3 रिएक्टर मेक इन इंडिया का एक शानदार उदाहरण है।काकरापार परमाणु ऊर्जा संयंत्र ने 1993 में अपना व्यावसायिक परमाणु ऊर्जा उत्पादन शुरू किया। 2015 में शीतलक रिसाव के कारण इसकी दो इकाइयां बंद हो गईं। बाद में, 2018 में ऊर्जा संयंत्र आंशिक रूप से क्रांतिकता पर पहुंच गया। रिसाव का कारण जंग और दरार थे।

55. अभिनेता **सोनू सूद** ने प्रवासी कर्मचारी को उचित नौकरी के अवसर खोजने के लिए "प्रवासी रोजगार" ऐप्लिकेशन लॉन्च किया।

नोट: एप्लिकेशन नौकरियां खोजने और विशिष्ट नौकरी प्रशिक्षण कार्यक्रम पेश करने के लिए सभी आवश्यक जानकारी प्रदान करता है। एप्लिकेशन "प्रवासी रोजगार" सही नौकरी के अवसर खोजने में श्रमिकों के लिए एक मंच के रूप में कार्य करेगा।

56. **इंटरनेशनल ट्रेड यूनियन कन्फेडरेशन (ITUC)** संगठन ने ग्लोबल राइट्स इंडेक्स 2020 को प्रकाशित किया, जिसके अनुसार भारत दुनिया में कार्यशील लोगों के लिए 10 सबसे खराब देशों में नया प्रवेशक बन गया।

नोट: अन्य देश बांग्लादेश, ब्राजील, कोलंबिया, मिस्र, होंडुरास, कजाकिस्तान, फिलीपींस, तुर्की और जिम्बाब्वे शामिल हैं। फिलिस्तीन, सीरिया, यमन और लीबिया में जारी असुरक्षा और संघर्ष के कारण कामकाजी लोगों के लिए मध्य पूर्व और उत्तरी अफ्रीका लगातार 7 वर्ष तक दुनिया का सबसे खराब क्षेत्र है, जो श्रमिकों के प्रतिनिधित्व और संघ अधिकारों के लिए सबसे प्रतिगामी क्षेत्र के साथ जुड़ा हुआ है।

57. स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार ने सभी तंबाकू उत्पाद के लिए नई निर्दिष्ट स्वास्थ्य चेतावनी अधिसूचित की है, यह **1 दिसंबर, 2020** से प्रभावी है।

नोट: स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार ने 21 जुलाई, 2020 को सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पादों (पैकेजिंग और लेबलिंग) नियम, 2008 के GSR 458 (E) में संशोधन करके "सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद (पैकेजिंग और लेबलिंग) तीसरा संशोधन नियम, 2020" द्वारा सभी तंबाकू उत्पादों पैक के लिए निर्दिष्ट स्वास्थ्य चेतावनी के नए नियम

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

अधिसूचित किए हैं। संशोधित नियम 1 दिसंबर, 2020 से लागू होंगे।

58. भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (CCI) ने **अडानी ग्रुप की** कंपनी द्वारा कृष्णपट्नम पोर्ट कंपनी लिमिटेड (KPCL) के अधिग्रहण को मंजूरी दी।

नोट: प्रस्तावित संयोजन के अनुसार, अडानी पोर्ट KPCL के प्रबंधन नियंत्रण के साथ-साथ इक्विटी शेयरहोल्डिंग का अधिग्रहण करेगी। अडानी पोर्ट एक ग्राहक-उन्मुख एकीकृत बंदरगाह अवसंरचना सेवा प्रदाता है और साजो-सामान श्रृंखला का प्रबंधन करती है।

59. एम्स -**नागपुर** ने कोविड -19 पॉजिटिव और संदिग्ध मरीजों की प्रभावी निगरानी के लिए एक 'स्मार्ट रिस्टबैंड' विकसित किया है।

नोट: नई डिवाइस एक रिस्टबैंड आईआईटी जोधपुर और आईआईटी नागपुर के सहयोग से तैयार की गई है, जो कोरोना वायरस रोगियों पर नज़र रखने और निगरानी के लिए उपयोग किए जाने वाले मौजूदा ऑनलाइन मोबाइल ऐप की सीमाओं को दूर करता है।

60. भारतीय नौसेना का सबसे बड़ा सौर ऊर्जा संयंत्र **एझिमाला, केरल** में शुरू किया गया।

नोट: यह एक 3 मेगावाट का सौर ऊर्जा संयंत्र है जिसे भारत सरकार की 'राष्ट्रीय सौर मिशन' पहल पर स्थापित किया गया है जिसका उद्देश्य 2022 तक 100GW सौर ऊर्जा प्राप्त करना है।

61. आईटी कंपनी **विप्रो ने** 68 मिलियन यूरो में सेल्सफोर्स कार्यान्वयन भागीदार 4C का अधिग्रहण करेगी।

नोट: इस महीने की शुरुआत में थिएरी डेलापोर्टे के मुख्य कार्यकारी अधिकारी बनने के बाद से यह कंपनी का दूसरा अधिग्रहण है।1997 में स्थापित, 4C एक स्वतंत्र सेल्सफोर्स प्लेटिनम पार्टनर है और सेल्स, मार्केटिंग और फील्ड सर्विसेज सहित कई सेल्सफोर्स क्लाउड्स में इसकी गहन क्षमताएं हैं।

62. ट्राइबल कोऑपरेटिव मार्केटिंग डेवलपमेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया (TRIFED) ने उन्नत भारत अभियान (UBA) के लिए **IIT, दिल्ली** के साथ एक साझेदारी में प्रवेश किया है।

नोट: TRIFED के वन धन प्रोग्राम के तहत जनजातीय उद्यमी अब UBA के तहत 2,600 से अधिक शैक्षणिक और अनुसंधान संस्थानों के संपूर्ण नेटवर्क की विशेषज्ञता प्राप्त कर सकेंगे।

63. भारतीय प्रबंधन संस्थान (IIM) **IIM कोझीकोड** ने "वेली बैंड" नामक हैंड बैंड विकसित किया है जो सामाजिक दूरी को बनाए रखने में मदद करता है।

नोट: डिवाइस को एक महिला उद्यमी द्वारा सह-स्थापित स्टार्टअप क्वाल 5 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा विकसित किया गया है, यह IIMK बिजनेस इनक्यूबेटर और एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट सेंटर द्वारा संचालित और वित्तपोषित है।वेली बैंड सामाजिक दूरी बनाए रखने और स्थान / संपर्क निगरानी करने में मदद करता है जो संगठनों को मौजूदा महामारी की स्थिति के दौरान सामाजिक दूरी के मानदंडों का पालन करने में मदद कर सकते हैं।

64. भारतीय शहर **हैदराबाद** को ब्रिटेन स्थित कम्पेरिटेक द्वारा दुनिया के सर्वाधिक सर्विलांस शहरों पर किए गए सर्वेक्षण में अधिकतम 20 CCTV सर्विलांस कैमरों के साथ शीर्ष 20 शहरों की सूची में 16वें स्थान पर रखा गया है।

नोट: ब्रिटेन स्थित कम्पेरिटेक ने दुनिया के शीर्ष 20 शहरों की सूची जारी की जो अपराधों का पता लगाने और उन्हें रोकने के इरादे से खुले स्थानों की निगरानी के लिए CCTV कैमरों का उपयोग करते हैं। रिपोर्ट के अनुसार, हैदराबाद में प्रति 1,000 लोगों पर 29.99 कैमरों की दर से एक करोड़ लोगों पर नजर रखने के लिए शहर में तीन लाख कैमरे लगाए गए थे।

65. कॉटन कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया ने कपास निर्यात को बढ़ावा देने के **वियतनाम** देश में अपना गोदाम स्थापित करने का निर्णय लिया।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

नोट: बांग्लादेश को कपास के 1.5-2 मिलियन गट्ठों का निर्यात करने के लिए एक समझौता ज्ञापन किया जा रहा है, जबकि राष्ट्र संचालित CCI कपास निर्यात को बढ़ावा देने के लिए वियतनाम में अपना गोदाम भी स्थापित करेगा।

66. भारत और इंडोनेशिया के बीच रक्षा मंत्री संवाद **नई दिल्ली** में आयोजित हुआ।

नोट: रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया, जबकि इंडोनेशियाई प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व उनके रक्षा मंत्री जनरल प्रबोवो सुबिएंटो ने किया। दो समुद्री पड़ोसियों के बीच संबंधों को मजबूत करने के लिए उच्चाधिकारी भारत में हैं। यह दोनों पक्षों के बीच व्यापक सामरिक साझेदारी के अनुरूप है।

67. भारतीय मानक ब्यूरो के मोबाइल ऐप "BIS-केयर" लॉन्च किया, जिसका उपयोग करते हुए ISI मार्क और हॉलमार्क वाले उत्पादों की प्रामाणिकता की जांच की जा सकती है, BIS **उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय** के तहत काम कर रहा है।

नोट: मोबाइल ऐप 'BIS-केयर', हिंदी और अंग्रेजी भाषाओं में परिचालित, किसी भी एंड्रॉइड फोन पर संचालित किया जा सकता है। उपभोक्ता मामलों के मंत्री रामविलास पासवान ने मानकीकरण, अनुरूपता मूल्यांकन और प्रशिक्षण पर भारतीय मानक ब्यूरो (BIS) के तीन पोर्टल भी लॉन्च किए, जिन्हें उपभोक्ता और हितधारक www.manakonline.in के माध्यम से लॉगिन कर सकते हैं।

68. "विश्व हेपेटाइटिस दिवस" के अवसर पर इंस्टीट्यूट ऑफ लिवर एंड बायिलरी साइंसेज (ILBS) ने भारत की **भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (AAI)** के सहयोग से "दूसरी एम्पैथी ई-कॉन्क्लेव" का आयोजन किया।

नोट: सम्मेलन "विश्व हेपेटाइटिस दिवस" के अवसर पर आयोजित किया गया था। "दूसरी एम्पैथी ई-कॉन्क्लेव" का विषय "Keep your Liver Safe in COVID times" है।

69. केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री प्रकाश जावड़ेकर द्वारा जारी भारतीय बाघ सर्वेक्षण 2018 अपडेट रिपोर्ट के अनुसार, **मध्य प्रदेश** राज्य में बाघों की संख्या सर्वाधिक है।

नोट: पिछले साल 29 जुलाई को सार्वजनिक की गई बाघगणना के परिणामों के अनुसार भारत में 2,967 बाघ हैं, जो 2014 की तुलना में एक तिहाई अधिक है। वर्तमान सर्वेक्षण इन संख्याओं का अधिक सटीक अनुमान है।

70. पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन (PFC) ने स्मार्ट ग्रिड तकनीक में प्रशिक्षण, अनुसंधान और उद्यमिता विकास (ED) के लिए **IIT कानपुर** के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।

नोट: PFC स्मार्ट ग्रिड प्रौद्योगिकी पर अनुसंधान और विकास अवसंरचना विकसित करने के लिए IIT-कानपुर को सहायता प्रदान करेगा। PFC अपनी CSR पहल के तहत IIT-K को 2.38 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान करेगा।IIT-K 90 प्रतिभागियों को स्मार्ट ग्रिड तकनीक में प्रशिक्षण प्रदान करेगा।

71. **पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय** ने भारत सरकार की डिजिटल इंडिया पहल के तहत एक नॉलेज रिसोर्स सेंटर नेटवर्क (KRCNet) शुरू किया है।

नोट: इन KRC को एक दूसरे के साथ जोड़ा जाएगा और KRCNet पोर्टल में एकीकृत किया जाएगा। यह पोर्टल पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय (MoES) के बौद्धिक जगत के लिए एकल बिंदु प्रविष्टि होगा। KRCNet के लॉन्च के साथ, MoES का लक्ष्य MoES ज्ञान संसाधनों, इसके रखरखाव, सहज पुनर्प्राप्ति और प्रसार के लिए ISO प्रमाणन हासिल करके संपूर्ण गुणवत्ता प्रबंधन (TQM) प्रणाली स्थापित करना है।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

महत्वपूर्ण समाचार - राज्य

1. **मध्य प्रदेश** सरकार ने कोविड-19 महामारी के कारण लॉकडाउन के दौरान छात्रों की शैक्षणिक नियमितता का ध्यान रखने के लिए "हमारा घर- हमारा विद्यालय" अभियान शुरू किया है।
   नोट: यह योजना 6 जुलाई 2020 को शुरू होगी। इस योजना के तहत, स्कूल की घंटी छात्र के घर के अंदर सुनाई देगी और शिक्षक घंटी के बाद छात्रों की कक्षा शुरू करेंगे। यह योजना ऑनलाइन कक्षाओं के माध्यम से अपने-अपने घर पर पढ़ाए जाने वाले बच्चों के लिए स्कूल जैसा वातावरण प्रदान करती है।
2. **कर्नाटक** सरकार ने नौकरी के इच्छुओं और नियोक्ताओं को एक मंच से जोड़ने के लिए एक पोर्टल, 'स्किल कनेक्ट फोरम' शुरू किया है।
   नोट: नौकरी के इच्छुक लोग अपनी शैक्षणिक योग्यता, कौशल और अन्य विवरणों को अपलोड करके https://skillconnect.kaushalkar.com पर पंजीकरण कर सकते हैं। नियोक्ता भी पोर्टल पर पंजीकरण करेंगे। पोर्टल आवश्यकता और उपलब्धता में मिलान करेगा। नौकरी के इच्छुक राज्य के अंदर विभिन्न क्षेत्रों और स्थानों में नौकरियों की तलाश कर सकते हैं।
3. यूके इंडिया बिजनेस काउंसिल ने सतत व्यापार संबंध के लिए **महाराष्ट्र** राज्य के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।
   नोट: MIDC महाराष्ट्र सरकार की प्रमुख औद्योगिक अवसंरचना विकास एजेंसी है।UKIBC और महाराष्ट्र सरकार के बीच यह व्यापार अवसंरचना राज्य को अपने कारोबारी माहौल को बेहतर बनाने और ब्रिटिश व्यवसाय के साथ अपने सहयोग को मजबूत करने में मदद करेगी।
4. **दिल्ली** सरकार ने स्कूली बच्चों के लिए एक ई-लर्निंग पोर्टल - LEAD (लीड) लॉन्च किया है।
   नोट:यह पोर्टल छात्रों को ऑनलाइन CBSE, NCERT और दिल्ली सरकार के पाठ्यक्रम के अनुसार पाठ्यपुस्तकों, अध्ययन सामग्री और पाठ्यक्रम सामग्री तक पहुंच प्रदान करेगा।इसमें डिजिटल QR कूटबद्ध पाठ्यपुस्तकें, व्याख्यात्मक वीडियो, अभ्यास प्रश्न और मूल्यांकन शामिल होंगे।
5. भारत के सबसे बड़े 10,000 बेड वाले सरदार पटेल COVID केयर सेंटर एंड हॉस्पिटल (SPCCCH) का उद्घाटन भारत के **दिल्ली** राज्य में किया गया था।
   नोट: SPCCCH का निर्माण आध्यात्मिक संगठन राधा स्वामी सत्संग ब्यास' के परिसर में किया गया है। SPCCCH दक्षिण दिल्ली के छतरपुर क्षेत्र में स्थित है। SPCCCH एक वातानुकूलित केंद्र है जिसे 18,000 टन एयर-कंडीशनर द्वारा ठंडा किया जाएगा। अभी तक, SPCCCH दुनिया का सबसे बड़ा COVID-19 उपचार और देखभाल केंद्र है।
6. **मध्य प्रदेश** सरकार ने राज्य में पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए 'इंतजार आप का' नामक एक सोशल मीडिया अभियान शुरू किया है।
   नोट: अभियान का आयोजन मध्य प्रदेश में पर्यटन स्थलों की विशेषताओं का वर्णन करने वाली तस्वीरों और वीडियो के माध्यम से किया जाएगा। अभियान के माध्यम से, पर्यटन बोर्ड का लक्ष्य COVID-19 संक्रमण से बचाव के लिए सुरक्षित यात्रा, प्रवास और भ्रमण को ध्यान में रखकर पर्यटकों को विशेष रूप से तैयार किए गए टूर पैकेज की पेशकश करके पर्यटन क्षेत्र में विश्वास वापस स्थापित करना है।
7. **ओडिशा** राज्य सरकार ने भूमिहीन किसानों को फसल ऋण प्रदान करने के लिए 'बलराम योजना' शुरू की है।
   नोट: नई योजना के तहत, भूमिहीन कृषकों को संयुक्त देयता समूहों (JLG) के माध्यम से ऋण मिलेगा। 'बलराम' योजना के तहत, सरकार ने अगले दो वर्षों में

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

7 लाख भूमिहीन किसानों को कृषि ऋण प्रदान करने का लक्ष्य रखा है।

8. **उत्तर प्रदेश** सरकार ने एक विशाल वृक्षारोपण कार्यक्रम 'मिशन वृक्षारोपण -2020' का शुभारंभ किया है।
नोट: विशाल वृक्षारोपण कार्यक्रम का नाम 'मिशन वृक्षारोपण -2020' है। योगी आदित्यनाथ ने मिशन वृक्षारोपण -2020 का उद्घाटन करने के लिए लखनऊ के कुकरैल रिजर्व फ़ॉरेस्ट की हरिशंकरी वाटिका में 3 पौधे लगाए। उन्होंने एक बरगद, पकड़िया और पीपल के पौधे लगाए।

9. **हरियाणा** सरकार ने एक अध्यादेश लाने का फैसला किया है, जिसके तहत प्रति माह 50,000 रुपये से कम वेतन वाली 75 प्रतिशत नौकरियां राज्य के स्थानीय लोगों के लिए आरक्षित रहेंगी।
नोट: जून 2020 के महीने में, हरियाणा में देश के सभी राज्यों की तुलना में बेरोजगारी दर सर्वाधिक थी। जून 2020 में बेरोजगारी की दर 33.6 प्रतिशत थी। प्रस्तावित मसौदे के अध्यादेश का नाम 'स्थानीय उम्मीदवारों के लिए हरियाणा राज्य रोजगार अध्यादेश 2020' है।

10. **पश्चिम बंगाल** सरकार ने बहु लोकप्रिय चीनी दस्तावेज़ स्कैनिंग एप्लिकेशन- कैम स्कैनर के विकल्प के रूप में 'सेल्फ स्कैन' मोबाइल एप्लिकेशन को लॉन्च किया है।
नोट: 29 जून 2020 को केंद्र सरकार द्वारा 59 चीनी मोबाइल एप्लीकेशन पर प्रतिबंध लगाने के बाद, पश्चिम बंगाल राज्य के सूचना प्रौद्योगिकी विभाग ने एक मोबाइल एप्लिकेशन विकसित किया है जो बहु लोकप्रिय चीनी दस्तावेज़ स्कैनिंग एप्लिकेशन- कैम स्कैनर के एक बेहतर विकल्प के रूप में काम करेगा। मुख्यमंत्री ने 'सेल्फ स्कैन' मोबाइल एप्लिकेशन लॉन्च किया है जो विभिन्न एप्लीकेशन डाउनलोड प्लेटफार्मों पर नि:शुल्क उपलब्ध होगा।

11. **महाराष्ट्र** सरकार ने औद्योगिक इकाइयों / नियोक्ताओं और कर्मचारियों के बीच के अंतर को कम करने के लिए 'महा जॉब्स' पोर्टल लॉन्च किया है।
नोट: कोई भी 'mahajobs.maharashtra.gov.in' पर जाकर पोर्टल का प्रयोग कर सकता है। महा जॉब्स पोर्टल में पंजीकरण के लिए, श्रमिकों को महाराष्ट्र राज्य का निवास प्रमाण पत्र अनिवार्य है। पोर्टल महाराष्ट्र राज्य में व्यापार और उद्योगों को फिर से शुरू करने में मदद करेगा, जो आगे चलकर राज्य में आर्थिक चक्र को फिर से स्थापित करने में मदद करेगा जो COVID-19 महामारी के चलते लगाए गए देशव्यापी लॉकडाउन के कारण बाधित हुआ था।

12. **कर्नाटक** सरकार ने राज्य में बुनकर समुदाय के लिए 'नेकर सम्मान योजना' शुरू की है।
नोट: योजना का नाम 'नेकर सम्मान योजना' है, जिसका अर्थ है बुनकर सम्मान योजना। इस योजना के लाभार्थी बनने के लिए, कर्नाटक राज्य में रेशम, कपास, ऊनी और अन्य हथकरघा बुनकरों को सेवा सिंधु पोर्टल पर अपना पंजीकरण कराना होगा।

13. **ओडिशा** राज्य वित्त आयोग ने पंचायती राज संस्थाओं और शहरी स्थानीय निकायों के लिए छह वित्तीय वर्ष में 23,848 करोड़ रुपये की सिफारिश की है।
नोट: ये आवंटित धनराशि राज्य में ULB और PRI को आर्थिक रूप से मजबूत करने के लिए आवंटित की जाएगी ताकि इन संस्थानों और निकायों द्वारा विभिन्न विकासात्मक परियोजनाओं और मौजूदा परिसंपत्तियों का रखरखाव किया जा सके।

14. भारत के **असम** राज्य में स्थित देहिंग पटकी वन्यजीव अभयारण्य को राष्ट्रीय उद्यान में उन्नत किया जा रहा है।
नोट: यह बड़े देहिंग पटकी हाथी अभ्यारण्य के भीतर स्थित है, जो ऊपरी असम (डिब्रूगढ़, तिनसुकिया और शिवसागर) के कोयला और तेल समृद्ध जिलों में फैला हुआ है। उन्नतिकरण के बाद, देहिंग पटकी असम में

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

छठा राष्ट्रीय उद्यान होगा। अन्य पांच काज़ीरंगा, नामेरी, मानस, ओरंग और डिब्रू-साइखोवा हैं।

15. ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट ने राज्य कला, शिल्प और हथकरघा क्षेत्रों को बढ़ावा देने के लिए **कर्नाटक** राज्य MSME और खान विभाग के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।

नोट: कंपनी ने एक विज्ञप्ति में कहा कि फ्लिपकार्ट समर्थ कार्यक्रम के तहत साझेदारी से कर्नाटक के स्थानीय कारीगरों, बुनकरों और शिल्पकारों को अपने हॉलमार्क उत्पादों को अखिल भारतीय ग्राहक आधार के रूप में प्रदर्शित किया जा सकेगा। कर्नाटक सरकार और फ्लिपकार्ट ग्रुप दोनों ही समाज के इन अल्पसेवित वर्ग के लिए व्यापार और व्यापार समावेश के अवसरों को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करेंगे, जिससे मेड इन इंडिया प्रयासों को बल मिलेगा।

16. सरकारी भूमि की सुरक्षा के लिए 'अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग करने वाला भारत का पहला राज्य **ओडिशा** हैं।

नोट: भुवनेश्वर लैंड यूज इंटेलिजेंस सिस्टम एक जियो-टैग वाला संग्राहक है जो भुवनेश्वर में सभी सरकारी जमीनों की निगरानी करेगा और पता लगाएगा। यह हाई-रिजॉल्यूशन सैटेलाइट इमेजरी का उपयोग करके किया जाएगा।

17. **महाराष्ट्र** सरकार स्लम रिहैबिलिटेशन अथॉरिटी (SRA) प्रॉजेक्ट्स के निर्माण में डेवलपर्स की सहायता के लिए बोली में लगभग 700 करोड़ रुपये से लेकर 1000 करोड़ रुपये तक के तनाव राहत कोष की स्थापना करेगी।

नोट: राज्य सरकार का योगदान लगभग 700 करोड़ रुपये से 1,000 करोड़ रुपये होगा, जबकि भारतीय स्टेट बैंक का योगदान बड़ा होगा।

18. **मणिपुर** के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने 48.39 करोड़ रुपये की पांच जल आपूर्ति परियोजनाओं का उद्घाटन किया है।

नोट: मणिपुर के विभिन्न जिलों में स्थित पांच जल आपूर्ति परियोजनाओं का निर्माण 48.39 करोड़ रुपये की कुल लागत से किया गया था, जिसकी कुल क्षमता 26.15 मिलियन लीटर प्रतिदिन से अधिक थी। नया विकास बैंक ने राज्य के हर घर में पेय जल उपलब्ध कराने के लिए 3,000 करोड़ रुपये मंजूर किए हैं और परियोजनाओं के लिए कार्य आदेश जारी किया जा चुका है।

19. **उत्तर प्रदेश** राज्य सरकार ने स्टार्टअप नीति 2020 को मंजूरी दी।

नोट: इस नीति की वैधता अधिसूचना की तारीख से पांच वर्ष की है जिसमें 50,000 से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार प्रदान करने और लगभग 1.5 लाख लोगों के लिए स्व-रोजगार उत्पन्न करने का अनुमान है। उत्तर प्रदेश को 2018 में राष्ट्रीय स्टार्टअप रैंकिंग में "प्रेरक मार्गदर्शक" के रूप में चुना गया था।

20. **मध्य प्रदेश** राज्य सरकार ने मास्क न पहनने वालों के लिए 'रोको-टोको' अभियान शुरू किया है।

नोट: मध्य प्रदेश में, सरकार अब मास्क नहीं पहनने वाले लोगों के लिए एक रोको-टोको अभियान चलाएगी। चूंकि राज्य में सभी सार्वजनिक स्थानों पर मास्क का उपयोग अनिवार्य है। अब चयनित स्वैच्छिक संगठन उन लोगों को मास्क प्रदान करेंगे जो सार्वजनिक स्थानों पर मास्क नहीं पहनते हैं और संबंधित व्यक्ति से 20 रुपये प्रति मास्क की राशि वसूलेंगे।

21. COVID -19 महामारी के बीच न्याय व्यवस्था सुनिश्चित करने और पक्ष एवं वकीलों के वित्तीय संकट को हल करने के लिए भारत की पहली ई-लोक अदालत का आयोजन भारत के **छत्तीसगढ़** राज्य में किया गया।

नोट: उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश पी.आर. रामचंद्र मेनन ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ई-लोक अदालत का उद्घाटन किया।लोक अदालत वैकल्पिक विवाद शिकायत तंत्र या एक मंच है, जहां विधि अदालत में लंबित मामलों या विवादों को

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

सुलझाया जाता है या समझौता कराया जाता है, जबकि ई-लोक अदालत को वर्चुअली आयोजित किया जाएगा।

22. **झारखंड** राज्य सरकार ने राज्य के परिवहन विभाग को डिजिटल भुगतान समाधान प्रदान करने के लिए HDFC बैंक के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।

नोट: डिजिटल समाधान यातायात पुलिस को यातायात से संबंधित अर्थदंड एकत्र करने के लिए प्वाइंट ऑफ सेल (पीओएस) मशीनों से लैस करने में सक्षम बनाएगा। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले व्यक्ति भी जुर्माना भरने के लिए इस ऑनलाइन भुगतान सुविधा का उपयोग कर सकते हैं।

23. प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि (PM SVANidhi) के कार्यान्वयन में सभी राज्यों के बीच शीर्ष स्थान **मध्य प्रदेश ने** हासिल किया।

नोट: यह योजना वर्तमान में राज्य के 378 नगरीय निकायों के लाभार्थियों को लाभान्वित कर रही है। अब तक 8,70,330 स्ट्रीट वेंडरों (फेरी लगाने वाले) ने योजना के तहत पंजीकरण कराया है, जिनमें से 1,76,000 स्ट्रीट वेंडर्स को पहचान पत्र और बिक्री प्रमाण पत्र जारी किए गए हैं।

24. **तेलंगाना** ने महिलाओं और बच्चों के लिए साइबरस्पेस को सुरक्षित बनाने हेतु एक महीने का वर्चुअल जागरूकता अभियान 'CybHER' शुरू किया।

नोट: इस अभियान का आयोजन WSW द्वारा लीगल एड सेंटर, सिम्बायोसिस लॉ स्कूल, हैदराबाद के सहयोग से किया गया। कोरोना वायरस महामारी के कारण सामाजिक दूरी के बीच डिजिटल दुनिया में सुरक्षित रहने के लिए सक्रिय उपाय पेश करके साइबर हमले से निपटने में सक्षम बनाना।साइबर सुरक्षा पर एक यथोचित चर्चा के लिए एक संवादात्मक और सूचनात्मक मंच बनाना।

25. पोबा रिजर्व फॉरेस्ट जिसे एक वन्यजीव अभयारण्य में बदला जाएगा, भारत के **असम** राज्य में स्थित है।

नोट: असम के मुख्यमंत्री, सर्बानंद सोनोवाल ने घोषणा की है कि धेमाजी जिले में पोबा रिजर्व फॉरेस्ट को एक वन्यजीव अभयारण्य में परिवर्तित किया जाएगा। यह घोषणा जोनाई में लखीमपुर, धेमाजी और माजुली जिलों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक बैठक के दौरान की गई। वर्ष 1924 में 10,522 हेक्टेयर क्षेत्र में घोषित पोबा रिजर्व फॉरेस्ट अनेक वनस्पतियों और जीव जंतुओं का आवास है।

26. **आंध्र प्रदेश** सरकार ने नवीकरणीय ऊर्जा निर्यात नीति 2020 की घोषणा की, जो भारत के अन्य राज्यों को बिजली की बिक्री की अनुमति देती है।

नोट: नीति का उद्देश्य अप्रयुक्त क्षमता का उपयोग करना और अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने और सरकार के लिए अतिरिक्त राजस्व उत्पन्न करने हेतु निजी निवेश को आकर्षित करना है।परियोजनाओं को लागू करने के लिए न्यू एंड रिनुएबल एनर्जी डेवलपमेंट कार्पोरेशन ऑफ एपी लिमिटेड (NREDCAP), नई निर्यात नीति 2020 के तहत नोडल एजेंसी होगी।

27. **उत्तर प्रदेश** सरकार ने अनुसूचित जातियों के के सर्वांगीण विकास हेतु "नवीन रोजगार छतरी योजना" शुरू की।

नोट: उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अनुसूचित जातियों के सर्वांगीण विकास हेतु "नवीन रोजगार छतरी योजना" शुरू की। राज्य सरकार लोगों को आत्म निर्भर बनाने के लिए वित्तीय सहायता में विस्तार कर रही है।

28. **दिल्ली** सरकार ने 'मुख्यमंत्री घर-घर राशन योजना' को मंजूरी दी है, जिसे छह से सात महीने में लॉन्च किया जाएगा और इसे केंद्र की 'एक देश, एक राशन कार्ड' योजना से जोड़ा जाएगा।

नोट: इस योजना से लाभार्थियों को घर पर राशन प्राप्त करने में मदद मिलेगी। उन्हें राशन की दुकानों पर नहीं आना पड़ेगा। इस योजना से 2016 की PDS दुकानों के माध्यम से राष्ट्रीय राजधानी में लाखों लोगों को लाभ मिलने की उम्मीद है।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

29. **पंजाब** सरकार ने विश्व बैंक वित्तपोषण के तहत अपने दो प्रमुख शहरों के लिए नहर-आधारित जल आपूर्ति हेतु 285.71 मिलियन अमेरिकी डॉलर की परियोजना को मंजूरी दी है।

नोट: स्थानीय सरकारी विभाग के प्रस्ताव के अनुसार अंतर्राष्ट्रीय पुनर्निमाण विकास बैंक (IBRD) 200 मिलियन डॉलर (70%) और पंजाब सरकार 85.71 मिलियन डॉलर (30%) वित्त प्रदान करेगी।

30. **पंजाब** सरकार ने कौशल विकास के क्षेत्र में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, रोपड़ के साथ एक समझौता किया है।

नोट: संस्थान एक मॉडल ITI और एक मॉडल पॉलिटेक्निक विकसित करने में राज्य की मदद करेगा। IIT सिंचाई में पानी की बर्बादी को नियंत्रित करने के लिए छोटे उपकरणों के निर्माण में राज्य की मदद करेगा।

31. **छत्तीसगढ़** सरकार ने पशुपालकों के लिए "गोधन न्याय योजना" लॉन्च की।

नोट: 'गोधन योजना' के तहत छत्तीसगढ़ सरकार 2 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से गाय का गोबर खरीदेगी। यह योजना गाय के गोबर को एक लाभदायक वस्तु में बदल देगी।

32. प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने पूर्वोत्तर राज्य **मणिपुर** में 3,054 करोड़ रुपये की "जल आपूर्ति परियोजना" की आधारशिला रखी।

नोट: न्यू डेवलपमेंट बैंक द्वारा वित्तपोषित ऋण घटक के साथ परियोजना परिव्यय 3054.58 करोड़ रुपये है।

33. ग्लोबल इनवायरमेंट फैसिलिटी (GEF) द्वारा वित्त पोषित ग्रीन-एग्रीकल्चर (Green-Ag) परियोजना को लागू करने वाला देश का पहला राज्य **मिजोरम है।**

नोट: इसे मिजोरम के कृषि मंत्री सी. लालरिंसांगा ने लॉन्च किया था। मिजोरम उन 5 राज्यों में पहले स्थान पर है जहां इस परियोजना को लागू किया जाएगा। अन्य राज्य मध्य प्रदेश, ओडिशा, राजस्थान और उत्तराखंड हैं।

34. यूके इंडिया बिजनेस काउंसिल (UKIBC) ने राज्य में व्यापार और औद्योगिक विकास को तेज करने के लिए **गुजरात** सरकार के साथ एक समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए।

नोट: iNDextb की प्रबंध निदेशक नीलम रानी, और UKIBC के प्रबंध निदेशक केविन मैकॉले ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। समझौता ज्ञापन का उद्देश्य गुजरात के व्यापारिक वातावरण को सुधारना और गुजरात में ब्रिटिश व्यवसाय के सहयोग को मजबूत करना है।

35. **हरियाणा** सरकार ने राज्य के अरावली क्षेत्र में हरित आच्छादन को बेहतर बनाने के लिए एरियल सीडिंग (हवा से बीज बोना) तकनीक को शुरू की है

नोट: अरावली और शिवालिक पहाड़ियों की निम्न वनस्पति घनत्व को पुन: जीवंत करने के लिए परियोजना को प्रायोगिक आधार पर चलाया जा रहा है। इस विधि का उपयोग करके 100 एकड़ जमीन पर वृक्षारोपण का प्रयास प्रायोगिक परियोजना के दौरान किया जाएगा।

36. **केरल** सरकार ने कार्यशील पूंजी की कमी संबंधी मुद्दों के समाधान के लिए एक नए उद्यमिता विकास कार्यक्रम की घोषणा की है।

नोट: कार्यक्रम को केरल वित्तीय निगम (KFC) के माध्यम से लागू किया जाएगा, जो 10 प्रतिशत ब्याज पर परियोजना लागत के 90 प्रतिशत तक अधिकतम 50 लाख रुपये का ऋण प्रदान करेगा। सरकार सब्सिडी के रूप में 3% ब्याज देगी; इस प्रकार से निवल ब्याज दर 7% होगी।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

महत्वपूर्ण समाचार - विश्व

1. अमेरिका स्थित समाचार एजेंसी एसोसिएटेड प्रेस के अनुसार, **चीन** देश में अल्पसंख्यक मुस्लिम आबादी के बीच जन्म दर को कम करने के लिए कई अमानवीय अभियान चलाए जा रहे हैं जिसे डेमोग्राफिक जीनोसाइड' कहा जाता है।
   नोट: विशेषज्ञों ने चीन के इस अभियान को 'डेमोग्राफिक जीनोसाइड' नाम दिया है। चीन में मुस्लिम अल्पसंख्यकों में, सबसे ज्यादा उइगर जातीय समूहों के हैं। चीनी सरकार यह दावा कर रही है कि चीन के झिंजियांग स्वायत्त क्षेत्र में स्थापित शिविर स्वैच्छिक शिक्षा और प्रशिक्षण देने के लिए हैं।
2. आपसी समझ को बढ़ावा देने और सामरिक और संचार प्रशिक्षण के लिए **भारत और जापान** देशों ने नौसेना अभ्यास 'PASSEX' का आयोजन किया।
   नोट: यह पिछले तीन वर्षों में इन दोनों देशों की नौसेनाओं द्वारा किया गया 15वां अभ्यास था। इस PASSEX का संपूर्ण आशय सद्भावना प्रशिक्षण और समझ को बढ़ावा देना था।
3. **न्यूजीलैंड** ने COVID-19 महामारी के कारण वर्ष 2021 के एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग (APEC) को रद्द कर दिया है और इसे एक वर्चुअल समिट में आयोजित करने का विकल्प चुना।
   नोट: न्यूजीलैंड ने COVID-19 महामारी के कारण ऑकलैंड में होने वाले 2021 एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग (APEC) फोरम को रद्द कर दिया और एक वर्चुअल समिट का नेतृत्व करने का फैसला किया है।2019 के नेताओं की बैठक को हिंसक विरोधी विरोध के कारण चिली द्वारा रद्द कर दिया गया था और 2020 की वर्चुअल APEC बैठक मलेशिया द्वारा आयोजित की जा रही है।
4. संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन फ्रेमवर्क कन्वेंशन (UNFCCC) को रिड्यूसिंग इमिशन फ्रॉम डिफॉरेस्टेशन एंड फॉरेस्ट डिग्रेडेशन (REDD +) के लिए परिणाम प्रस्तुत करने वाला पहला अफ्रीकी देश **युगांडा है।**
   नोट: युगांडा संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन फ्रेमवर्क कन्वेंशन (UNFCCC) को रिड्यूसिंग इमिशन फ्रॉम डिफॉरेस्टेशन एंड फॉरेस्ट डिग्रेडेशन (REDD +) के लिए परिणाम प्रस्तुत करने वाला पहला अफ्रीकी देश बन गया, जिसने युगांडा को संभावना आधारित भुगतानों के रास्ते खोल दिए हैं। प्रस्तुत दस्तावेज युगांडा को ग्रीन क्लाइमेट फंड की वन संरक्षण योजना के माध्यम से धन का दावा करने में मदद करेंगे।
5. **इजराइल** देश ने एक नया जासूसी उपग्रह "Ofek 16" सफलतापूर्वक लॉन्च किया।
   नोट: Ofek 16 एक छोटा इलेक्ट्रो-ऑप्टिकल इमेजिंग सैटेलाइट है, जो इजराइल के रक्षा मंत्रालय के लिए पृथ्वी की हाई-रिज़ॉल्यूशन तस्वीरों को कैप्चर करेगा। सितंबर 1988 में Ofek 1 के लॉन्च के साथ, इज़राइल अपनी स्वयं की कक्षीय प्रक्षेपण क्षमता विकसित करने वाला आठवां देश बन गया था। यह अपने नागरिक और वाणिज्यिक उपग्रहों को कक्षा में ले जाने के लिए विदेशी रॉकेटों पर निर्भरता हेतु इस क्षमता का उपयोग विशेष रूप से सैन्य अंतरिक्ष उपकरणों के लिए करता है।
6. वर्तमान में फैली COVID-19 महामारी को देखते हुए पहली बार "मिनिस्ट्रियल ऑन क्लाइमेट एक्शन (MoCA)" के **चौथे** संस्करण का वर्चुअल आयोजन किया गया।
   नोट: भारत की ओर से, केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री, प्रकाश जावड़ेकर ने भाग लिया। इस बैठक की सह-अध्यक्षता यूरोपीय संघ, चीन और कनाडा द्वारा की गई थी।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

7. WHO के दक्षिण पूर्व एशिया क्षेत्र से पहले दो देश **श्रीलंका और मालदीव** ने खसरा और रूबेला वायरस दोनों को सफलतापूर्वक समाप्त कर दिया।

   नोट: श्रीलंका और मालदीव WHO के दक्षिण-पूर्व एशिया क्षेत्र से यह लक्ष्य हासिल करने वाले पहले दो देश हैं। WHO द्वारा दक्षिण-पूर्व एशिया क्षेत्र से रूबेला वायरस को समाप्त करने के लिए निर्धारित लक्ष्य वर्ष 2023 है।

8. कोयला और परमाणु ऊर्जा दोनों से बाहर निकलने वाला पहला औद्योगिक देश **जर्मनी है।**

   नोट: यह चरण जीवाश्म ईंधन के उपयोग को कम करने और नवीकरणीय संसाधनों के उपयोग का समर्थन करने के लिए जर्मनी के "ऊर्जा संक्रमण" का एक भाग है। जर्मनी ने अपनी अंतिम कोयला खदान को वर्ष 2018 में बंद कर दिया था और वर्ष 2022 तक अपने परमाणु ऊर्जा संयंत्रों को बंद करने की प्रतिबद्धता जताई थी।

9. इकोनॉमिस्ट इंटेलिजेंस यूनिट (EIU) द्वारा तैयार की गई रिपोर्ट "कैंसर प्रिपेयर्डनेस इन एशिया-पैसेफिक: प्रोग्रेस टुवार्ड्स यूनिवर्सल कैंसर कंट्रोल" में 10 एशिया-प्रशांत देशों के बीच भारत की रैंक **आठवीं** है।

   नोट: इस रिपोर्ट में शामिल 10 एशिया-प्रशांत देश - ऑस्ट्रेलिया, चीन, भारत, इंडोनेशिया, जापान, मलेशिया, फिलीपींस, दक्षिण कोरिया, थाईलैंड और वियतनाम थे। भारत ने EIU के ICP में सभी तीन स्तंभों - नीति और नियोजन, देखभाल वितरण तथा स्वास्थ्य प्रणाली और शासन में निम्न-औसत स्कोर दर्ज किया है।

10. ड्यून एंड ब्रैडस्ट्रीट (D&B) की कंट्री रिस्क और ग्लोबल आउटलुक रिपोर्ट के अनुसार 2020 में वैश्विक अर्थव्यवस्था के **5.2%** तक संकुचित होने की संभावना है।

    नोट: रिपोर्ट के अनुसार, वैश्विक अर्थव्यवस्था 2022 से पहले पुन: महामारी से पहले के सक्रियता स्तर तक नहीं पहुंचेगी। भारत की अर्थव्यवस्था इस वित्तीय वर्ष में चार दशकों के धनात्मक विकास के बाद संकुचित होने की उम्मीद है। मार्च, 2020 में D&B ने भारत की रेटिंग को DB4d से DB5c कर दिया था, और कहा था कि 1994 के बाद से अवनति की मात्रा और जोखिम का स्तर उच्चतम है।

11. **नेपाल** देश ने सभी निजी भारतीय समाचार चैनलों पर प्रतिबंध लगा दिया।

    नोट: भारत राष्ट्र के स्वामित्व वाले दूरदर्शन समाचार चैनल डीडी न्यूज़ को छोड़कर, नेपाल स्थित मल्टी-सिस्टम ऑपरेटर्स ने नेपाल में अन्य सभी भारतीय समाचार चैनलों के प्रसारण पर प्रतिबंध लगाया है।

12. WMO द्वारा जारी "ग्लोबल एनुअल टू डेकेडल क्लाइमेट अपडेट फॉर 2020-24" रिपोर्ट के अनुसार अगले 5 वर्षों में माध्य औसत वैश्विक तापमान में वृद्धि **1.5°C** होगी।

    नोट: यह मानव निर्मित ग्रीनहाउस उत्सर्जन के कारण है और 20% संभावना है कि यह 2020-2024 के बीच कम से कम एक वर्ष में 1.5 डिग्री सेल्सियस (2.7 फ़ारेनहाइट) से अधिक हो जाएगा। कुल मिलाकर, यह 0.91 - 1.59 डिग्री सेल्सियस के दायरे में होने की संभावना है। 1.5 C वह स्तर है, जिस पर देशों ने 2015 के पेरिस समझौते के अनुसार ग्लोबल वार्मिंग को सीमित करने के प्रयास करने पर सहमति व्यक्त की है।

13. **हेलन एलिजाबेथ क्लार्क और एलेन जॉनसन सरलीफ** की अध्यक्षता में विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) ने COVID-19 के प्रति दुनिया की प्रतिक्रिया का मूल्यांकन करने के लिए महामारी तत्परता और प्रतिक्रिया हेतु एक स्वतंत्र समिति गठित की है।

    नोट: समिति की अध्यक्षता न्यूजीलैंड की पूर्व प्रधान मंत्री हेलेन एलिजाबेथ क्लार्क और लाइबेरिया की पूर्व राष्ट्रपति एलेन जॉनसन सरलीफ द्वारा की जाएगी। जहां एक ओर हेलेन क्लार्क ने संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (UNDP) के प्रशासक के रूप में कार्य किया,

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

वहीं दूसरी ओर, एलेन सरलीफ 2011 की नोबेल शांति पुरस्कार प्राप्तकर्ता हैं। दोनों समिति के अन्य सदस्यों का चयन करेंगी।

14. ADB ने **100 मिलियन डॉलर** मूल्य की परियोजना के लिए संयुक्त रूप से काम करने हेतु कतर स्थित एजुकेशन एबव ऑल फाउंडेशन के साथ 5-वर्ष का समझौता किया है।

नोट: इसमें कम से कम 3.2 लाख स्कूली बच्चों को रखा जाएगा, जिनमें शरणार्थी और आंतरिक रूप से विस्थापित बच्चों को गुणवत्तापूर्ण प्राथमिक शिक्षा प्रदान की जाएगी। प्रारंभ में, 10 देशों को परियोजनाओं के लिए चुना गया है, जिनमें अफगानिस्तान, बांग्लादेश, भारत, इंडोनेशिया, म्यांमार, नेपाल, पाकिस्तान, पापुआ न्यू गिनी, फिलीपींस और श्रीलंका हैं।

15. हाल ही में **UAE** देश ने भारत के साथ एक ओपन स्काई समझौता करने की रुचि व्यक्त की है।

नोट: ओपन स्काई समझौता द्विपक्षीय समझौता है जो दो देश अंतर्राष्ट्रीय यात्री और कार्गो सेवाओं की पेशकश करने के लिए एयरलाइंस को अधिकार प्रदान करने के लिए करते हैं। यह अंतर्राष्ट्रीय यात्री और कार्गो उड़ानों का विस्तार करता है।भारत और UAE के बीच ओपन स्काई समझौता एक दूसरे के देशों के चयनित शहरों में असीमित संख्या में उड़ानों की अनुमति देगा।

16. **कुवैत** देश ने एक एक्सपैट कोटा बिल को मंजूरी दी है।

नोट: विधेयक के अनुसार, भारतीयों की आबादी 15% से अधिक नहीं होनी चाहिए और यदि इसे कानून बना दिया जाता है, तो 8 लाख से अधिक भारतीयों को कुवैत से बाहर किया जा सकता है। एक्सपैट कोटा बिल ड्राफ्ट को संवैधानिक माना गया है और इसे संबंधित समिति को स्थानांतरित किया जाएगा ताकि एक व्यापक योजना बनाई जाए। कुवैत के प्रधान मंत्री सहित विधि निर्माता और सरकारी अधिकारी एक्सपैट की संख्या को 70% से 30% आबादी तक कम करने का आह्वान कर रहे हैं।

17. **वियतनाम** में दुनिया के पहले गोल्ड प्लेटेड होटल का अनावरण किया गया।

नोट: होटल के ऊपर से जियांग वो झील दिखाई देती है। यह छत पर सोने की परत वाले इन्फिनिटी पूल का दावा करता है। 25 मंजिला होटल को बनाने में लगभग 200 मिलियन डॉलर का खर्च आया। कमरे की कीमत प्रति रात 250 डॉलर से शुरू होती है।

18. **रूस** देश के गैमाले इंस्टीट्यूट ऑफ एपिडेमियोलॉजी एंड माइक्रोबायोलॉजी की COVID-19 वैक्सीन मानव नैदानिक परीक्षण को सफलतापूर्वक पूरा करने वाली पहली वैक्सीन है।

नोट: स्वयंसेवकों पर परीक्षण 18 जून 2020 से सेचनोव फर्स्ट मॉस्को स्टेट मेडिकल यूनिवर्सिटी में किया गया। सेचनोव यूनिवर्सिटी में, इंस्टीट्यूट फॉर ट्रांसलेशनल मेडिसिन एंड बायोटेक्नोलॉजी के निदेशक ने सूचित किया है कि स्वयंसेवकों के पहले समूह को 15 जुलाई 2020 को मुक्त किया जाएगा जबकि स्वयंसेवकों के दूसरे समूह को अगले सोमवार (20 जुलाई 2020) को मुक्त किया जाएगा।

19. यूनाइटेड किंगडम द्वारा जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2019 में संयुक्त राज्य अमेरिका के बाद यूनाइटेड किंगडम (यूके) में दूसरा सबसे बड़ा विदेशी प्रत्यक्ष निवेशक **भारत** है।

नोट: संयुक्त राज्य अमेरिका ब्रिटेन के विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (FDI) का शीर्ष स्रोत बना हुआ है, जो 462 परियोजनाएं और 20,131 नौकरियां वितरित कर रहा है। सूची में भारत, जर्मनी, फ्रांस, चीन और हांगकांग का स्थान है।

20. **चीन** ने 18 से कम उम्र के उपयोगकर्ताओं के लिए लक्षित वेबसाइटों को परिशोधित करने हेतु दो महीने का अभियान शुरू किया है।

नोट: दो महीने की अवधि के लिए यह अभियान ज्यादातर लाइव स्ट्रीमलाइनिंग या वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ऑनलाइन शिक्षण सामग्री प्रदान करने

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

वाली वेबसाइटों हेतु होगा। उन्हें अभियान के एक भाग के रूप में जांचा जाएगा, इंस्टेंट मैसेजिंग टूल और मनोरंजन की पेशकश करने वाले एंड्रॉइड एप्लिकेशन, आसानी से पैसे कमाने के लिए क्विक पार्ट टाइम नौकरी आदि की जांच की जाएगी।

21. **ईरान** देश ने निधिकरण में देरी का हवाला देते हुए चाबहार रेल परियोजना से भारत को बाहर कर दिया।

नोट: भारत और ईरान द्वारा अफगानिस्तान सीमा के किनारे चाबहार बंदरगाह से ज़ाहेदान तक एक रेल लाइन के निर्माण के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर करने के चार वर्ष बाद ईरानी सरकार ने वित्तपोषण और परियोजना प्रारंभ करने में भारतीय पक्ष की ओर से देरी का हवाला देते हुए स्वयं निर्माण करने का फैसला किया है।

22. **चीन** देश के साथ ईरान ने 25 वर्षीय सामरिक साझेदारी की है, जो सैन्य सहित ऊर्जा और अन्य क्षेत्रों में अरबों डॉलर के निवेश की अनुमति देगा।

नोट: इस निवेश के बदले में, ईरान अगले 25 वर्षों तक बीजिंग को भारी छूट के साथ तेल की आपूर्ति करेगा। चीन ईरानी कच्चे तेल के निर्यात के लिए एक प्रमुख बाजार है, जो तेहरान के साथ 2015 के ज्वाइंट कॉम्प्रीहेंशिव प्लान ऑफ एक्शन (JCPOA) परमाणु समझौते से वाशिंगटन के हटने के बाद अमेरिकी आर्थिक प्रतिबंधों से प्रभावित हुआ है।

23. यूनिसेफ इंडिया ने यूनिसेफ के "#Reimagine Campaign" को संयुक्त रूप से विकसित करने के लिए **फिक्की** संगठन के साथ हाथ मिलाया।

नोट: इस अभियान का उद्देश्य भारत में COVID-19 और उसके परिणामों के दौरान कमजोर आबादी और बच्चों का समर्थन करना है। यह व्यवसाय परिचालन के साथ-साथ रोजगार को संभावित दीर्घकालिक नुकसान से बचाने में भी मदद करेगा।

24. **चीन** ने लॉन्ग मार्च 3B कैरियर रॉकेट के माध्यम से "APSTAR-6D" दूरसंचार उपग्रह को सफलतापूर्वक लॉन्च किया।

नोट: चाइना एकेडमी ऑफ स्पेस टेक्नोलॉजी ने वाणिज्यिक उपग्रह 'APSTAR-6D' विकसित किया है। APSTAR-6D वर्ष 2020 में चीन द्वारा लॉन्च किया गया 18वां रॉकेट है। APSTAR-6D उपग्रह को चाइना एकेडमी ऑफ स्पेस टेक्नोलॉजी कॉर्प (CASC) द्वारा विकसित किया गया था, जो चाइना एयरोस्पेस साइंस एंड टेक्नोलॉजी कॉर्प की सहायक कंपनी है।

25. एलिस फखफख ने **ट्यूनीशिया** देश के प्रधान मंत्री के पद से इस्तीफा दे दिया।

नोट: उनका इस्तीफा देश में अविश्वास मत से उन्हें बाहर करने और राज्य के संस्थानों के बीच अधिक संघर्षों से बचने के अभियान के बाद आया है। एलिस फखफख को जनवरी 2020 में ट्यूनीशिया का प्रधानमंत्री नियुक्त किया गया था।

26. **UNICEF** ने COPID-19 और उसके बाद युवाओं के रोजगार कौशल में सुधार के लिए SAP इंडिया के साथ साझेदारी की है।

नोट: इस पहल के तहत, यूनीसेफ ने भारत के अल्प सेवाप्राप्त युवाओं को डिजिटल शिक्षा के साथ-साथ व्यावसायिक कौशल प्रदान करने के लिए YuWaah (जेनरेशन अनलिमिटेड) के साथ सहयोग किया। यूनिसेफ - YuWaah - SAP इंडिया साझेदारी का मुख्य उद्देश्य युवाओं को सशक्त बनाना, उनकी रचनात्मकता, समस्या को सुलझाने और नेतृत्वकारी गुण का उपयोग करना है, ताकि वे अपने समुदायों के साथ-साथ अपना जीवन बेहतर बना सकें।

27. पाकिस्तान और चीन ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (PoK) में **झेलम** नदी पर बनने वाली 700 मेगावाट की आज़ाद पत्तन पनबिजली परियोजना के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

नोट: 1,100 मेगावाट की कोहाला परियोजना के लिए पहला समझौता, 23 जून को हुआ था। 2.3 बिलियन डॉलर की यह परियोजना भी मुजफ्फराबाद के निकट झेलम में तैयार होगी। गेजुबा ने एक पाकिस्तानी नवीकरणीय ऊर्जा डेवलपर लारैब ग्रुप के साथ एक विशेष उद्देश्य संयुक्त उद्यम स्थापित किया।

28. **जॉर्डन** देश की शीर्ष अदालत ने एक अंतर्राष्ट्रीय इस्लामिक आंदोलन मुस्लिम ब्रदरहुड की स्वदेशी शाखा को भंग कर दिया।

नोट: 1928 में मिस्र में स्थापित मुस्लिम ब्रदरहुड, एक धर्मनिरपेक्ष और राजनीतिक दोनों शाखाओं के साथ एक सर्व-इस्लामी आंदोलन है। इसने विशेष रूप से 2011 के अरब स्प्रिंग विद्रोह के परिणामस्वरूप, कई वर्षों के दबाव का सामना किया है और मिस्र में एक "आतंकवादी" समूह घोषित किया गया और कई अन्य देशों में प्रतिबंधित किया गया।

29. 'HOPE प्रॉब' नामक संयुक्त अरब अमीरात (UAE) का पहला अरब अंतरिक्ष मिशन **जापान** देश द्वारा लॉन्च किया गया।

नोट: होप प्रोब को अंतरिक्ष में ले जाने वाले रॉकेट H2A को जापान के तनेगाशिमा स्पेस सेंटर से लॉन्च किया गया था। यह अरब देश का पहला अंतर्ग्रहीय लैंडमार्क मिशन है, जो UAE को अंतरिक्ष और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में मध्य पूर्व के सभी देशों से आगे रखता है। होप प्रॉब स्पेसक्राफ्ट के 2021 तक मंगल की कक्षा में पहुंचने की उम्मीद है, जो UAE की स्थापना की 50वीं वर्षगांठ है।

30. संयुक्त राष्ट्र ने आतंकवादी संगठन **तहरीक-ए-तालिबान** के साथ जुड़े नूर वलीमेहसूद को वैश्विक आतंकवादी घोषित किया है।

नोट: संयुक्त राष्ट्र ने महसूद को अलकायदा से जुड़ी संस्थाओं की ओर से और समर्थन में सहायता, वित्तपोषण, योजना और कार्यों में भाग लेने के लिए ब्लैकलिस्ट किया।

31. मालदीव ने माले में "आपातकालीन चिकित्सा सेवाएं" स्थापित करने के लिए **भारत** के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए।

नोट: आपातकालीन चिकित्सा सेवा भारत द्वारा पड़ोसी देशों के लिए 20 मिलियन अमेरिकी डॉलर की अनुदान सहायता के तहत वित्तपोषित है। इससे विशेष रूप से स्वास्थ्य देखभाल सुविधा के क्षेत्रों में, संकट के समय के दौरान आपदा प्रतिक्रियाएं आदि में देशों के बीच सहयोग बढ़ाने में मदद मिलेगी।

32. यूरोपीय संघ (EU) ने COVID-19 के कारण उजड़ी अर्थव्यवस्थाओं के पुनर्निर्माण के लिए **750 बिलियन यूरो** मूल्य के राहत पैकेज की घोषणा की है।

नोट: यूरोपीय आयोग ने प्रणाली में धनराशि डालने के बजाय वित्तीय बाजारों में धन जुटाने की योजना बनाई है।

33. **सऊदी अरब** देश ने G20 डिजिटल मंत्री बैठक 2020 की मेजबानी की।

नोट: केंद्रीय सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री श्री रविशंकर प्रसाद ने G20 डिजिटल मंत्री बैठक में भाग लिया। सऊदी अरब प्रेसीडेंसी ने बैठक का विषय "Realizing Opportunities of the 21st Century For All" चुना है।

34. इतिहास में पहली बार वर्ष 2020 में संयुक्त राष्ट्र महासभा का **75वां** वर्चुअल रूप से आयोजित किया जाएगा।

नोट: प्रतिवर्ष, विश्व के नेता न्यूयॉर्क स्थित संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में ग्रह संबंधी महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करने के लिए बैठक करते हैं। UNGA संयुक्त राष्ट्र की नीति निर्माण करने वाली मुख्य संस्था है। यह संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अध्याय IV के तहत बनाई गई थी। चार्टर पर हस्ताक्षर वर्ष 1945 में सैन फ्रांसिस्को में किए गए थे।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

35. संधारणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए भारत द्वारा एक पहल अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन फ्रेमवर्क समझौते में शामिल होने वाला 87वां देश **निकारागुआ है।**

नोट: ISA 121 देशों का गठबंधन है, उनमें से अधिकतम सूर्य की रोशनी प्राप्त करने वाले देश हैं जो पूरी तरह से या आंशिक रूप से कर्क रेखा और मकर रेखा के बीच स्थित हैं।

36. विश्व व्यापार संगठन (WTO) जनरल काउंसिल ने **तुर्कमेनिस्तान** को "पर्यवेक्षक" का दर्जा दिया है।

नोट: विश्व व्यापार संगठन से पर्यवेक्षक का दर्जा प्राप्त करने के बाद, तुर्कमेनिस्तान व्यापार संस्था के साथ औपचारिक संबंध स्थापित करने वाला अंतिम पूर्व सोवियत गणराज्य बन गया है। तुर्कमेनिस्तान संगठन का 25वां पर्यवेक्षक है।

37. चीन ने मंगल ग्रह पर अपना पहला स्वतंत्र मिशन "तियानवेन -1" सफलतापूर्वक लॉन्च किया।

नोट: चीन ने 2011 में एक रूसी रॉकेट पर मंगल ग्रह के लिए निर्धारित एक ऑर्बिटर लॉन्च किया था, लेकिन रॉकेट में खराबी के कारण मिशन असफल हो गया। तियानवेन -1, जिसके नाम का अर्थ है "स्वर्ग से सवाल", एक संयुक्त ऑर्बिटर, लैंडर और रोवर है जिसका उद्देश्य मंगल ग्रह के पर्यावरण का पता लगाना और जीवन के संकेतों की खोज करना है।

38. भारत ने अपनी पड़ोसी पहले नीति को बढ़ावा देने के लिए पड़ोसी देश बांग्लादेश को 10 रेल इंजन दिए।

नोट: भारत ने बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना की भारत की यात्रा के दौरान उन्हें ब्रॉड गेज डीजल इंजन उपलब्ध कराने का वचन दिया था। सुपुर्दगी कार्यक्रम वर्चुअली आयोजित किया गया था और इसमें भारतीय विदेश मंत्री एस. जय शंकर, रेल मंत्री पीयूष गोयल और उनके बांग्लादेशी समकक्षों ने भाग लिया था।

39. वर्ल्ड वाइल्डलाइफ क्राइम रिपोर्ट 2020, **यूनाइटेड नेशन्स ऑफिस ऑन ड्रग्स एंड क्राइम** द्वारा प्रकाशित की जाती है, जिसमें कहा गया है कि भारत और थाईलैंड बाघों के अंगों के अवैध भंडारण के मुख्य स्रोत (82%) हैं।

नोट: रिपोर्ट के अनुसार थाईलैंड और भारत बाघ अंगों के अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में जब्त किए गए शिपमेंट के लिए मुख्य स्रोत देश हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत और थाईलैंड 82% बाघ के शरीर के अंगों के अवैध शिपमेंट के स्रोत हैं।बाघ के शरीर के अंगों में अनेक औषधीय गुण होते हैं। बाघ की हड्डियों से बनी दवाओं का उपयोग अस्थि बंधन चोटों, जोड़ों और हड्डियों के फ्रैक्चर को ठीक करने के लिए किया जाता है।

40. भारत के सहयोग से 300 वर्ष पुराने काली मंदिर का पुनर्निर्माण **बांग्लादेश** देश में किया जा रहा है।

नोट: भारत के उच्च प्रभाव सामुदायिक विकास परियोजना (HICDP) के तहत पुनर्निर्माण 97 लाख बांग्लादेशी टका की भारतीय अनुदान सहायता और 1.33 करोड़ की बांग्लादेशी टका की कुल लागत के साथ हो रहा है।

41. दिल्ली सरकार ने एक नि:शुल्क वेबसाइट 'रोजगार बाजार 2020' शुरू की है, जो नौकरी के इच्छुकों और नियोक्ताओं को एक मंच पर जोड़ेगी।

नोट: पोर्टल नौकरी के इच्छुकों और नियोक्ताओं को एक मंच पर जोड़ता है। पोर्टल का उद्देश्य दिल्ली में अर्थव्यवस्था और रोजगार को बढ़ावा देना है। इस वेबसाइट में, नियोक्ता और कंपनियां अपनी नौकरी और रिक्तियों को दर्ज कर सकते हैं।

42. अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन (ISA) के तत्वावधान में NTPC लिमिटेड ने पड़ोसी देश **श्रीलंका** में सौर ऊर्जा संयंत्रों की स्थापना करने की योजना बनाई है।

नोट: सीलोन इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड (CEB) की स्थापित बिजली उत्पादन क्षमता लगभग 35.8 गीगावॉट (GW) है। 62.91 गीगावॉट की स्थापित क्षमता वाला NTPC का श्रीलंका सोलर पार्क ISA के सदस्य देशों को 10

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

गीगावॉट सौर क्षमता बनाने में मदद करने के लिए एक अनुबंध है।

43. भारत ने **जिम्बाब्वे** देश के साथ पारंपरिक चिकित्सा और होम्योपैथी प्रणाली के क्षेत्र में सहयोग पर एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।

नोट: समझौता ज्ञापन का उद्देश्य समानता और पारस्परिक लाभ के आधार पर दोनों देशों के बीच पारंपरिक चिकित्सा और होम्योपैथी प्रणालियों को बढ़ावा देना है।

44. SABIC का पॉली कार्बोनेट केंद्र **स्पेन** देश में पूरी तरह से नवीकरणीय ऊर्जा पर चलने वाला दुनिया का पहला बड़े पैमाने पर रासायनिक उत्पादन संयंत्र बनेगा।

नोट: सौर संयंत्र शुरू होने के बाद, SABIC के ऑटोमोटिव और निर्माण क्षेत्रों के ग्राहकों के पास 100 प्रतिशत नवीकरणीय ऊर्जा के साथ उत्पादित पॉली कार्बोनेट के समाधान तक पहुंच होगी।

सम्मान एवं पुरस्कार

1. आधिकारिक सांख्यिकी में आजीवन उपलब्धियों के लिए प्रथम प्रोफेसर पी.सी. महालनोबिस पुरस्कार से **रघुराम राजन**
को सम्मानित किया गया।

नोट: उन्हें राष्ट्रीय आय के अनुमान से संबंधित मुद्दों में समाधान प्रदान करने में उनके योगदान के लिए आजीवन उपलब्धि पुरस्कार मिला। यह पुरस्कार सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (MoSPI) द्वारा वर्ष 2020 से शुरू किया गया है।

2. विजडन द्वारा भारत के 21वीं सदी के 'मोस्ट वैल्युएबल प्लेयर' (MVP) के रूप में **रविंद्र जडेजा को** नामित किया गया।

नोट: उन्होंने वर्ष 2009 में करियर की शुरुआत की और वर्ष 2020 तक 49 टेस्ट मैचों, 165 एकदिवसीय और 49 T20I में भारत का प्रतिनिधित्व किया। जडेजा की MVP रेटिंग श्रीलंका के मुथैया मुरलीधरन के बाद लगभग 97.3 है जो उन्हें 21वीं सदी का दूसरा सबसे मूल्यवान टेस्ट प्लेयर बनाती है।

3. भारतीय-अमेरिकी जिन्हें कार्नेगी कॉर्पोरेशन द्वारा '2020 ग्रेट इमिग्रेंट्स' के रूप में सम्मानित किया जाएगा -- **डॉ. सिद्धार्थ मुखर्जी और प्रोफेसर राज चेट्टी।**

नोट: प्रख्यात जीवविज्ञानी, ऑन्कोलॉजिस्ट और लेखक सिद्धार्थ मुखर्जी को अपनी पुस्तक: 'द एम्परर ऑफ ऑल मैलाडीज: ए बायोग्राफी ऑफ कैंसर' के लिए 2011 में पुलित्जर पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। राज चेट्टी को COVID-19 के लिए रियल टाइम इकोनॉमिक इफेक्ट मॉनिटर लॉन्च करने के प्रयासों के लिए पुरस्कार प्राप्तकर्ता के रूप में चुना गया था।

4. सरकार ने **पी.वी. नरसिम्हा राव को** सम्मानित करने के लिए स्मारक डाक टिकट जारी करने की घोषणा की।

नोट: पी.वी. नरसिम्हा राव ने 1991 से 1996 तक 9वें प्रधानमंत्री के रूप में कार्य किया। वह एकमात्र गैर-गांधी हैं जिन्होंने प्रधानमंत्री के रूप में कार्यकाल पूरा किया। वह दक्षिण भारत से आने वाले देश के पहले प्रधानमंत्री भी थे। 28 जून, 2020 को उनकी 100वीं जयंती मनाई गई।

5. **नागालैंड** के मोन जिले को 65वें SKOCH शिखर सम्मेलन 2020 में तीन श्रेणियों के तहत 2020 SKOCH पुरस्कार मिला।

नोट: भारतीय डाक भुगतान बैंक (IBBP) के माध्यम से बैंक खाते खोलने के मिशन मोड कार्यान्वयन पर ध्यान केंद्रित करने के लिए SKOCH क्रूसिबल पुरस्कार प्रदान किया गया। COOID-19 के प्रसार को

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

रोकने के लिए अपनी त्वरित और उन्नत प्रतिक्रिया और नागरिकों की सहायता के लिए घर तक जरूरी वस्तुएं पहुंचाने की इसकी पहल को SKOCH ऑर्डर ऑफ मेरिट प्रदान किया गया।

6. छात्र **फ्रीया ठकराल** को "रिसाइक्लर ऐप" के लिए 2020 डायना पुरस्कार मिला है।

   नोट: उसने दिल्ली के कचरा उठाने वालों की मदद के लिए उपयोगकर्ताओं को अपशिष्ट-हैंडलर से जोड़ने हेतु इस ऐप को विकसित किया। उसका रिसाइक्लर ऐप एक वेब-आधारित मोबाइल एप्लिकेशन है जो उपयोगकर्ताओं को अपशिष्ट हैंडलर से जोड़ता है।

7. **छत्तीसगढ़** राज्य के दर्पण पोर्टल और मोबाइल ऐप, जिसमें सरकार की योजनाओं का विवरण है, को डिजिटल इंडिया पहल के तहत आईटी संस्था एलाइट्स टेक्नोमेडिया द्वारा एलाइट्स एक्सीलेंस अवार्ड 2020 प्रदान किया गया।

   नोट: सरकार के आईटी क्षेत्र में नवाचार को प्रोत्साहित करने के लिए 10 जुलाई से 12 जुलाई तक आयोजित तीन दिवसीय वर्चुअल कॉन्फ्रेंस के दौरान ई-प्रमाण पत्र प्रदान किया गया था। सम्मेलन का उद्घाटन 10 जुलाई 2020 को केंद्रीय MSME मंत्री नितिन गडकरी द्वारा किया गया था।

8. **सचिन अवस्थी को** लंदन में एक वर्चुअल प्लेटफॉर्म पर एक वेबिनार के रूप में आयोजित ग्लोबल ह्यूमेनेटेरियन अवॉर्ड 2020 में "टॉप पब्लिसिस्ट" पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

   नोट: ग्लोबल ह्यूमेनेटेरियन अवार्ड 2020 को विश्व मानवतावादी अभियान (WHD) की माननीय पहल के एक हिस्से के रूप में स्थापित किया गया है। यह पुरस्कार उन लोकप्रिय पुरुषों और महिलाओं को सम्मानित करना है जो समाज और दुनिया को बेहतर बनाने में योगदान देते हैं।

9. **NTPC लिमिटेड** ने कॉर्पोरेट उत्कृष्टता श्रेणी में उत्कृष्ट दक्षता के तहत प्रतिष्ठित CII-ITC सस्टेनेबिलिटी अवार्ड 2019 जीता है।

   नोट: कंपनी को CSR की श्रेणी में महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए प्रशस्ति पत्र भी मिला है। CII-ITC सस्टेनेबिलिटी अवार्ड संवहनीयता कार्यप्रणाली में उत्कृष्टता की पहचान और पुरस्कृत करते हैं। इसे देश में संवहनीयता पहचान के लिए सबसे विश्वसनीय मंच माना जाता है।

10. प्रतिष्ठित दादासाहेब फाल्के पुरस्कार 2020 **केजेंग डी. थोंगडोक ने** जीता है।

    नोट: केजेंग डी. थोंगडोक ने अपनी डाक्यूमेंटरी "ची लूपो" के लिए 2020 दादा साहेब फाल्के पुरस्कार जीता। डॉक्यूमेंटरी ची लूपो, शेरटुकपेन समुदाय के रीति-रिवाजों और प्रथाओं को चित्रित करती है।

11. पॉल हैरिस फेलो सम्मान से **एडप्पदी के पलानीस्वामी** को सम्मानित किया गया है।

    नोट: यह सम्मान रोटरी संस्थापक, पॉल हैरिस के सम्मान में है जिन्होंने रोटरी फाउंडेशन में योगदान दिया। पॉल हैरिस फेलो सम्मान उन लोगों को कुशल सेवा के लिए दिया जाता है जो अपने लोगों को पेयजल, स्वच्छता, बीमारियों की रोकथाम, पर्यावरण, विश्व शांति आदि प्रदान करते हैं।

12. फुटबॉल क्लब मोहन बागान एथलेटिक क्लब द्वारा लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से **अशोक कुमार को** सम्मानित किया गया।

    नोट: क्लब ने COVID-19 महामारी के कारण 29 जुलाई 2020 को 2020 मोहन बागान दिवस के लिए कोई भी खेल कार्यक्रम नहीं आयोजित करने का फैसला किया। कोलकाता में उपलब्ध पुरस्कार विजेताओं को व्यक्तिगत रूप से पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे और अन्य पुरस्कार विजेताओं को यह पुरस्कार महामारी के बाद दिए जाएंगे।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

13. ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स में दुनिया के सबसे अमीर आदमी के रूप में रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (RIL) के चेयरमैन मुकेश अंबानी की रैंक **छठी** है।
नोट: लैरी पेज को 71.6 बिलियन अमेरिकी डॉलर के साथ सातवें स्थान पर, सर्गेई ब्रिन (69.4 बिलियन डॉलर) 9वें स्थान पर और एलोन मस्क (68.6 बिलियन अमेरिकी डॉलर) के साथ 10वें स्थान पर रखा गया है।वॉरेन बफेट को चैरिटी में 2.9 बिलियन अमेरिकी डॉलर देने के बाद 69.7 बिलियन के साथ 8वें स्थान पर रखा गया है।

14. वर्ष 2020 के लिए 'इन्फ्रा बिजनेस लीडर ऑफ द ईयर' पुरस्कार से **प्रकाश दुदेजा को** सम्मानित किया गया।
नोट: वह रेल भूमि विकास प्राधिकरण (RLDA) के उपाध्यक्ष हैं। उन्हें अवसंरचना विकास में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया है।

15. लॉकहीड मार्टिन के CEO जिम ताइक्लेट के साथ 2020 USIBC ग्लोबल लीडरशिप अवार्ड से **एन. चंद्रशेखरन** को सम्मानित किया गया।
नोट: हर वर्ष, USIBC ग्लोबल लीडरशिप अवार्ड को उत्कृष्ट नेतृत्व को सम्मानित करने और भारत-अमेरिका व्यापार को बढ़ावा देने के लिए अधिकारियों को प्रदान किया जाता है। इस पुरस्कार के पूर्व प्राप्तकर्ताओं में गूगल के CEO सुंदर पिचाई, गूगल के CEO एडेना फ्रीडमैन, अमेजन के CEO जेफ बेजोस और सन फार्मास्यूटिकल्स के संस्थापक और प्रबंध निदेशक दिलीप सांघवी शामिल हैं।

16. ग्वेन इफिल प्रेस फ्रीडम अवार्ड 2020 से **अमल क्लूनी** को सम्मानित किया गया।
नोट: प्रेस की स्वतंत्रता के प्रति उनके प्रयासों की सम्मान में, CPJ क्लूनी को अत्यधिक प्रतिष्ठित पुरस्कार प्रदान कर रहा है।वह हाल के वर्षों में CPJ की प्रबल समर्थक रही हैं और सरकारों से संकट में फंसे पत्रकारों को आपातकालीन वीजा प्रदान करने का आह्वान किया है। वह वर्तमान में मारिया रेसा, CPJ की 2018 ग्वेन इफिल पुरस्कार विजेता का प्रतिनिधित्व कर रही हैं, जिन्हें फिलीपींस में एक अपराध साइबर अपराध का दोषी ठहराया गया है।

17. **ग्रेटा थुनबर्ग को** 'गुलबेंकियन प्राइज फॉर ह्यूमैनिटी 2020' से सम्मानित किया जाएगा।
नोट: पर्यावरण कार्यकर्ता पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन पर केंद्रित संगठनों को पुरस्कार राशि दान करेगीं। थुनबर्ग पुरस्कार प्राप्त करने वाली पहली व्यक्ति हैं। उन्हें 43 देशों के 136 प्रत्याशियों में से चुना गया।

18. टून्ज मीडिया ग्रुप (TMG) द्वारा एनीमेशन मास्टर्स समिट (AMS) 2020 के भाग के रूप में स्थापित 'लीजेंड ऑफ एनिमेशन' पुरस्कार से **अर्णब चौधरी** से सम्मानित किया गया।
नोट: यह पुरस्कार भारत के एनीमेशन और मनोरंजन उद्योग में उनके अमूल्य योगदान के लिए प्रदान किया जा रहा है।

पुस्तकें एवं लेखक

1. "फ्यूचर ऑफ हायर एजुकेशन - नाइन मेगा ट्रेंड्स" पुस्तक **वी. पट्टाभि राम ने** लिखी।
नोट: भारत के उप-राष्ट्रपति, एम. वेंकैया नायडू ने वर्चुअली "फ्यूचर ऑफ़ हायर एजुकेशन - नाइन मेगा ट्रेंड्स" नामक पुस्तक का विमोचन किया।

2. "गेटिंग कॉम्पिटिटिव: ए प्रैक्टिशनर्स गाइड फॉर इंडिया" नामक पुस्तक **आर.सी. भार्गव ने** लिखी।
नोट: हार्पर कॉलिंस इंडिया द्वारा प्रकाशित पुस्तक, भारत को प्रतिस्पर्धी औद्योगिक देश बनाने के लिए व्यावहारिक सुझाव प्रदान करती है।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

3. "ओवरड्राफ्ट: सेविंग द इंडियन सेवर' नामक पुस्तक **उर्जित पटेल ने** लिखी।

नोट: पुस्तक नॉन-परफॉर्मिंग एसेट (NPA) मुद्दे पर केंद्रित है, जिसने हाल के वर्षों में भारतीय बैंकिंग, इसके कारणों और इससे निपटने में RBI गवर्नर के रूप में श्री पटेल के प्रयासों को प्रभावित किया है। यह हार्पर कॉलिंस इंडिया द्वारा प्रकाशित की गई है। पटेल ने '9R' रणनीति के साथ काम किया जो जमाकर्ताओं की बचत जमा की रक्षा करेगा, बैंकों को बचाएगा और उन्हें "अनैतिक चालबाजों" से बचाएगा।

4. 'ए सॉन्ग ऑफ इंडिया' पुस्तक **रस्किन बॉन्ड ने** लिखी है।

नोट: पुस्तक उनकी संस्मरण श्रृंखला का चौथा भाग है। पुस्तक एक सफल लेखक बनने से पहले उनके अज्ञात जीवन के बारे में बताती है। यह पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया मुहर के साथ पफिन बुक्स द्वारा प्रकाशित किया गया है।

5. 'हिज होलीनेस द फोरटीन्थ दलाई लामा: एन इलस्ट्रेटेड बायोग्राफी' नामक पुस्तक **तेनजिन गेयचे टेथॉन्ग ।**

नोट: पुस्तक रोली बुक्स द्वारा प्रकाशित की गई है।

6. "इफ इट ब्लीड्स" नामक पुस्तक **स्टीफेन किंग ने** लिखी।

नोट: पुस्तक हैचेट इंडिया द्वारा प्रकाशित है। पुस्तक की कहानी अल्बर्ट मैकड्रेड मिडिल स्कूल में एक बम के इर्द-गिर्द घूमती है। यह उनकी सर्वश्रेष्ठ रचना "द आउटसाइडर" की अगली कड़ी है।

7. 'द एंडगेम' नामक पुस्तक के लेखक **एस. हुसैन जैदी** हैं।

नोट: पुस्तक का प्रकाशन हार्पर कॉलिन्स इंडिया द्वारा किया गया है। "द एंडगेम" पाठकों को काम पर जटिल राजनीतिक तंत्र के करीब लाती है, जिसमें राज्य सुरक्षा, रक्षा सेवाएं और खुफिया एजेंसियां शामिल हैं।

8. "सूरज कदे मरदा नहीं" पुस्तक **बलदेव सिंह सड़कनामा ने** लिखी।

नोट: पुस्तक स्वतंत्रता सेनानी उधम सिंह के कई पहलुओं को दर्शाती है। पुस्तक यूनिस्टारबुक्स द्वारा प्रकाशित की गई है। पुस्तक को प्रकाशित कर दिया गया है और 31 जुलाई, 2020 को औपचारिक रूप से विमोचित की जाएगी।

9. "द इंडिया वे: स्ट्रेटेजीज़ फॉर ए अनसर्टेन वर्ल्ड" पुस्तक **डॉ. एस. जयशंकर** ने लिखी है।

नोट: पुस्तक हार्पर कॉलिंस इंडिया प्रकाशन के तहत प्रकाशित हुई थी। पुस्तक उन तीन बोझों के बारे में बताती है जो भारत की विदेश नीति वहन करती है। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत को न केवल अपने हितों की कल्पना करनी चाहिए बल्कि प्रभावी ढंग से संवाद करने का भी प्रयास करना चाहिए। पुस्तक का ई-संस्करण अमेज़न पर उपलब्ध है।

10. "क्वेस्ट फॉर रिस्टोरिंग फाइनेंशियल स्टेबिलिटी इन इंडिया" पुस्तक **विरल वी. आचार्य** ने लिखी है।

नोट: पुस्तक भारत में वित्तीय स्थिरता को बहाल करने के लिए अपनी खोज को दर्शाती है और निरंतर सुधार के लिए एक ठोस योजना प्रदान करती है। पुस्तक SAGE पब्लिकेशन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने प्रकाशित की है। पुस्तक मौद्रिक नीति समिति के सदस्य के रूप में उनके भाषणों, शोधों और टिप्पणियों का एक संकलन है, जो ज्यादातर केंद्रीय बैंकिंग से संबंधित हैं।

11. उप-राष्ट्रपति, एम. वेंकैया नायडू ने **एस. जयपाल रेड्डी** द्वारा लिखित 'टेन आइडियोलॉजी' पुस्तक के तेलुगु संस्करण "पडी भवजलालु" का अनावरण किया।

नोट: अनुवाद कल्लूरी भास्करम द्वारा किया गया था। पुस्तक का मूल अंग्रेजी संस्करण पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह द्वारा अगस्त 2018 में विमोचित किया गया था।

12. प्रतिष्ठित 2020 बुकर प्राइज के लिए चयनित 13 लेखकों में से 'बर्नट शुगर' नामक पुस्तक **अवनी दोशी** ने लिखी।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

नोट: उसी उपन्यास का एक संस्करण भारत में 'गर्ल इन वाइट कॉटन' शीर्षक से प्रकाशित हुआ है। पुस्तक एक महिला, तारा की कहानी है जिसने आश्रम में शामिल होने के लिए अपनी प्रेमविहीन विवाह का त्याग कर दिया और एक भिक्षुक के रूप में जीवनयापन किया।

विज्ञान एवं रक्षा

1. **मायलैब डिस्कवरी सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड** संस्थान ने 'कॉम्पैक्ट XL' नामक एक कार्ट्रिज-आधारित मशीन लॉन्च की है, जो एक बार में कई नमूनों का परीक्षण और संचलन कर सकेगी।
   नोट: यह मशीन लोगों से नमूने को लेकर उनका परीक्षण करने के लिए प्रयोगशाला तकनीशियनों की आवश्यकता को कम कर देगी, क्योंकि व्यक्ति इस मशीन को संचालित करने में सक्षम होगा। यह स्वचालित प्रणाली RNA/DNA आधारित परीक्षण, RT-PCR परीक्षण, प्लाज्मा, ऊतक, स्वाब और बलगम के नमूनों को जांचने में सक्षम होगी।
2. व्यापक सामरिक साझेदारी और समुद्री तट संबंधों को बढ़ावा देने के लिए भारतीय तटरक्षक बल (ICG) ने **इंडोनेशिया** देश के तटीय बल के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।
   नोट: COVID-19 महामारी के कारण वैश्विक यात्रा प्रतिबंधों के बीच वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए थे। इस समझौता ज्ञापन का उद्देश्य समुद्री कानून प्रवर्तन, समुद्री खोज और बचाव तथा समुद्री प्रदूषण प्रतिक्रिया में सहयोग और सहकारी भागीदारी को बढ़ाना है।
3. भारतीय कंपनी **लॉयल टेक्सटाइल मिल्स** ने रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड और स्विट्जरलैंड स्थित HeiQ मैटेरियल AG के साथ मिलकर दुनिया में अपनी तरह का पहला दोबारा प्रयोग होने वाला फेस मास्क और PPE किट लॉन्च किया है।
   नोट: दोबारा प्रयोग होने वाला फेस मास्क और PPE किट रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड और स्विट्जरलैंड स्थित HeiQ मैटेरियल AG के सहयोग से लॉयल टेक्सटाइल मिल्स द्वारा लॉन्च किया गया था। लॉयल टेक्सटाइल मिल्स द्वारा दोबारा प्रयोग होने वाले मास्क और PPE किट के साथ, शून्य वायरस के साथ दोबारा प्रयोग होने वाले कपड़ों का भी अनावरण किया गया।
4. इज़राइल वेपन इंडस्ट्रीज असॉल्ट राइफ़ल- अरद और कार्मेल का निर्माण भारत के **मध्य प्रदेश** राज्य में PLR सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड में किया जाएगा।
   नोट: इससे घरेलू लघु हथियार उद्योग के साथ-साथ मेक इन इंडिया पहल को बढ़ावा देगा। IWI कार्मेल असॉल्ट राइफल और अरद असॉल्ट राइफल दोनों 5.56 X 45 मिमी कैलिबर की हैं, कार्मेल असॉल्ट राइफल की प्रति मिनट रेट ऑफ फायर (RPM) 700-1000 राउंड के बीच है।
5. भारतीय सेना ने **इजराइल** देश से अत्याधुनिक स्पाइक फायरली "लॉइटरिंग" एम्युनिशन प्राप्त किया है।
   नोट: स्पाइक फायरली का विकास इजरायल की कंपनी-राफेल एडवांस्ड डिफेंस सिस्टम और इजरायल के रक्षा मंत्रालय के संयुक्त उपक्रम के तहत किया गया है। स्पाइक फायरली में "लॉइटरिंग" क्षमता है और इसे एक सैनिक अपनी किट के रूप में ले जा सकता है। स्पाइक फायरली बिना किसी विशेष कौशल की आवश्यकता के एक उपयोगकर्ता द्वारा मेज से संचालित किया जा सकता है।
6. वर्ष **2032** तक भारतीय नौसेना को DRDO द्वारा विकसित किए जा रहे एयरक्राफ्ट कैरियर-आधारित दो इंजन वाले लड़ाकू विमान मिल जाएंगे।
   नोट: यह वर्तमान सेवा वाले मिग -29 K को प्रतिस्थापित करेगा जो 2034 तक बाहर हो जाएंगे।नौसेना वर्तमान में रूस के एयरक्राफ्ट कैरियर INS विक्रमादित्य का संचालन करती है और वर्ष 2022

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

तक पहले स्वदेशी एयरक्राफ्ट कैरियर (IAC-I) विक्रांत के परिचालन की उम्मीद है।

7. **IIT कानपुर** ने आसपास के परिवेश को कोविड मुक्त रखने के लिए एक पराबैंगनी (UV) सैनिटाइजिंग उत्पाद, 'SHUDH' विकसित किया है।

   नोट: SHUDH एक स्मार्टफोन संचालित छोटा UV कीटाणुशोधन सहायक है। यह विशेष रूप से अस्पताल, होटल, मॉल, कार्यालय और स्कूलों सहित आसपास के परिवेश को COVID मुक्त बनाने में मदद करता है। SHUDH में 15 वाट की 6 UV लाइट हैं, जिनकी दूर से अलग-अलग निगरानी की जा सकत है।

8. **इंटरनेशनल एडवांस्ड रिसर्च सेंटर फॉर पाउडर मेटलर्जी एंड न्यू मैटेरियल** संस्थान के वैज्ञानिकों ने औद्योगिक अपशिष्ट कपास से कम लागत का पर्यावरण के अनुकूल उच्च संधारित्र विकसित किया।

   नोट: संधारित्र का उपयोग एनर्जी हार्वेस्टर स्टोरेज डिवाइस के रूप में किया जा सकता है। वैज्ञानिकों ने प्राकृतिक समुद्री जल का उपयोग जलीय विद्युत अपघट्य के रूप में किया है। इससे उच्च संधारित्र की लागत बहुत कम हो गई है।

9. **IIT दिल्ली** ने दुनिया की सबसे सस्ती रिवर्स ट्रांसक्रिप्शन पॉलीमरेज़ चेन रिएक्शन (RT-PCR) आधारित COVID-19 डायग्नोस्टिक किट "कोरोस्योर" विकसित की है।

   नोट: किट को मानव संसाधन विकास मंत्री (MoHRD) रमेश पोखरियाल 'निशंक' द्वारा ई-लॉन्च किया गया।इसे भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (ICMR) और ड्रग्स कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया (DCGI) द्वारा मंजूर किया गया था।

10. निमोनिया के खिलाफ भारत का पहला पूर्ण रूप से स्वदेश विकसित वैक्सीन, 'न्यूमोकोकल पॉलीसेकेराइड कंजुगेट वैक्सीन' जिसे ड्रग कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया (DCGI) से मंजूरी मिली, इसे **सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया प्राइवेट लिमिटेड** द्वारा विकसित किया गया।

    नोट: वैक्सीन को इंट्रामस्क्युलर तरीके से लिया जाता है। सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया ने पहले भारत में चरण I, II और III क्लीनिकल ट्रायल के लिए DCGI की स्वीकृति प्राप्त की। ये परीक्षण तब देश के अंदर संपन्न हुए हैं। कंपनी ने गैम्बिया में भी क्लिनिकल ट्रायल किए।

11. भारतीय नौसेना ने हिंद महासागर क्षेत्र में **अमेरिका** देश की नौसेना के साथ एक अभ्यास 'PASSEX' किया।

    नोट: USS निमित्ज़ के नेतृत्व में अमेरिकी नौसेना कैरियर स्ट्राइक ग्रुप और भारतीय नौसेना ने समुद्री अभ्यास PASSEX आयोजित किया, जिसका उद्देश्य दोनों देशों की नौसेनाओं के बीच पारस्परिकता को बढ़ाना है। निमित्ज कैरियर स्ट्राइक ग्रुप दक्षिण चीन सागर से खाड़ी क्षेत्र में तैनात होने के मार्ग पर बढ़ रहा है। भारतीय नौसेना ने हाल ही में जापानी और फ्रांसीसी नौसेना के साथ ऐसा ही संयुक्त अभ्यास किया था।

12. तीन दिनों तक चलने वाली एयर फोर्स कमांडर कॉन्फ्रेंस भारत के **नई दिल्ली** शहर में आयोजित की जाएगी।

    नोट: एयर फोर्स कमांडर कॉन्फ्रेंस की अध्यक्षता वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल आर.के.एस. भदौरिया करेंगे। तीन दिवसीय सम्मेलन के दौरान चर्चाएं वर्तमान परिचालन परिदृश्य और तैनाती का जायजा लेंगी।

13. **डलहौजी** विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने एक नया ऐप पेश किया है, जो इस बात पर चिंता और अवसाद जैसी मानसिक स्थितियों का पता लगा सकता है कि आप अपने फोन का उपयोग कैसे करते हैं।

    नोट: ऐप को PROSIT कहा जाता है और इसमें व्यायाम, नींद, कॉल, मैसेज हिस्टी और संगीत चयन जैसी निगरानी संबंधी विशेषताएं शामिल हैं।

14. स्पेसएक्स ने **दक्षिण कोरिया** देश का पहला सैन्य उपग्रह "ANASIS-II" सफलतापूर्वक लॉन्च किया।

    नोट: उपग्रह को फाल्कन 9 रॉकेट द्वारा जियोस्टेशनरी ट्रांसफर ऑर्बिट (GTO) में स्थापित किया गया। यह

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

अमेरिका के फ्लोरिडा में केप कैनवेरल एयर फोर्स स्टेशन से लॉन्च किया गया था।

15. स्वदेशी रूप से विकसित एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल जिसे भारत द्वारा चांदीपुर में इंटीग्रेटेड टेस्ट रेंज से सफलतापूर्वक लॉन्च किया गया -- **ध्रुवास्त्र।**

नोट: ध्रुवास्त्र एक एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल (ATGM) है जिसे रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) द्वारा विकसित किया गया है। यह 'नाग हेलिना' का एक हेलीकॉप्टर संस्करण है।

16. भारत को ऊंचाई वाले क्षेत्रों और पर्वतीय इलाकों में सटीक निगरानी करने के लिए 'भारत' ड्रोन प्राप्त हुआ, इसे **रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO)** द्वारा विकसित किया गया था।

नोट: भारत ड्रोन एक ड्रोन श्रृंखला है जो दुनिया के सबसे हल्के और तेज ड्रोन सर्विलांस सिस्टम में से है और भारत में बनाया गया है। भारत ड्रोन कृत्रिम बुद्धिमत्ता से लैस हैं जो ड्रोन को दुश्मनों में से दोस्तों का पता लगाने में मदद करता है और तदनुसार कोई कार्यवाही करने में मदद करता है।

17. नासा **ब्रह्मांड (COSMOS)** अध्ययन करने के लिए एस्ट्रोफिजिक्स स्ट्रेटोस्फेरिक फॉर हाई स्पेक्ट्रल रिजॉल्यूशन ऑबजर्वेशन ऐट सबमिलीमीटर-वेवलेंथ (ASTHROS) नामक एक नए मिशन पर काम कर रहा है।

नोट: एस्ट्रोफिजिक्स स्ट्रेटोस्फेरिक फॉर हाई स्पेक्ट्रल रिजॉल्यूशन ऑबजर्वेशन ऐट सबमिलीमीटर-वेवलेंथ (ASTHROS) मिशन को अंटार्कटिका से 2023 तक लॉन्च किया जाएगा।

18. FAO द्वारा जारी ग्लोबल फॉरेस्ट रिसोर्सेज असेस्मेंट रिपोर्ट के अनुसार, शीर्ष 10 देशों में भारत की रैंक **तीसरी** है, जहां पिछले एक दशक में वन आच्छादन में वृद्धि हुई है।

नोट: खाद्य एवं कृषि संगठन हर पांच वर्ष में एक बार रिपोर्ट पेश करता है। रिपोर्ट में सदस्य देशों में वनों की स्थिति, उनकी स्थितियों और प्रबंधन का आकलन किया गया है।

19. **DRDO** संस्थान ने एक अभिनव प्रतियोगिता और खुली चुनौती "डेयर टू ड्रीम" शुरू की है जो देश में अन्वेषकों और स्टार्टअप को बढ़ावा देती है।

नोट: 'डेयर टू ड्रीम' एक खुली चुनौती है जो देश में अन्वेषकों और स्टार्ट-अप्स को बढ़ावा देती है। इसे नई तकनीकों को बढ़ावा देने के लिए लॉन्च किया गया है। यह चुनौती एयरोस्पेस प्रौद्योगिकियों में नवाचार के लिए व्यक्तियों और स्टार्ट-अप को प्रोत्साहित करती है। विजेताओं के लिए पुरस्कार राशि 10 लाख रुपये तक है। प्रतियोगिता का शुभारंभ रक्षा मंत्री राज नाथ सिंह ने किया।

20. **सत्येंद्र नाथ बोस नेशनल सेंटर फॉर बेसिक साइंसेज (SNBNCBS)** संस्थान ने नवजातों में "नो-टच" और "पेनलेस" नॉन-इन्वेसिव बिलिरूबिन लेवल स्क्रीनिंग के लिए "AJO-Neo" नामक एक उपकरण विकसित किया है।

नोट: अध्ययन के अनुसार यह उपकरण मासिक धर्म या कालानुक्रमिक उम्र, लिंग, जोखिम कारकों, भोजन के व्यवहार या त्वचा के रंग पर ध्यान दिए बिना समय से पहले जन्मे और समय से जन्मे नवजातों में बिलिरूबिन लेवल मापने में सक्षम है। यह डॉक्टर को दूर से ही 10 सेकंड में रिपोर्ट दे सकता है।

21. AMESYS INDIA के साथ सेन्ट्रल साइंटिफिक इंस्ट्रूमेंट ऑर्गनाइजेशन (CSIO) द्वारा विकसित सूक्ष्मजीव परिशोधन बॉक्स का नाम **सुरक्षा** है।

नोट: बॉक्स ऊष्मा और UVC प्रकाश का उपयोग करके 10 - 15 मिनट में किसी वस्तु को सैनेटाइज करता है। UVC प्रकाश 200 - 280 नैनोमीटर के बीच तरंग दैर्ध्य वाला पराबैंगनी प्रकाश है।

22. **डिफेंस इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस टेक्नोलॉजी (DIAT)** संस्थान ने वायरस के प्रसार को रोककर या कम करके

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

COVID -19 से निपटने के लिए एक मेडिकल बेड आइसोलेशन सिस्टम 'आश्रय' विकसित किया है।

नोट: यह मेडिकल बेड आइसोलेशन सिस्टम किफायती, दुबारा इस्तेमाल योग्य समाधान है जो COVID-19 रोगियों से उचित दूरी को बनाए रखने के लिए उच्छश्वसन के पास एक खिंचाव या नकारात्मक दाब बनाकर, एरोसॉल को फिल्टर और कीटाणुरहित करता है। बेड आइसोलेशन सिस्टम आवरण विशेष सामग्री से बने होते हैं।

खेल समाचार

1. नेशनल एंटी डोपिंग एजेंसी का पहला मोबाइल ऐप "नाडा ऐप" **किरेन रिजिजू** ने लॉन्च किया।

   नोट: हाल ही में लॉन्च किए गए मोबाइल एप्लिकेशन का उद्देश्य खेल के विभिन्न पहलुओं, निषिद्ध पदार्थों के साथ-साथ डोप-परीक्षण पर सहज जानकारी देकर नाडा और एथलीटों के बीच की दूरी को कम करना है।

2. देश का 66वां ग्रैंडमास्टर **जी. आकाश है।**

   नोट: आकाश को पिछले साल मजहितर (सिक्किम) में राष्ट्रीय वरिष्ठ शतरंज चैंपियनशिप में अपना तीसरा ग्रैंडमास्टर मानक मिला, लेकिन उनकी रेटिंग 2500 के आवश्यक एलो मार्क से कम रह गई। उन्होंने उस रेटिंग तक पहुंचने के लिए दुनिया भर में पांच और टूर्नामेंट खेले। उन्होंने मार्च में बैड वॉरिशोफ़ेन (जर्मनी) में अपना अंतिम मानक प्राप्त किया।

3. क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (CSA) के वार्षिक पुरस्कार समारोह में पुरुषों का 'क्रिकेटर ऑफ द ईयर' **क्विटन डि कॉक को** चुना गया।

   नोट: 27 वर्षीय खिलाड़ी को टेस्ट क्रिकेटर ऑफ द ईयर भी मिला, जबकि युवा सलामी बल्लेबाज लौरा वोलवार्ड ने महिलाओं का 'क्रिकेटर ऑफ द ईयर' और ODI क्रिकेटर ऑफ द ईयर पुरस्कार अपने नाम किया। तेज गेंदबाज लुंगी निडी को ODI और T20 'प्लेयर ऑफ द ईयर' नामित किया गया, जबकि डेविड मिलर को प्रशंसकों का पसंदीदा खिलाड़ी चुना गया।

4. ऑस्ट्रियन ग्रैंड प्रिक्स 2020 **वाल्टेरी बोटास** ने जीती।

   नोट: ऑस्ट्रियन ग्रैंड प्रिक्स 2020 फॉर्मूला वन सीज़न की पहली रेस थी। फेरारी के चार्ल्स लेक्लर्क दूसरे स्थान पर जबकि मैकलारेन के लैंडो नॉरिस तीसरे स्थान पर रहे। एक अन्य मर्सिडीज रेसर लुईस हैमिल्टन को 5 सेकंड का जुर्माना दिया गया जिसने उन्हें दूसरे स्थान से चौथे स्थान पर पहुंचा दिया।प्रतियोगिता रेड बुल रिंग में दर्शकों के बिना आयोजित की गई थी।

5. दो बार के ओलंपिक बैडमिंटन चैंपियन **चीन के** लिन डैन ने संन्यास की घोषणा की।

   नोट: अपने 20 वर्ष के शानदार राष्ट्रीय टीम करियर के दौरान, उन्होंने 2008 में बीजिंग और 2012 में लंदन खेलों में ओलंपिक एकल खिताब जीते।

6. फार्मूला वन सीजन की पहली ऑस्ट्रियाई ग्रांड प्रिक्स 2020 **वाल्टेरी बोटास ने** जीता।

   नोट: ऑस्ट्रियाई ग्रैंड प्रिक्स 2020 फॉर्मूला वन सीजन की पहली रेस थी। फेरारी के चार्ल्स लेक्लर्स दूसरे स्थान पर जबकि मैकलारेन के लैंडो नॉरिस तीसरे स्थान पर रहे। एक अन्य मर्सिडीज रेसर लुईस हैमिल्टन पर 5 सेकंड का दंड लगाया गया जिसने उन्हें दूसरे स्थान से चौथे स्थान पर पहुंचा दिया।

7. मिस्र की **स्क्वैश खिलारी** रानेम अल वेली ने अपने सन्यास की घोषणा की।

   नोट: मिस्र की नूरान गोहर ने वेली के सन्यास के बाद नंबर 1 रैंकिंग हासिल की। रानेम अल वेली 2015 में शीर्ष रैंकिंग स्क्वैश खिलाड़ी बनी और किसी भी खेल में

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

दुनिया की शीर्ष रैंकिंग हासिल करने वाली पहली अरब महिला बन गई।

8. जोशना चिनप्पा **स्क्वैश** खेलों से संबंधित हैं जिन्होंने विश्व महिला रैंकिंग 2020 में 10वां स्थान हासिल किया।

नोट: वह पहली बार 2016 में एक अन्य भारतीय महिला स्क्वैश खिलाड़ी दीपिका पल्लीकल के बाद शीर्ष 10 की सूची में शामिल हुईं। भारत के शीर्ष पुरुष स्क्वैश खिलाड़ी सौरव घोषाल, प्रोफेशनल स्क्वैश एसोसिएशन (PSA) रैंकिंग में 13वें स्थान पर बने हुए हैं।

9. स्पीलबर्ग, ऑस्ट्रिया में रेड बुल रिंग में स्टायरियन ग्रां प्री 2020 **लुईस हैमिल्टन ने** जीती।

नोट: वाल्टेरी बोटास (मर्सिडीज-फिनलैंड) दूसरे स्थान पर रहे जबकि मैक्स वेर्स्टाप्पेन (रेड बुल- बेल्जियम) तीसरे स्थान पर रहे। यह 2020 फॉर्मूला वन वर्ल्ड चैंपियनशिप की दूसरी रेस थी और स्टायरियन ग्रैंड प्रिक्स की पहली रेस थी।

10. एशियाई क्रिकेट परिषद (ACC) ने एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट को **जून 2021** तक स्थगित करने की घोषणा की है।

नोट: यह टूर्नामेंट पहले सितंबर 2020 में आयोजित होने वाला था। भारत टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे सफल टीम है और पिछले दो टूर्नामेंट जीतकर गत विजेता है।

11. माइल जेडिनक **सॉकर** खेल से संबंधित हैं, जिन्होंने खेल से अपने सन्यास की घोषणा की है।

नोट: पूर्व सॉकरोस कप्तान माइल जेडिनक ने खेल से अपने सन्यास की घोषणा की है। सॉकरोस ऑस्ट्रेलिया की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम का आधिकारिक उपनाम है जो अंतर्राष्ट्रीय पुरुष फुटबॉल में ऑस्ट्रेलिया का प्रतिनिधित्व करती है।

12. ऑस्ट्रेलियाई **फुटबॉल** खिलाड़ी माइल जेडिनक ने अपने सन्यास की घोषणा की।

नोट: वह 2010, 2014, 2018 फीफा विश्व कप खेल चुके हैं। माइल ने अपने देश में 2015 एशियाई कप जीतने के लिए 'सॉकरोज़' की कप्तानी की। उन्होंने अपने करियर में कई क्लबों का प्रतिनिधित्व किया।

13. अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति ने COVID 19 महामारी के कारण डैकर 2022 युवा ओलंपिक खेलों को **2026** तक स्थगित कर दिया।

नोट: डैकर 2022 के स्थगन से IOC, राष्ट्रीय ओलंपिक समितियों (NOC) और अंतर्राष्ट्रीय संघों (IF) को उनकी गतिविधियों की बेहतर योजना बनाने की सुविधा मिलेगी, जो ओलंपिक खेलों टोक्यो 2020 के स्थगन से काफी प्रभावित हुई हैं।

14. **फुटबॉल** खिलाड़ी मार्कस रशफोर्ड मैनचेस्टर यूनिवर्सिटी से मानद डिग्री प्राप्त करने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने।

नोट: वह एक फुटबॉलर के रूप में और बाल निर्धनता के खिलाफ एक जोशीले प्रचारक के रूप में अपनी उपलब्धियों के लिए डिग्री प्राप्त करेंगे। वह मानद डॉक्टरेट प्राप्त करके मैनचेस्टर युनाइटेड के दिग्गजों सर एलेक्स फर्ग्यूसन और सर बॉबी चार्लटन के पदचिन्हों पर चलेंगे।

15. हंगरोरिंग, मोगयोरोड, हंगरी में फॉर्मूला -1 हंगरी ग्रैंड प्रिक्स 2020 **लुईस हैमिल्टन ने** जीती।

नोट: लुईस हैमिल्टन ने हंगरी के मोगयोरोड, हंगरोरिंग में फॉर्मूला -1 हंगरी ग्रैंड प्रिक्स 2020 जीती। मैक्स वेर्स्टाप्पेन (डच-रेड बुल) दूसरे स्थान पर, वाल्टेरी बोटास (मर्सिडीज- फिनलैंड) तीसरे स्थान पर थे। हंगरी ग्रैंड प्रिक्स 2020 फॉर्मूला वन वर्ल्ड चैंपियनशिप 2020 की तीसरी रेस थी।

16. विश्व कप विजेता **जर्मनी के** प्रसिद्ध फुटबॉलर आंद्रे शुर्ले ने खेल से सन्यास की घोषणा की।

नोट: उन्होंने 2014 फीफा विश्व कप जीतने के लिए अपने देश की मदद की। उन्होंने 22 मैचों में जर्मनी का प्रतिनिधित्व किया, 22 गोल किए। वह 2013-15 से चेल्सी के लिए भी खेले और 2015 में प्रीमियर लीग विजेता पदक भी जीता।

17. मोटो ग्रैंड प्रिक्स 2020 **फैबियो क्वार्टेरेरो ने** जीती।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

नोट: 21 वर्षीय क्वार्टेरेरो, जो यमाहा सैटेलाइट आउटफिट के लिए सवारी करते हैं, ने पोल पोजीशन से शुरूआत की और जब विश्व विजेता मार्केज़ लैप 20 में दुर्घटनाग्रस्त हो गए तो उनका मुख्य खतरा दूर हो गया।

18. एस्टाडियो अल्फ्रेडो डि स्टेफनो में विल्लारियल को 2-1 से हराने के बाद 34वीं बार ला लीगा चैंपियंस खिताब फुटबॉल क्लब **रियल मैड्रिड** ने जीता।

नोट: करीम बेंजेमा विल्लारियल के खिलाफ 2-1 की जीत में शीर्ष स्कोरर थे। रियल मैड्रिड, जो 37 मैचों में से 26 जीत के साथ शीर्ष स्थान पर हैं, 20 जुलाई को 2019-2020 ला लीगा सत्र के अपने अंतिम खेल में लेगनेस के साथ मुकाबला करेगा। पिछली बार टीम ने 2017 में खिताब जीता था।

19. COVID-19 के कारण ICC पुरुष T 20 विश्व कप औपचारिक रूप से **2022** तक स्थगित कर दिया गया है।

नोट: T20 विश्व कप को अक्टूबर-नवंबर, 2022 में पुनर्निर्धारित करने के अलावा, ICC बोर्ड ने भारत में 2023 के एकदिवसीय विश्व कप को फरवरी-मार्च, 2023 के निर्धारित समय से अक्टूबर-नवंबर, 2023 में करने का भी निर्णय लिया।

20. **बहरीन** देश को अयोग्य ठहराए जाने के बाद भारत के 2018 एशियाई खेलों के मिश्रित रिले पदक को स्वर्ण में बदल दिया गया।

नोट: बहरीन की टीम को अयोग्य ठहराए जाने के बाद स्वर्ण में बदल दिया गया, वे 4 × 400 मिश्रित रिले फाइनल में पहले स्थान पर रहे थे। बहरीन टीम को अयोग्य घोषित कर दिया गया क्योंकि बहरीन की केमी एडेकोया को डोप परीक्षण में विफल पाए जाने के लिए एथलेटिक्स इंटिग्रिटी यूनिट द्वारा 4 वर्ष का प्रतिबंध लगाया गया है।

21. **हरियाणा** राज्य 2021 टोक्यो ओलंपिक के बाद खेलो इंडिया यूथ गेम्स के चौथे संस्करण की मेजबानी करेगा।

नोट: यह घोषणा राज्य के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर और केंद्रीय खेल मंत्री किरेन रिजिजू ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से की। खेल पंचकूला में आयोजित किए जाएंगे। हरियाणा ने KIYG के तीनों संस्करणों में अच्छा प्रदर्शन किया है। जहां वे 2019 और 2020 दोनों संस्करणों (2020 में 200 पदक और 2019 में 159 पदक) में दूसरे स्थान पर रहे, वहीं हरियाणा ने 2018 में 102 पदकों (38 स्वर्ण, 26 रजत, 38 कांस्य) के साथ इसे जीता था।

22. 2019/20 सीज़न में 23 गोल करने के बाद प्रीमियर लीग्स गोल्डन बूट पुरस्कार **जैमी वर्डी** ने जीता।

नोट: उन्होंने प्रतिष्ठित व्यक्तिगत पुरस्कार प्राप्त करने के लिए आर्सेनल के स्ट्राइकर पियरे-एमरिक ऑबेमेयांग (22 गोल), साउथैम्पटन के डैनी इंग्स (22 गोल) और मैनचेस्टर सिटी के फॉरवर्ड खिलाड़ी राहीम स्टर्लिंग (20 गोल) को हराया।

23. बांग्लादेश के गेंदबाज **काज़ीएनिक इस्लामव्** को राष्ट्रीय क्रिकेट बोर्ड ने 2018 में डोप टेस्ट में विफल होने के कारण दो वर्ष के लिए प्रतिबंधित किया है।

नोट: बांग्लादेशी तेज गेंदबाज काजीएनिक इस्लाम पर 2018 में डोप टेस्ट में विफल रहने के लिए राष्ट्रीय क्रिकेट बोर्ड द्वारा 2 वर्ष का प्रतिबंध लगाया गया है। काजी, जो 2018 अंडर -19 विश्व कप में बांग्लादेश के शीर्ष विकेट लेने वाले खिलाड़ी थे, उसी वर्ष एक राष्ट्रीय क्रिकेट लीग के दौरान एक निषिद्ध पदार्थ मेथमफेटामाइन के लिए पॉजिटिव पाए गए थे। 21 वर्षीय खिलाड़ी ने अपराध स्वीकार किया। उनका दो वर्ष का प्रतिबंध 8 फरवरी, 2019 से शुरू हुआ।

24. न्यूयॉर्क के टाइम्स स्क्वायर में NASDAQ बिलबोर्ड पर दिखने वाला देश का पहला फुटबॉल क्लब **मोहन बागान** है।

नोट: क्लब की "131 साल की बेमिसाल विरासत" दिखाने वाले बिलबोर्ड ने प्रशंसकों को मोहन बागान के ISL चैंपियन ATK के साथ हाल ही में किए गए विलय के संदर्भ में "विश्वास करने का समय फिर से शुरू" की भी याद दिलाई।

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

25. रजत भाटिया ने **क्रिकेट** खेल से अपने सन्यास की घोषणा की।

नोट: उन्होंने 1999-2000 में तमिलनाडु के साथ अपने करियर की शुरुआत की, लेकिन अपना अधिकांश क्रिकेट दिल्ली के लिए खेला। भाटिया ने 112 प्रथम श्रेणी मैच खेले, 49.10 की औसत से 6482 रन बनाए और 137 विकेट लिए। उन्होंने 119 लिस्ट A मैच और 146 T-20 भी खेले।

----------0----------

Gradeup Green Card
Unlimited Access to All 700+ Bank & Insurance Mock Tests
CLICK HERE

gradeup

Gradeup Green Card

Features:

- 700 + Full-length Mocks
- 35+ Bank & Insurance Exams Covered
- Tests Available in English & Hindi
- Performance Analysis & All India Rank
- Previous Year Question Papers in Mock Format
- Available on Mobile & Desktop

GET IT ON Google Play

www.gradeup.co